✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 119 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 24 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## तृतीय नवदुर्गा : माता चंद्रघंटा



वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।
सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।

मां दुर्गा की तृतीय शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि विग्रह के तीसरे दिन इनकी पूजन किया जाता है। मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। नवरात्र की तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है।

### 26 सितंबर को होगा महिला सशक्तिकरण का महायज्ञ, नीतीश सरकार का महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का बड़ा तोहफा

# मोदी-नीतीश मिलकर लिखेंगे महिला सशक्तिकरण की कहानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की महिलाओं के लिए 26 सितंबर का दिन ऐतिहासिक दिन साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर कमलों से ऑनलाइन रहकर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को पहली किस्त 10-10 हज़ार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजेंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। बता दें कि 7,500 करोड़ यह राशि केवल आर्थिक मदद नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान की नई शुरुआत है। सिलाई-बुनाई, खेती या पशुपालन जैसे छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई यह पहल बिहार की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदलने वाली साबित हो सकती है। महिला रोजगार योजना का मूल उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाना है। इस पहल से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी बल्कि वे अपने परिवार और समाज में भी सम्मानजनक स्थान हासिल कर सकेंगी। खास बात यह है कि रोजगार शुरू करने के बाद महिलाओं को उनके व्यवसाय की प्रगति के आधार पर दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। यह कदम महिलाओं को लंबे समय तक मज़बूत आर्थिक आधार देने में सहायक साबित होगा। महिला रोजगार योजना का लाभ केवल वही महिलाएं उठा सकती हैं, जो बिहार की स्थायी निवासी हों। इसमें राज्य की ग्रामीण और शहरी–दोनों प्रकार की महिलाएं शामिल हैं। योजना के तहत आर्थिक सहायता पाने के लिए महिलाओं का जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना अनिवार्य है।



हालांकि जिन महिलाएं अभी तक जीविका से नहीं जुड़ी हैं, उनके लिए भी यह अवसर खुला है। उन्हें पहले स्वयं सहायता समूह की सदस्यता लेनी होगी। सदस्य बनने की प्रक्रिया सरल रखी गई है—इसके लिए निर्धारित आवेदन पत्र भरना होगा और आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को बेहद सरल और सुगम बनाया गया है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सीधे अपने ग्राम संगठन या जीविका समूह के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। वहां समूह की प्रतिनिधि उन्हें फॉर्म भरने और दस्तावेज जमा करने में सहयोग करेंगी। शहरी क्षेत्र की महिलाएं जीविका की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में फॉर्म भरने के बाद आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। इस योजना से बिहार के करोड़ों परिवारों की महिलाओं को सीधे लाभ मिलेगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा। स्वरोजगार और वित्तीय सहायता मिलने से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन सकेंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ बिहार के सतत विकास को गति देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। 26 सितंबर का दिन न केवल आर्थिक सहायता का प्रतीक होगा, बल्कि बिहार की महिलाओं के जीवन में नई खुशियों, अवसरों और स्थायी बदलाव की शुरुआत भी बनाएगा। इस योजना के माध्यम से हर महिला अपने सपनों को पूरा करने और समाज में सम्मानजनक स्थान हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंककर्मी पर अंधाधुंध फायरिंग, मचा हड़कंप

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बैंक कर्मी को गोली मार दी। हालांकि अभी तक अपराधियों के द्वारा बैंक कर्मी से लूट की बात सामने नहीं आई है। जिले के बैरगनिया पंचटकी राम मे बंधन बैंक के कर्मचारी को अपराधियों ने गोली मार कर जख्मी कर दिया। गोली से जख्मी युवक को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल में रेफर कर दिया।

### ट्रक चालक ने होमगार्ड के दो जवानों को रौंदा

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चकाई-चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के माधोपुर बाजार के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। रात्रि गश्ती के दौरान सड़क किनारे खड़ी पुलिस गश्ती वाहन को गिट्टी लदे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक होमगार्ड जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुलिस वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक होमगार्ड जवान की पहचान सोनो थाना क्षेत्र के केवाली गांव निवासी प्रवीण कुमार के रूप में हुई। वहीं घायल चालक खगड़िया निवासी सचिन कुमार हैं जिनका इलाज देवघर के एक अस्पताल में चल रहा है।

### दुर्गा पूजा पंडाल के पास करंट से छात्र की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के गौरक्षणी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। दुर्गा मंदिर के पास स्थित ट्रांसफर्मर से करंट लगने से डिहरी राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिगना गांव निवासी राजेश कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। मृतक के चाचा तरुण कुमार ने बताया कि दुर्गा मंदिर के पास पंडाल बनाया जा रहा था। पंडाल के बगल में स्थित ट्रांसफर्मर काफी नीचे लटका हुआ था। अभिषेक के ट्रांसफर्मर से सट जाने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री ने बेतिया को 1198 करोड़ एवं मोतिहारी को दी 628 करोड़ की सौगात

# आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को दो-दो लाख रुपये देगी बिहार सरकार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया/मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वाल्मीकिनगर में 1001 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 120 विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास और 197 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 237 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं पूर्वी चम्पारण जिले के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत सेमरा उच्च विद्यालय में 482 करोड़ 48 लाख की लागत से 17 विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास व 145 करोड़ 30 लाख की लागत 294 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बिहार में 2023 में जातीय एवं आर्थिक गणना कराई गई थी। इसमें 94 लाख ऐसे परिवार चिन्हित किए गए हैं, जो सभी जाति एवं धर्म के हैं, लेकिन आर्थिक रुप से कमजोर हैं। उनके जीवन स्तर को



सुधारने के लिए सरकार दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दो वर्ष के बाद इस तरह की गणना कराकर गरीबों के जीवन स्तर को सुधारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिहार में हरघर में 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने के बाद फैसला लिया है। अब इच्छुक उपभोक्ताओं के घर पर सूर्य घर(सोलर) जाएगा ताकि बिहार बिजली के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जाए। 2005 में एनडीए की सरकार बनी तो आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई थी। उसके बाद सरकार ने लगातार युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का काम कर रही है। दस लाख युवाओं को नौकरी और 49 लाख को रोजगार दिया जा चुका है। अब अगले पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देना है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्ष से बिहार में कानून का राज है। सीएम ने कहा कि मरीजों को बेहहर सुविधा एवं मेडिकल की पढ़ाई के लिए बिहार के सभी जिलों में मेडिकल कालेज खोलने का कार्य चल रहा है। पहले बिहार में छह मेडिकल कालेज थे। अब इनकी संख्या 12 हो गई है। सात अन्य जिलों में मेडिकल कालेज की स्थापना शीघ्र हो जाएगाी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां बिहार पुलिस में सबसे अधिक महिलाएं हैं। इससे महिलाओं को त्वरित न्याय मिल रही है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी आदि मौजूद थे।

# महिला और युवक का शव मिलने से दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में मंगलवार सुबह महिला और युवक का शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। घटना कोंच थाना क्षेत्र के रेना गुमटी के पास की है जहां ग्रामीणों ने दोनों शव देखे तो सनसनी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान गुरारू थाना क्षेत्र के डीहा गांव निवासी चंदन चौधरी (23) और पूजा देवी (30) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पूजा देवी चार बच्चों की मां थीं। उनके परिवार में पति महादेव प्रसाद, दो बेटा और दो बेटियां हैं। वहीं युवक चंदन चौधरी भी विवाहित था और एक बच्चे का पिता था। बताया जा रहा है कि दोनों हाल ही में दिल्ली से गांव लौटे थे। पुलिस को छानबीन के दौरान घटनास्थल से चंदन चौधरी का आधार कार्ड, मोबाइल फोन और एक जहरीला पदार्थ मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि मामला हत्या का भी हो सकता है। हालांकि आत्महत्या की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा। सूचना मिलते ही कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच हर बिंदु पर की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। फिलहाल इस घटना के बाद से आसपास के क्षेत्र में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मामले का उद्भेदन करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दस्तावेज निबंधन और राजस्व संग्रह में पटना अव्वल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में दस्तावेज निबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस वर्ष अप्रैल 2025 से 17 सितंबर तक राज्य में कुल 7 करोड़ 57 लाख दस्तावेजों का निबंधन हुआ है जिससे सरकार को 3 हजार 418 करोड़ 52 लाख रुपये का भारी-भरकम राजस्व प्राप्त हुआ है। इस मामले में राजधानी पटना शीर्ष पर रहा जहां कुल 53 लाख दस्तावेजों के निबंधन से 609 करोड़ रुपये से अधिक की आय सरकारी खजाने में आई है।

# गड्ढे में डूबने से चार बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** जिले के गड़खा थाना अंतर्गत फुरसतपुर गांव में मंगलवार को गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के 4 बच्चों की मौत हो गई। सभी गांव से करीब 700 मीटर दूर ईंट भट्ठे के लिए खोदे गड्ढे में नहाने गए थे। हादसे में 11 साल के अंकुश, 13 साल के करीमन, 14 साल के आशीष और 12 साल के मुन्ना कुमार की मौत हुई है। इनमें दो सगे और दो चचेरे भाई थे। गांव वालों ने बताया कि बच्चे घर से बिना बताए नहाने चले गए थे। इस दौरान जब एक बच्चा पानी में डूबने लगा तो बाकी बचाने लगे। इसी दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। डूबते बच्चों को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने हल्ला मचाया लेकिन जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक चारों गहरे पानी मे समा चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। परिजनों को जैसे ही हादसे की सूचना मिली, घरों में चीख-पुकार मच गई। मृतक आशिष 9वीं क्लास का स्टूडेंट था। वहीं करीमन 8वीं क्लास, मुन्ना 5वीं क्लास और अंकुश 6 क्लास का छात्र था। सूचना पर गड़खा थाना पुलिस और अंचलाधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन ने स्थानीय गोताखोर और ग्रामीणों की मदद से करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद एक-एक कर चारों शवों को गहरे गड्ढे से बाहर निकाला। इसके बाद सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया।

# नीतीश के शासन में हुआ चहुंमुखी विकास : महेश्वर हजारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आर बी आर खेल मैदान में मंगलवार को एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी एवं संचालन अमरेश चौधरी ने किया। बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वरी हजारी, लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक विनोद यादव, अशोक सिंह, ललन राम, जदयू नेता संजीव श्याम सिंह, पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष पंकज पासवान, हम पाटी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, लेबर सेल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामजी सिंह, राष्ट्रीय सचिव राजेश पाण्डेय, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, सुबोध सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र



भूषण उर्फ सोनू सिंह, सूकूल राम, पूर्व एमएलसी उपेंद्र कुमार, मनोज कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मंच का उद्घाटन किया। आगत अतिथियों को अंगवस्त्र, बुके एवं फुल माला से सम्मानित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मजबूत किया है जिससे भारत को पूरे विश्व में महाशक्ति के रूप में जाना जा रहा है। बिहार में नीतीश के शासन में चौतरफा विकास हुआ है। एनडीए के सभी घटक दल एकजुट हैं। बिहार में एनडीए की सरकार हर हाल में बनेगी। लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने सभी एनडीए घटक दल के सदस्यों को अभी से ही मुस्तैद रहने को कहा। काफी संख्या में पहुंचे लोगों को देखकर कहा कि कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। अभी से ही जीत का संकेत मिल रहा है। 2005 में जलता हुआ बिहार मिला था। रात तो दूर दिन में भी लोग सही ढंग से नहीं घूमते थे। सभी नेताओ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, हम पार्टी के सुप्रीमो जीतनराम मांझी, रालोमो नेता उपेन्द्र कुशवाहा के कार्यों को लोगों के बीच बताया। इस अवसर पर संतोष साव, राम कुमार सिंह, बब्बू सिंह, संतोष सिंह, मनोज यादव, सुनील वर्मा, विजय विश्वकर्मा, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, शुभम सिंह, बबलू शर्मा, संजय यादव, अभय सिंह, कौशल चन्द्रवंशी, अनिता देवी, अंशू कुमारी, गुड़िया कुमारी राजकुमारी, अंशी अमन सहित एनडीए घटक दल के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा सहकारिता : प्रेम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिस्कोमान की 36वीं वार्षिक आमसभा मंगलवार को संपन्न हुई। इस क्रम में कई अहम एजेंडों पर मुहर लगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह, बिस्कोमान के पूर्व अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बिस्कोमान का प्रयास है कि बिहार में किसानों को खाद और बीज प्रचुर मात्रा में और समय पर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष विशाल सिंह इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2021 में सहकारिता मंत्रालय को अलग किया था और तब से सहकारिता क्षेत्र सरकार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सहकारिता में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में काफी तेजी से काम हो रहा है। मंत्री ने आमसभा के सफल आयोजन के लिए बिस्कोमान के



सभी सदस्यों को बधाई दी। बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 15 करोड़ रुपये का डिस्काउंट टर्नओवर कम हुआ था लेकिन नुकसान सिर्फ 40 लाख का हुआ जो बहुत बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह घाटा इसलिए हुआ क्योंकि पिछले वर्ष बिस्कोमान का कोई बोर्ड नहीं था। नया बोर्ड बनने के बाद किसानों के लिए बिस्कोमान लगातार काम कर रहा है। किसानों को खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है। विशाल सिंह ने बताया कि झारखंड में फिलहाल बिस्कोमान की गतिविधियां कम हैं लेकिन उन्हें बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड सरकार से मिलकर वहां के किसानों को भी खाद और कीटनाशक समय पर उपलब्ध कराने की योजना है। वहीं बिहार में बिस्कोमान न सिर्फ किसानों को खाद और बीज उपलब्ध करा रहा है बल्कि उनके उत्पादों को बाजार भी दे रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशाल सिंह ने कहा कि अगर पार्टी चाहेगी तो वह आरा से चुनाव लड़ेंगे। चुनाव लड़ने और नहीं लड़ने का सवाल नहीं है क्योंकि पार्टी जो कहेगी वही करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उनकी जिम्मेदारी अपने जिले की सात विधानसभा सीट के साथ रोहतास जिला की छह विधानसभा सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की है। कुल 13 सीट जीताने का उनका प्रयास होगा और इसके लिए वह हर भूमिका निभाएंगे। प्रशांत किशोर पर प्रतिक्रिया देते हुए विशाल सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर अपना प्रयास कर रहे हैं और उनका काम भी यही है। वैसे बिहार की लड़ाई सीधी तौर पर एनडीए और महागठबंधन के बीच है। इसमें तीसरे मोर्चे के लिए कोई जगह नहीं है। बिहार की राजनीति में तीसरे मोर्चे का कभी कोई असर नहीं रहा है और इस बार भी यही होगा। उन्हें नहीं लगता कि प्रशांत किशोर जैसे थर्ड फैक्टर को बिहार में कोई खास सफलता मिलेगी लेकिन भाग्य आजमाना उनका काम है और वह आजमा रहे हैं।

# निगरानी के हत्थे चढ़े सहकारिता पदाधिकारी

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी की टीम ने जिला सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी रंजीत शंकर प्रसाद को 10 हजार रूपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। निगरानी विभाग की टीम ने जीरो माइल स्थित एक होटल के समीप से उन्हें गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र के रसीदपुर के पैक्स अध्यक्ष अखिलेश कुमार सुमित अपने पैक्स भवन का गोदाम बनवाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन दिया था। इस आवेदन को स्वीकृति के लिए आगे बढ़ाने के लिए सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रंजीत शंकर प्रसाद ने 25 हजार रुपए की डिमांड कर रहे थे लेकिन पैक्स अध्यक्ष पैसा देने के लिए तैयार नहीं थे। अंत में 10 हजार में सौदा तय हुआ। सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी ने कहा कि 10 हजार रूपया दीजिएगा तभी गोदाम बनाने के लिए आवेदन आगे बढ़ाया जाएगा। इसके बाद पैक्स अध्यक्ष ने इसकी शिकायत 15 सितंबर के निगरानी विभाग पटना के कार्यालय में जाकर की थी।

दुर्गा पूजा के अवसर पर मसौढ़ी वासियों को शुभकामनाएं



# सरकार द्वारा बिस्कोमान के उत्थान हेतु हर सम्भव मदद की जाएगी : मंत्री प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिस्कोमान की 36वीं वार्षिक आम-सभा दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्री नगर, पटना में सम्पन्न हुई। इस समारोह का उद्घाटन सह मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया। बिस्कोमान के वार्षिक आम-सभा का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करते हुए सहकारिता मंत्री एवं बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह, बिहार एवं झारखण्ड के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं राज्य के 22 केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्षों की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर बिस्कोमान के अध्यक्ष श्री विशाल द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बिस्कोमान के उत्तरोत्तर विकास के बारे में विस्तार से बताया गया। बिस्कोमान की भविष्य में आने वाले योजनाएं-परियोजनाएं के बारे भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री सिंह द्वारा सभागार में बैठे सभी अतिथियों एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच पटल पर बिस्कोमान का आर्थिक स्थिति पेश किया गया। श्री सिंह ने चर्चा के दौरान यह भी बताया कि बिस्कोमान पिछले वित्तीय वर्ष में इफको के सहयोग से राज्य के तकरीबन सभी जिलों में अपने 126 कृषक सेवा केन्द्रों से कुल 1,30,35,70,151.93 करोड़ रुपये की गुणवत्तापूर्ण उर्वरक की बिक्री किसानों के बीच में की गई है। श्री विशाल ने अपने सम्बोधन में खुले मंच से ऐलान किया कि बिस्कोमान प्रबंधन पूरे राज्य में 265 रुपये में ही यूरिया की बिक्री करती है। बिस्कोमान प्रबंधन अन्य उर्वरक कम्पनियों से भी वार्ता कर उर्वरक का आवंटन बढ़ा कर विभिन्न केन्द्रों पर उर्वरक की उपलब्धता बढ़ाना चाहती है। श्री सिंह ने प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को अवगत कराया कि बिस्कोमान प्रबंधन गोदाम को मरम्मति कार्य एवं नये गोदामों के निर्माण हेतु भारत सरकार एवं बिहार सरकार दोनों से शिष्टाचार भेंट कर एवं पत्राचार के माध्यम से भी वित्तीय मदद मांगी है। सरकार द्वारा पूरा आश्वासन दिया गया है कि बिस्कोमान के उत्थान हेतु हर सम्भव मदद किया जाएगा। श्री सिंह ने सभी प्रतिनिधियों को बताया कि बिस्कोमान जल्द ही झारखण्ड राज्य में भी एक राज्य स्तरीय कार्यालय की स्थापना कर, झारखण्ड में भी व्यवसाय प्रारंभ करने की योजना है। बिहार एवं झारखण्ड राज्य में बिस्कोमान की विभिन्न खाली पड़े भू-खण्डों पर बहुमंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण कर आय का स्त्रोत बढ़ाना चाहती है जिसके लिए स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। श्री विशाल द्वारा यह भी बताया गया कि बिस्कोमान का उर्वरक व्यवसाय पूर्ण रूपेण कम्प्यूटरीकृत है जिससे आज बिस्कोमान में प्रतिदिन का लेखा-जोखा बिस्कोमान के मुख्यालय स्तर पर अद्यतन रहता है। श्री विशाल द्वारा सभी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को बताया गया कि बिस्कोमान के सभी कार्मिक एवं प्रबंधन इसी तरह कार्य करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब बिस्कोमान लाभान्वित संस्था के रूप में राज्य में स्थापित हो जाएगा। श्री सिंह द्वारा अपने उद्घाटनकर्त्ता सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार से अनुरोध किया कि यदि सरकार द्वारा धान, गेहूं, मसूर चना, दलहन-तेलहन अधिप्राप्ति कार्य हेतु बिस्कोमान को स्टेट एजेंसी घोषित किया जाता है तो राज्य के किसानों को दाल उत्पादन में नेफेड द्वारा जबर्दस्त लाभ पहुंचाया जा सकता है। वार्षिक आम सभा के उद्घाटनकर्ता सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान द्वारा किसानों तक उचित मूल्य पर उर्वरकों को उपलब्धता सुनिश्चित करने के मामले में जो अभूतपूर्व मिशाल कायम किया गया है, को खुले हृदय से प्रशंसा की गई और बिहार सरकार की ओर से हर सम्भव मदद दिलाने में अपने प्रयत्न का शत-प्रतिशत आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंच पर सूबे के 22 जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विजय सिंह, बिहार स्टेट के को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे, बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन के अध्यक्ष विनय कुमार शाही, बिस्कोमान के उपाध्यक्ष महेश राय, बिस्कोमान के निदेशक मंडल के सदस्यगण डॉ. जितेन्द्र कुमार (स.वि.स.), डॉ. सुनील कुमार सिंह (स.वि.प.), विनय कुमार (स.वि.स.), दिनेश सिंह, राम कलेवर प्रसाद सिंह, हीरा प्रसाद सिंह, पार्थ कुमार यादव, मनेश्वर पाहन, मधुप्रिया, साहीन कलाम, बन्दना सिंह, शोभा सिंह, मनोज कुमार सिंह (पूर्व स.वि.प.), दीपक कुमार, राकेश कुमार, अभिजीत कुमार, आरा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह, अमिता भूषण, (पूर्व स.वि.स.), अमरनाथ पाण्डेय, गिरेन्द्र नाथ तिवारी उपस्थित थे।

## बी. डी. कॉलेज में 'मानसिक स्वास्थ्य एवं युवाओं का सशक्तिकरण' विषय पर विशेष कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और युवाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं विशिष्ट अतिथि सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन एवं विषय प्रवेश महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. रत्ना अमृत द्वारा किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक संतुलन की भी आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता छेदी के. चौधरी का स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि खुलकर संवाद करना और ब्रेव टॉक जैसी पहल युवाओं को आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मानसिक सशक्तिकरण और जागरूकता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की पदाधिकारी नीतू तिवारी ने गरिमापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से किया।

## पीआइबी एवं सी.बी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में मना हिंदी पखवारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, पटना के सम्मेलन कक्ष में आज हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर 'विकसित भारत के अमृत काल का सेवा पर्व' विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदुस्तान अख़बार के ब्यूरो प्रमुख आशीष कुमार मिश्रा थे। उन्होंने हिंदी को 'सोच, अध्ययन और प्रतिक्रिया अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम' बताया। उन्होंने हिंदी को क्रांति और प्रेम की भाषा बताते हुए कहा कि समाज को एकसूत्र में पिरोने और एकजुट करने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी पखवाड़ा केवल 14 दिनों का संकल्प न रहकर पूरे वर्ष हिंदी भाषा के व्यापक संवर्द्धन का प्रयास बनना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के अपर महानिदेशक आशीष कुमार लकड़ा ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई। कार्यालय प्रमुख, सीबीसी पटना कुमार सौरभ ने राजभाषा संवर्द्धन के प्रति भारत सरकार के सतत प्रयासों की सराहना की। प्रकाश कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने हिंदी भाषा के इतिहास से लेकर वर्तमान परिदृश्य तक का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जिसमें महापुरुषों के विचारों और हिंदी के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजना झा (विभागीय कलाकार) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पीआईबी के अधिकारी इफ्तेखार आलम ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पीआई बी एवं सीबीसी पटना के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमंत्रित अतिथि द्वारा हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए शपथ भी लिया गया।

## मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया बिहार एम्पोरियम का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की कला और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना के प्रस्थान टर्मिनल पर बिहार एम्पोरियम का उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह और सचिव बी. कार्तिकेय धनजी भी उपस्थित रहे। बिहार एम्पोरियम में राज्य के पारंपरिक हस्तशिल्प जैसे मधुबनी पेंटिंग, सिक्की शिल्प, मंजूषा कला, सिरेमिक शिल्प, टिकुली पेंटिंग, पत्थर व लकड़ी की नक्काशी और अन्य प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह प्रयास बिहार सरकार की उस योजना का हिस्सा है जिसके तहत परंपरा और आधुनिक बाजार को जोड़कर शिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

## डॉ नीतू नवगीत ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा प्रेमचंद रंगशाला में स्वच्छता टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रितु रानी, संगीता कुमारी, सीमा कुमारी, रोशन, विवेक कुमार निहाल, फरहान और मनोहर सहित कई बच्चों ने शहर की स्वच्छता और नागरिकों की जिम्मेदारी विषय पर अपनी बातें रखी। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता टॉक शो का संयोजन किया और बच्चों से कहा कि भारत देश विकासशील से विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। हर भारतीय का यह दायित्व है कि वह अपने देश शहर एवं गांव मोहल्ले की सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। पटना नगर निगम द्वारा घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था की गई है। घर के लोगों का भी यह कर्तव्य है कि वह कचरा कचरे वाली गाड़ी में ही डालें या संबंधित कर्मचारियों को सौंप दें। नीतू नवगीत ने गीतों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के लिए स्वच्छता क्विज का भी आयोजन किया गया जिसमें सही जवाब देने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

## पूर्व मध्य रेल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'वाकथॉन' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मुख्यालय, हाजीपुर में आज 'वाकाथॉन' का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने 'वाकाथॉन' का शुभारंभ किया जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि यह हमारे सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। यह एक संदेश है कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता एक आदत है, एक संस्कृति है जिसे हमें अपनाना होगा जब हम अपने आसपास को स्वच्छ रखते हैं तो हम न केवल एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करते हैं, बल्कि एक स्वच्छ और सुंदर समाज की नींव भी रखते हैं। आज का यह वाकाथॉन एक छोटा सा कदम है, जो एक बड़े बदलाव की शुरुआत कर सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि हमें अपने घरों, अपने मोहल्लों और अपने शहरों को साफ-सुथरा रखने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए।

# प्लास्टिक मुक्त पूजा अभियान की शुरुआत

### पटना समेत बिहार के कई जिलों में नौजवानों ने चलाया अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** रिजेनेरेटिव बिहार तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पटना के अलग-अलग दुर्गा पंडालों में जा कर बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्लास्टिक का प्रयोग छोड़ कर उसके स्थान पर प्रकृति वस्तुओं के उपयोग करने की अपील की। इसके साथ ही सभी दुर्गा पूजा समितियों को पत्र दे कर उनसे अनुरोध किया कि वे स्वयं भी प्लास्टिक का प्रयोग न करें तथा अपने आसपास भी लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि आज भारत ही नहीं दुनिया के सभी देश जलवायु संकट से जुड़ी विभिन्न आपदाओं से जूझ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई से लेकर लोगों के रोजगार और खेती-किसानी सब पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव साफ दिखाई देने लगे हैं। जल, जंगल, जन और जानवर के साथ पहाड़ और नदियां सभी इसकी चपेट में आ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे के बढ़ते ढेर जलवायु संकट को और तीव्र और घटक बनाने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी अस्तित्व का संकट बन कर उभर रहे हैं। रिजेनेरेटिव बिहार के संजीव किशोर सुमन ने बताया कि प्लास्टिक कचरे विघटित होकर माइक्रो और नैनोप्लास्टिक बन जाते हैं और पानी, हवा और मिट्टी में मिल जाते हैं। ऐसे प्रदूषित पानी और मिट्टी से उपजी फसलों और जीव जंतुओं के मांस में भी माइक्रो और नैनोप्लास्टिक अब बड़ी मात्रा में मिलने लगे हैं और हमारे भोजन में पहुंच जा रहे हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि प्लास्टिक हमारे पाचन तंत्र, ग्रंथियों, फेफड़े, कलेजे और गुर्दे समेत त्वचा और प्रजनन तंत्र सबको नुकसान पहुंचाता है। प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक सांस लेने में समस्या से लेकर कई तरह के कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसलिए हमलोग 'प्लास्टिक मुक्त पूजा अभियान' चलाकर प्लास्टिक कचरे को कम करने के प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास चाट व अन्य खाद्य सामग्री बेचने वालों से प्लास्टिक व थर्मोकोल से बनी प्लेट, कटोरी और ग्लास आदि की जगह पत्तों व कागज के बर्तन इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य एवं विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर महाप्रबंधक ने विशेष रूप से बल दिया।

## अमृत भारत ट्रेन विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालयों एवं विद्यार्थियों की रुचि को देखते हुए आज दानापुर मंडल के नवादा के गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। यह स्कूल गुरुदेव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित है। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए प्रतियोगिताओं की सीरीज के क्रम में नवादा के गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 47 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सब ने एक से एक पेंटिंग बनाई। अमृत भारत ट्रेन पर आधारित इस पेंटिंग कंपटीशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः आठवीं की छात्रा स्वाती कुमारी, अंजली भारती एवं सोहाना शाह को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की प्रिंसिपल जेसिका चौधरी की निगरानी में स्कूल के टीचर विनोद कुमार एवं सिंटू कुमारी तथ दानापुर मंडल के कल्याण निरीक्षक पंकज कुमार की उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## टीसीआई ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत की अग्रणी लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (टीसीआई) ने अपने संस्थापक चेयरमैन श्री प्रभु दयाल अग्रवाल जी की स्मृति में राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान का आयोजन किया। 15 से 20 सितंबर तक भारत के 52 से ज़्यादा स्थानों पर आयोजित छह दिवसीय अभियान में 1,800 से ज़्यादा कर्मचारियों और सहयोगियों ने हिस्सा लिया। कोलकाता, गुरुग्राम, राजकोट, दिल्ली, चंडीगढ़, पुणे, औरंगाबाद, कोल्हापुर, लुधियाना, नोएडा, हैदराबाद, नागपुर, कानपुर, प्रयागराज, पटना, वाराणसी, मुंबई, हरिद्वार और अहमदाबाद समेत कई शहरों में रक्तदान शिविर लगाए गए।

## पंजाबी बिरादरी ने माता की चौकी एवं डांडिया का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लेडीज विंग - पंजाबी बिरादरी, पटना की ओर से चेयरपर्सन उमा सिंह के नेतृत्व में माता की चौकी एवं डांडिया का भव्य आयोजन लाला लाजपत राय भवन, चाजू बाग, पटना में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माता की चौकी से हुई जहां भक्तों ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से गूंज उठा। चौकी के बाद कार्यक्रम में रंगारंग डांडिया रास का आयोजन किया गया जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजे लोगों ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन सामुदायिक एकता, संस्कृति और उत्सव का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी, पटना के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यक्ष दिलजीत खन्ना, सचिव जनरल बी.पी. धवन, कोषाध्यक्ष सरदार इंदरपाल सिंह लवली, पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह, पूर्व चेयरपर्सन वीणा गुप्ता, सविता जैन, सीमा पॉल, रौशनी सिंह, जनरल कन्वीनर बबी भल्ला एवं वित्त नियंत्रक ईशा सिंह, डोली कोहली, वैष्णवी, मंजोत, माधुरी, अवन्या विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मार्कण्डेय स्मृति संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मार्कण्डेय ऋषि भारतीय परम्परा में अमरता, शिवभक्ति और अद्वितीय ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं। उनके जीवन से यह शिक्षा मिलती है कि सच्ची और साधना से मृत्यु जैसे अजेय शक्ति भी परास्त हो सकती है। यह सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने महर्षि मार्कण्डेय स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण के निरन्तर 36 वें शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। अपने उद्घाटन भाषण में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मार्कण्डेय ऋषि न केवल अमर ऋषि है, अपितु मार्कण्डेय पुराण के रचनाकार भी हैं जिसमें दुर्गा सप्तशती का वर्णन है। मुख्यातिथि धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा, अभियान के संरक्षक डॉ मिथिलेश झा, मुख्य वक्ता शैलेन्द्र सिन्हा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, विशिष्टातिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ नीरा कुमारी, डॉ मधु कुमारी डॉ बिधू बाला ने भी संस्कृत सम्भाषण शिविर एवं मार्कण्डेय ऋषि के जीवन पर विस्तार से जानकारी दी।

# राज्य में तेजी से हुआ आयुष की सुविधाओं का विस्तार : मंगल पांडेय

### आयुष कॉलेजों एवं अस्पतालों में सहायक प्राध्यापकों की होगी नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य आयुष समिति के तत्वावधान में 10वां आयुर्वेद दिवस ज्ञान भवन पटना में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य आयुष समिति का गठन 15 मार्च 2018 को किया गया। राज्य में आयुष की सुविधाओं का विस्तार व्यापक रूप से हुआ। वर्तमान में आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, यूनानी (तिब्बी) महाविद्यालय एवं अस्पताल (पटना), होम्योपैथिक महाविद्यालय एवं अस्पताल (मुजफ्फरपुर), 38 जिला संयुक्त औषधालय, 69 राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, 29 राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, 30 राजकीय यूनानी औषधालय, एक आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषध निर्माणशाला (पटना), एक आयुर्वेदिक एवं यूनानी अनुसंधान इकाई (पटना), एक 50 शय्या युक्त एकीकृत आयुष अस्पताल तथा 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि मार्च 2024 में 2901 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। वर्ष 2024 में 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति के साथ योग प्रशिक्षक, हर्बल गार्डन एवं औषधि की व्यवस्था की गई है। वहीं आयुष कॉलेजों एवं अस्पतालों में राष्ट्रीय आयोगों के मानकों के अनुरूप पदों का सृजन कर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी गई है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आयुष पद्धति को जन-जन तक पहुंचने का काम निरंतर जारी है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 मेडिकल ऑफिसर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले 6 प्रतिष्ठित आयुर्वेद चिकित्सकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर लोकेश कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, डॉ0 एस. कुमारासामी, मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, एसएमपीबी नीलेश रामचन्द्र देवरे, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल यशपाल मीणा, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति वैभव चौधरी, कार्यपालक निदेशक, राज्य आयुष समिति छिरिङ् वाई. भूटिया, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग नेहा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बीएसएसएस शंभू शरण, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग अमिताभ सिंह, आप्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्री शैलेश कुमार, विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग के राज्य आयुष समिति एवं अन्य उपस्थित रहे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 2 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### प्रगति यात्रा पर सासाराम आएंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# नीतीश रोहतास को देंगे 515.60 करोड़ की सौगात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 'प्रगति यात्रा' के अवसर पर रोहतास जिले में विकास की 14 योजनाओं की घोषणा की गई थी जिनकी अनुमानित लागत 935.1294 करोड़ रुपये है। इनमें से 24 सितंबर को कुल 9 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा जिन पर 515.60 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन योजनाओं से रोहतास जिले में सड़क, परिवहन, पर्यटन एवं आधारभूत संरचना को नई दिशा मिलेगी जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा उनमें निम्न योजनाएं शामिल है। रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ का निर्माण जिसकी लागत 66.89 करोड़ रुपए है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल डिहरी द्वारा किया जाएगा। कुदरा-चेनारी-मल्लीपुर पथ का चौड़ीकरण जिसकी लागत 147.00 करोड़ है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल कोचस द्वारा किया जाएगा। इन्द्रपुरी जलाशय के पास पर्यटन हाट का निर्माण जिसकी लागत 25.98 करोड़ है। इसका निर्माण पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। कोचस में पुराने बस स्टैंड की जगह नए बस स्टैंड का निर्माण होगा जिसकी लागत 2.67 करोड़ रुपए है। इसका निर्माण बुडको, रोहतास द्वारा किया जाएगा। पुरानी जीटी रोड से बबुरा मोड़ तक कैनाल पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा जिसकी लागत 9.01 करोड़ है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल कोचस द्वारा किया जाएगा। नोखा-नासरीगंज पथ में सोन नहर पर उच्च स्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण जिसकी लागत 26.77 करोड़ है। इसका निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, रोहतास द्वारा किया जाएगा। डिहरी-अकोढ़ी गोला-तेतराढ़-राजपुर पथ, आयरकोठा-अकोढ़ी गोला-अमरा तालाब पथ का चौड़ीकरण किया जाएगा जिसकी लागत 177.20 करोड़ है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल डिहरी द्वारा किया जाएगा। डिहरी-बिक्रमगंज-दिनारा पथ के दिनारा बाजार भाग एवं नटवार बाजार भाग में नाला निर्माण किया जाएगा जिसकी लागत 5.99 करोड़ है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल कोचस द्वारा किया जाएगा। कोचस में आरा-मोहनियां पथ पर बाईपास का निर्माण किया जाएगा जिसकी लागत 54.09 करोड़ है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल कोचस द्वारा किया जाएगा। इन योजनाओं के पूरा होने से जिले के ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंच आसान होने के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा व्यापार एवं रोजगार की नई संभावनाएं विकसित होंगी। बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल और पर्यटन के क्षेत्र में लगातार अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। इन योजनाओं से रोहतास जिले का विकास नए आयाम स्थापित करेगा और आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण में निर्वाचक सूची को अंतिम रूप देने को प्रेक्षक सह आयुक्त ने की बैठक

### कैम्प लगा महिलाओं का नाम जोड़ें ताकि लिंगानुपात में सुधार हो सके : प्रेक्षक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत निर्वाचक सूची की तैयारी के क्रम प्रेक्षक-सह-आयुक्त, पटना प्रमण्डल द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। उनके द्वारा 210- दिनारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 38, मध्य विद्यालय गुनसेज पूर्वी भाग कमरा नंबर-1, 39-मध्य विद्यालय गुनसेज पश्चिमी भाग, 85 - उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरना कमरा नंबर-1, 86 - उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरना कमरा नंबर-2 तथा 209 - करगहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 294 - प्राथमिक विद्यालय अमवलिया एवं 318 - प्राथमिक विद्यालय कुसहीं मतदान केन्द्रों के आश्वस्त न्यूनतम सुविधा एवं निर्वाचक सूची का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित स्थानीय जनसामान्य द्वारा बताया गया कि जिन व्यक्तियों का नाम निर्वाचक सूची से हटाया गया है वास्तव में उनकी मृत्यु हो गई है। रिपीटेड या उनका स्थानांतरण हो गया है सभी योग्य व्यक्तियों का नाम निर्वाचक सूची में शामिल हो गया है, कोई छूटा नहीं है। वह निर्वाचक सूची अद्यतीकरण किये गये कार्य से संतुष्ट हैं। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के उपरांत प्रेक्षक द्वारा डीआरडीए सभागार में बैठक की गई। बैठक में प्रत्येक विधानसभा के 20 मतदान केन्द्रों में जहां सर्वाधिक परिवर्तन हुआ है तथा सर्वाधिक विलोपन हुआ है वहां पारदर्शिता एवं शुद्धता के लिए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जांच करेंगे तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा क्रॉस वेरिफिकेशन करने का निदेश दिया गया। प्रेक्षक द्वारा चेनारी, काराकाट, डिहरी तथा दिनारा विधानसभा के रैण्डमली सेलेक्टेड कुछ प्रपत्र- 6 एवं 8 की जांच की गई, उनके द्वारा विशेषतः उन प्रपत्रों को देखा जिन्हें अस्वीकृत किया गया है। इस संबंध में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अभिलेख तैयार करने हेतु निदेशित किया गया। प्रेक्षक द्वारा बताया गया कि जिले का लिंगानुपात कम है, इसलिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कंटिन्यूयस अपडेशन अवधि में कैम्प लगाकर विशेषकर महिलाओं का नाम परिवर्द्धन करें ताकि लिंगानुपात में अपेक्षित सुधार हो सके।

# डिहरी में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

### संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का आह्वान





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एनडीए घटक दलों के कार्यकर्ताओं का संयुक्त सम्मेलन शहर के स्व ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में डिहरी विधानसभा एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंगलवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने कहा कि एनडीए के साथ लोगों और कार्यकर्ताओं की एकजुटता दिखाती है कि डिहरी का सूखा समाप्त होने वाला है। उन्होंने एनडीए को पांच पांडवों की पार्टी बताया और कहा कि घटक दलों के किसी पार्टी का उम्मीदवार खड़ा हो उन्हें चुनाव जिताकर बिहार के बढ़ते रफ्तार को आगे ले जाने के लिए भेजना है। पीएम जब भी बिहार आते हैं सौगातों की बौछार करते हैं। वह लगातार विकास कर रहे हैं। बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बढ़ता बिहार बन चुका है। सम्मेलन में पूर्व सांसद महाबली सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह, भाजपा एमएलसी निवेदिता सिंह, प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अंगद कुशवाहा, महासचिव रिंकू सोनी, लोजपा के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह, प्रदेश महासचिव सोनू सिंह हंक जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान समेत कई नेता मौजूद थे। एनडीए सरकार की उपलब्धियां की गिनाई। जदयू के पूर्व सांसद महाबली सिंह, पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह, जदयू अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि बिहार अब देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राज्य में सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। महिलाओं को जीविका से जोड़ा गया है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। शिक्षा सुविधाओं का विस्तार किया गया है। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद बिहार को नई पहचान मिली है। पहले अपेक्षित माने जाने वाला बिहार अब सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोजपा के प्रदेश महासचिव सोनू सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह, हम के जिलाध्यक्ष कमलेश पासवान समेत अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल व संचालन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार सिंह ने की। मौके पर राजू गुप्ता, विवेक सिंह, प्यारेलाल ओझा, अजय कुमार सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, नंद कुमार सिंह, रालोमो प्रदेश उपाध्यक्ष अंगद कुशवाहा, महासचिव रिंकू सोनी, भाजपा युवा मोर्चा के नेता अमित कुमार पटेल, कुंवर सिंह संजय गुप्ता, प्रकाश गोस्वामी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम लोग इस सम्मेलन में शामिल हुए।

## स्वच्छता की जिम्मेदारी, थोड़ी आपकी थोड़ी हमारी

### न खुद गंदगी करें, न अपने आसपास किसी को गंदगी करने दें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर स्वच्छता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, शाखा अधिकारियों एवं रेलकर्मियों व यात्रियों ने अभियान में भाग लेकर स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने का संकल्प लिया। 'स्वच्छता की जिम्मेदारी, थोड़ी आपकी थोड़ी हमारी' की भावना के साथ न खुद गंदगी करने, न अपने आसपास किसी को गंदगी करने देने की अपील की गई। स्टेशन परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट्स के माध्यम से भी जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। यात्री एवं कर्मचारी इन प्वाइंट्स पर फोटो लेकर स्वच्छता संदेश साझा कर रहे हैं। यह पहल स्वच्छता को संवाद और सहभागिता से जोड़ती है। मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें रेल कर्मचारियों द्वारा अपशिष्ट सामग्री से निर्मित कलाकृतियां बिक्री हेतु भी उपलब्ध कराई गईं। यात्रियों एवं कर्मचारियों ने अपनी पसंद की वस्तुएं खरीदीं जिससे पुनः उपयोग की भावना को व्यवहारिक रूप मिला। इन गतिविधियों के साथ-साथ मंडल भर में गहन सफाई अभियान भी निरंतर जारी है जिसमें स्टेशनों, यार्डों, कार्यालयों और कॉलोनियों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता कार्य किया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गाड़ी संख्या 12302 डाउन (नई दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस) सासाराम स्टेशन डाउन लाइन से सुबह समय करीब 6:44 बजे पास कर रही थी। इसी दौरान सासाराम स्टेशन के पश्चिमी छोर पर एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म न 03 से प्लेटफॉर्म न 02 पर रेलवे लाइन पार करके जा रहा था जो राजधानी एक्सप्रेस से टकराने से मौत हो गयी। अविलंब राजकीय रेल थाना सासाराम को सूचित किया गया जहां से अवर पुलिस निरीक्षक विश्वेश्वर शर्मा साथ स्टाफ पहुंचे। शव को कब्जा में लेकर शव को ट्रैक से हटकर परिचालन चालू किये। मौके पर ही उसके साथ सतना से आ रहे एक मित्र से पूछताछ करने पर मौजूद उसके मित्र अनूप कुमार उम्र 30 वर्ष पिता राम कुमार सिंह निवासी झलखोरा थाना करगहर जिला रोहतास ने बताया कि मृतक सरोज कुमार उम्र 25 वर्ष पिता मूसा चंद्रवंशी निवासी तोरनी थाना शिवसागर जिला रोहतास (बिहार) सतना (मध्य प्रदेश) में रहकर मजदूरी का काम करता था और दुर्गा पूजा में छुट्टी लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान रेलवे लाइन पार करने के दौरान यह हादसा हो गया। मौके पर कागजी कार्रवाई के उपरांत राजकीय रेल थाना सासाराम द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजवाया गया है।

## काराकाट थानाध्यक्ष ने दिया योगदान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट(रोहतास)।** स्थानीय थाने में मंगलवार को राकेश गोसाईं ने काराकाट थाना के नये थानाध्यक्ष के रूप में अपना योगदान दिया। राकेश गोसाई इससे पहले डिहरी मुफस्सिल थाने में थानाध्यक्ष पद पर थे। जानकारी के अनुसार राकेश गोसाई रोहतास जिले में सबसे पहले इंद्रपुरी थाना का नेतृत्व थानाध्यक्ष के रूप में कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने दूसरी बार शिवसागर में भी थानाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। काराकाट से पहले वे डिहरी मुफस्सिल थाने में एक जनवरी 2025 से अगस्त तक करीब आठ महीने तक थानाध्यक्ष रहे। आज काराकाट थाने में पुलिस निरीक्षक राकेश गोसाई ने थानाध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता होगी।

## देसी शराब बनाने की सामग्री बरामद, धंधेबाज धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के चिलबिली गांव में छापेमारी कर देसी शराब बनाने की सामग्री के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से नौ लीटर देसी शराब भी बरामद किया। जब्त सामग्री में गैस चूल्हा, शराब बनाने के लिए बड़ा तसला, प्लास्टिक का डब्बा समेत कई सामग्री शामिल हैं। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराया धंधेबाज अभिषेक बिंद पिता विजय बिंद चिलबिली गांव का निवासी है। पुलिस ने बताया कि धंधेबाज शराब बनाकर क्षेत्र में सप्लाई करता था। पुलिस ने धंधेबाज से पूछताछ के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**

**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**

**Regd. Office : SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**

**Phone: 0651-2400804** **Website: www.jusnl.in**

**Office of the : General ManagerTransmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**

**Address -Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super-scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non -refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 416/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of Hardware materials for 132 kV Transmission Line under132/33 kV GSS Garhwa Road. | Rs1476/- (including GST @ 18%) | Rs19,000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents 24.09.2025 at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto14.10.2025at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto14.10.2025at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: 15.10.2025 at 05:00 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 7488012827.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone -IV, Medininagar

PR 362616 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D


### पालीगंज के बंशीधर शर्मा बने भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल ने पालीगंज के बंशीधर शर्मा को वाणिज्य प्रकोष्ठ का क्षेत्रीय प्रभारी मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर पालीगंज के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।

## दो दर्जन भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा में हुए शिवर में दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। सेवा पखवाड़ा 2025 रक्तदान कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रिशभ प्रताप सिंह ने रक्तदान देकर शुभारंभ किया। तत्पश्चात अजीत यादव, विवेक पांडे, निलेश कुमार, विक्की कुमार, रजत कुमार समेत दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि विधायक संगीता कुमारी व पूर्व सांसद हरदोई यूपी अंशुल वर्मा थे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, मनोज जायसवाल युवा जिलाध्यक्ष रिशभ प्रताप सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रीता कुमारी, डॉ. संजय सिंह, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष कन्हैया राम समेत कुदरा मंडल के सभी पदाधिकारी के साथ युवा मोर्चा के आलोक श्रीवास्तव, चंदन तिवारी, रजनीश सिंह, रितेश सिंह, भानु प्रताप, रतन सिंह, अंकुर जायसवाल, रजत सिंह समेत कई उपस्थित थे।

### फरार अभियुक्त धराया, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर क्षेत्र के घरी गांव में छापेमारी कर फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराया अभियुक्त दिनेश्वर पासवान पिता स्वर्गीय भोला पासवान ग्राम घरी गांव का निवासी है जो काफी महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले में पूछताछ के बाद मंगलवार को भभुआ न्यायालय भेज दिया गया।

## जलभरी एवं कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के प्रखंड मुख्यालय करगहर में मां दुर्गा की भव्य जलभरी शोभायात्रा श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। यह जलभरी परंपरा, जो कि बक्सर से करगहर तक लाई जाती है, क्षेत्र की आस्था और भक्ति का अद्भुत प्रतीक मानी जाती है। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में समिति की पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत की। आयोजन समिति में अध्यक्ष महावीर सौंडिक, सचिव विजय केशरी और सहयोगी सदस्य राजेश गुप्ता, कृष्णा सिंह, पप्पू गुप्ता, राकेश जी, अजय (नाना पाटेकर), मिथिलेश सेठ, रवि कुमार, गोलू कुमार, राम आशीष जी, हरिद्वार गुप्ता, अजय दादा, गोपाल प्रसाद मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू कुमार, सत्यम पांडेय, जिलाध्यक्ष अनुज सिन्हा, राहुल पांडेय, राजू पांडेय, रवि शर्मा, समीर कुमार, दुर्गेश पटेल, विवेक पांडेय, सोनू पांडेय, शिवकुमार चौरसिया, पंकज कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, प्रकाश केसरी और अनिल कुमार सक्रिय रूप से शामिल रहे और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह मौजूद रहे। उन्होंने मां दुर्गा की इस परंपरा को समाज की एकता, समर्पण और सांस्कृतिक धरोहर बताया और आयोजन समिति को बधाई दी।

## आठवीं पुण्यतिथि पर याद की गई विंध्यवासिनी देवी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की दिवंगत वरिष्ठ सदस्या एवं समाजसेविका विन्ध्यवासिनी देवी की आठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें यादकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर चेनारी प्रण्ड के पांडेयडीही गांव में स्व. विंध्यवासिनी देवी स्मृति हॉल में उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वे एक धर्मपरायण महिला थी जो गरीबों की यथासंभव मदद करती रहती थी। उनकी याद में निर्मित हॉल गांव के लोगों के काम आ रहा है, उनकी कृति हमेशा अमर रहेगी। उनकी यादों में भभुआ, औरंगाबाद, बेंगलुरू में भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर रामायण पाण्डेय, धीरज कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार पाण्डेय, बीरज कुमार पाण्डेय, इ. सूरज कुमार पाण्डेय, भास्कर प्रकाश, कृष्ण राज, सत्यम पाण्डे, सत्या पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**

**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**

Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002

**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 415/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 01 nos. 33 kV Bays, 01 no. Gantry Tower, 01 no. Gantry Beam & associated work at 132/33 kV GSS, Daltonganj and erection, testing & commissioning of 132/33 kV 50 MVA Power Transformer (departmentally supplied) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,48,37,877.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,96,800.00 (On line mode) |
| Completion Period | 09 (Nine) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% (Online mode). |
| Start Date & Time of Download the Tender Docu ments | 24.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 24.09.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 15.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 16.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

PR 362614 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

# जीएसटी दरें घटने से आमजन और व्यापारियों को मिलेगा लाभ : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गयाजी।** सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हाल ही में आयोजित 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जीएसटी 2.0 लागू किया गया है। नई कर प्रणाली में केवल तीन दरें- 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 40 प्रतिशत रखी गई हैं। दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर मात्र 5 प्रतिशत कर, शिक्षा सामग्री और स्वास्थ्य सेवाओं पर शून्य प्रतिशत कर तथा कृषि उपकरणों पर विशेष राहत दी गई है। इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और छोटे-बड़े व्यवसायियों को कर प्रणाली में सहजता प्राप्त होगी। वे गया नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा गया पूर्वी द्वारा आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कदम 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और मजबूत करता है। साथ ही बताया कि तेजस्वी यादव की सरकार में बढ़ाए गए नगरपालिका संपत्ति कर में संशोधन कर आवासीय संपत्ति कर के गुणक में छूट दी गई है। गयाजी नगर क्षेत्र में जल्द ही सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक लाइट लगाए जाएंगे ताकि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके। प्रेम कुमार ने राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार, मेट्रो परियोजना और गया-बोधगया कॉरिडोर जैसे कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना और मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत नाली, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को पक्का मकान मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों को सस्ती दरों पर बीज, खाद और ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है तथा सहकारिता समितियों के माध्यम से तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा मिल रहा है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाएं और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान दें।

## दीक्षान्त समारोह भव्य तरीके से मनाया जाएगा, विभागाध्यक्ष तैयारी में जुटें : कुलपति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने कहा है कि आगामी दीक्षान्त समारोह-2025 को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित सभी स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष अभी से पूरी तैयारी में जुट जाएं। वे सोमवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित शिक्षा विभाग के सभागार में आयोजित विभागाध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर विभागाध्यक्ष गंभीर रहें। सेमिनार लाइब्रेरी में छात्रों द्वारा पुस्तकों से संबंधित रजिस्टर को अद्यतन रखा जाए और विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय शोध और नवाचार का युग है, इसलिए विभागाध्यक्ष शोध पत्रिकाओं और जर्नल्स पर विशेष ध्यान दें। विश्वविद्यालय को जेस्टोर से ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन लेने की दिशा में भी पहल करनी चाहिए। ताकि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अधिक लाभ मिल सके। बैठक में छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. आर.एस. जमुआर, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार समेत सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. दीपक कुमार ने किया।

## मगध विश्वविद्यालय में हिंदी पखवारा प्रतियोगिताएं संपन्न, छात्रों ने दिखाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में हिंदी पखवारा के अंतर्गत श्रुतिलेख, रचनात्मक लेखन, स्वरचित काव्य और तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन कुलपति प्रो एस.पी. शाही के निर्देशन तथा डॉ मीनाक्षी और डॉ ममता मेहरा के संयोजन में संस्कार सृजन के तत्वावधान में हुआ। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों से सौ से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। श्रुतिलेख प्रतियोगिता का संयोजन डॉ श्वेता गोयल और डॉ राजेश कुमार ने किया। इसमें लक्ष्मी कुमारी प्रथम, पायल कुमारी द्वितीय और प्रकाश रंजन तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ प्रियंका सिंह और डॉ हिमालय तिवारी ने निभाई। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का संयोजन डॉ सचिन मंदिलवार और डॉ दीपशिखा पांडे ने किया जिसमें विकास कुमार प्रथम, नवनीत प्रिय द्वितीय और ऐश्वर्या तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक डॉ प्रियंका तिवारी और डॉ कुमार विशाल रहे। स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता का संयोजन डॉ वंदना और डॉ जनमेजय सिंह ने किया। इसमें लक्ष्मी कुमारी प्रथम, नवनीत प्रिय द्वितीय और आशीष शंकर तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में रविशंकर कुमार, डॉ विनीता कुमारी और डॉ किरण कुमारी शामिल थे। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का संयोजन डॉ एकता वर्मा और डॉ वंदना कुमारी ने किया। इसमें सुमित राय प्रथम, प्रेम प्रकाश द्वितीय और निशा कुमारी व छोटू प्रसाद यादव संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ अनुज कुमार तरुण और डॉ रेणु रानी ने निभाई। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र कुलसचिव डॉ बिनोद कुमार मंगलम ने वितरित किए। अपने उद्बोधन में उन्होंने प्रतियोगिताओं की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। समारोह का संचालन डॉ जनमेजय, डॉ एकता और डॉ वंदना ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ कविता कुमारी ने किया।

## डीएम-एसपी ने डॉ. मनीष को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा है कि पितृपक्ष मेला के दौरान मुझे समाजसेवा का अवसर मिला। मेरे द्वारा लगाए गए शिविर में श्रद्धालुओं को निःशुल्क पानी, चाय, बिस्कुट और विभिन्न प्रकार का प्रसाद उपलब्ध कराया गया। प्रतिदिन हजारों की संख्या में आए पिंडदानियों की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य और पुण्य का कार्य रहा। इस कार्य को जिला प्रशासन द्वारा सराहा गया और गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने मुझे प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान मेरे लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि समाज के प्रति मेरी जिम्मेदारी को और भी अधिक दृढ़ करने वाला प्रेरणा स्रोत है। 'अतिथि देवो भव' की भारतीय परंपरा को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य रहा और इस दौरान जिला प्रशासन का सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। मैं जिला प्रशासन को आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने मेरे छोटे से प्रयास को महत्व देते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। आने वाले समय में भी मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाभाव से कार्य करता रहूंगा।

## सूबे में एनडीए की सरकार में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए : मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**टिकारी।** प्रखंड के पंचानपुर के समीप स्थित रामेश्वर बाग के मैदान में मंगलवार को टिकारी विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री सह गया संसदीय क्षेत्र के सांसद जीतनराम मांझी के साथ एनडीए के सभी घटक दलों के प्रदेश स्तर के नेता मौजूद रहे। नेताओं ने मंच से हम पार्टी से मौजूदा विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया। मगही बोली में जनता को सम्बोधित करते हुए श्री मांझी ने कहा कि देश व सूबे में एनडीए की सरकार में अभूतपूर्व विकास के कार्य किए हैं। 2025 में फिर से नीतीश का नारा बुलंद है व निश्चित तौर पर इस बार एनडीए को विधानसभा में ऐतिहासिक संख्या मिलेगी। जनता विरोधियों को बहुत अच्छे से जान चुकी है उन्हें मौका नहीं देना है। इसके अलावा अन्य मंचासीन नेताओं ने भी डॉ अनिल कुमार के पक्ष में चुनावी अभियान शुरू करने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने संचालन जदयू जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने व धन्यवाद ज्ञापन जदयू नेता प्रो चंद्रशेखर सिंह ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, रालोसपा प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, सरकार के पूर्व मंत्री नागमणि, हम नेता नारायण मांझी, लोजपा जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया व सरकार की उपलब्धि व किये गये विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ अनिल कुमार ने आगामी कार्यकाल में कोंच में डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की बात कही।

**टिकारी मांगे कमलेश के नारे पर भड़के केंद्रीय मंत्री**

सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इसी दौरान लोजपा राम विलास के नेता व टिकारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश शर्मा के पक्ष में कार्यकर्ता पोस्टर व झंडा लहराने लगे। पोस्टर पर टिकारी मांगे कमलेश लिखा था। पोस्टर देख केंद्रीय मंत्री श्री मांझी भड़क गये व मंच पर मौजूद लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को सम्बोधित करते हुए कहने लगे कि टिकारी से अनिल कुमार ही उम्मीदवार होंगे। इस तरह का कृत्य सही नहीं है। हम पार्टी को भी लड़ना आता है। संबोधन के बाद राजू तिवारी ने श्री मांझी को समझाने का पूरा प्रयास किया।

## आपदा प्रबंधन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में मंगलवार को आपदा प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पटना से आई आपदा अवेयरनेस टीम द्वारा कराया गया जो कुल 12 घंटे तक चला। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, थाना और अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सामूहिक समन्वय पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षकों ने विभिन्न आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, आगजनी और सड़क दुर्घटनाओं से निपटने की तकनीक बताई। बैठक में शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी उषा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, आमस सीओ अमित कुमार, प्रखंड उपप्रमुख समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन क्षमता मजबूत होगी और आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी। इस अवसर पर प्रतिभागियों को आपदा के समय सतर्क रहने और ग्रामीणों तक भी जागरूकता फैलाने की अपील की गई। प्रशिक्षण के अंत में टीम ने मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपात स्थिति से निपटने का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया।

## 29 वीं वाहिनी ने किया महिला चिकित्सकों के साथ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** शहर के पटवा टोली में 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गया जी कमांडेंट मधुकर अमिताभ के दिशा निर्देश में 29 वाहिनी के द्वारा महिला चिकित्सकों के साथ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वाहिनी के चिकित्सक डा. कनन हरिदास, सहायक कमांडेंट चिकित्सा के द्वारा गांव के पुरुष एवं महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया और उनका महिला एवं यूनिट चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उनका ब्लड टेस्ट की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ शिविर में स्थानीय ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस क्रम में स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त किया। बताया कि कुल 97 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया जिसमें 20 पुरुष, 76 महिला और 01 बच्चे ने स्वास्थ्य जांच कराया।

## संपन्न जातियों को अति पिछड़ा बनाना सरकार को पड़ सकता है महंगा : प्रो.रामजी चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरारू।** बाजार के परैया रोड स्थित रेखा मैरेज हॉल के सभागार में गुरूआ विधान सभा क्षेत्र का मूल अति पिछड़ा महासम्मेलन का आयोजन रविवार को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन एवं अध्यक्षता अतिपिछड़ों के चर्चित नेता सुजीत कुमार ने किया एवं मंच संचालन प्रदेश नाई संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर ठाकुर ने किया। सम्मेलन में अति पिछड़ा समुदाय के सैकड़ों महिला एवं पुरूषों ने शिरकत किया। इस सम्मेलन के संबंध में प्रदेश अति पिछड़ा संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर रामजी चंद्रवंशी, प्रगतिशील बढ़ई महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, पाल संघ के अध्यक्ष सौरभ कुमार उर्फ कारू पाल, प्रदेश नाई संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर एवं सरजू ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पिछले वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा मूल अति पिछड़ा वर्ग में पिछड़ा समुदाय के कुछ सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, बौद्धिक जातियों को सम्मिलित कर नवजात वृक्ष के जड़ में वृहद पेड़ लगाकर इनके विकास को अवरूद्ध करने का कार्य किया है। इसी अन्याय पूर्ण नीति के विरोध में यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कर्पूरी ठाकुर द्वारा प्रदत्त मूल अति पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को सरकार द्वारा वोट की राजनीति के तहत हनन किया गया है। वक्ताओं ने सम्मेलन में अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किए गए जातियों का खुल्लम खुल्ला विरोध प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ही बताये कि बिहार में कितना ऐसा गांव है जहां नाई, गडेरी, कुम्हार, लोहार, बढ़ई, सिंदुरिया आदि मूल अति पिछड़ा वर्गों का संख्या सैकड़ों में है और उस गांव की पहचान इन जातियों के नाम से है? अगर नहीं तो फिर यह अन्याय क्यों किया गया। पंचायत चुनावों में मूल अति पिछड़ा को आरक्षण दिया गया परन्तु संख्या एवं साधन संपन्न जातियों को सम्मिलित कर दिए जाने से इस आरक्षण का लाभ नव अति पिछड़ा वर्ग द्वारा ही उठाया जा रहा है। मूल अति पिछड़ा इस लाभ से वंचित हो चुका है। गुरूआ विधान सभा क्षेत्र में एनडीए द्वारा अति पिछड़ा के नाम पर एक ही जाति को वर्षों से टिकट दिया जाता है और अति पिछड़ा उन्हें वोट देने का काम करता रहा है, परन्तु यदि इस बार उन नौ अति पिछड़ा वर्ग को एनडीए से टिकट दिया जाता है तो मूल अति पिछड़ा वर्ग प्रत्यक्ष रूप से विरोध करेगा।

## एक नजर

### निवर्तमान सीडीपीओ भावना सिंह का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड की निवर्तमान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) भावना सिंह के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी प्रखंड सहित जिला मुख्यालय और अन्य कार्यालयों में गम का माहौल व्याप्त हो गया। सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी के मुताबिक दिवंगत भावना सिंह डोभी प्रखंड में स्वतंत्र प्रभार पर कार्यरत थी जबकि इमामगंज प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास था। उनके निधन की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की ओर से निर्देश पर विभिन्न कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि भावना सिंह अपने कार्यों के प्रति गंभीर और कर्मठ अधिकारी थीं।

### महिला से मारपीट और लूट, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के आंती गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनी कुमारी, पत्नी स्व. संजय प्रसाद ने थाने में आवेदन देकर बताया कि 17 सितंबर की रात करीब 9 बजे जब वह घर में अकेली थी, तभी गांव के ही सुनील राम, निर्मला देवी, रोशन कुमार और गुंजा कुमारी उसके घर में घुस आए। सभी ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की तथा गले से सोने का गहना और घर में रखा लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये मूल्य का सामान जबरन छीन लिया। महिला ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और घर में बंद कर दिया। किसी तरह शोर मचाने पर वह बच सकी। पीड़िता ने बताया कि हमलावर अक्सर उसके साथ दुर्व्यवहार करते हैं और इस बार जानलेवा हमला किया गया। आंती एसएचओ दीपक कुमार राव ने बताया कि आवेदन प्राप्त कर कांड संख्या 106/25 दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में स्वच्छता अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया में आज स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह एकेडमिक बिल्डिंग से की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ और विकसित समाज की नींव है। हमें केवल एक दिन नहीं बल्कि प्रतिदिन स्वच्छता का पालन करना चाहिए। अभियान के समन्वयक डॉ. शिप्रा सागर, क्लब संयोजक डॉ. प्रलयंकर कुमार सिंह एवं छात्र संयोजक अंकित कुमार ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि जन-जीवन का विकास तभी संभव है जब हम स्वच्छ वातावरण में रहेंगे।

### प्रेमी युगल के मिले शव, विवाहित महिला और युवक की संदिग्ध मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के रौना गुमटी के पास मंगलवार सुबह एक महिला और एक पुरुष का शव बरामद हुआ। मृतकों की पहचान गुरारू थाना क्षेत्र के डीहा गांव निवासी चंदन चौधरी (23 वर्ष) और पूजा देवी (30 वर्ष) के रूप में की गई। पूजा देवी चार बच्चों की मां थी जिनके पति का नाम महादेव गोस्वामी है। वहीं चंदन चौधरी भी एक बच्चे के पिता थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार दोनों कुछ दिन पहले दिल्ली से गांव लौटे थे। पुलिस ने घटनास्थल से चंदन का आधार कार्ड, मोबाइल फोन और जहरीला पदार्थ बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दोनों की हत्या कर मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है।

### हरिओम ज्वेलर्स में एमपी पुलिस का छापा, तीन हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** पीपरपांति मोहल्ला स्थित हरिओम ज्वेलर्स में मंगलवार को मध्यप्रदेश पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने दुकान से सोना जब्त करने का दावा किया है और तीन लोगों को हिरासत में लेकर अपने साथ मध्यप्रदेश ले गई। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश पुलिस विशेष टीम के साथ शेरघाटी पहुंची थी। बिना स्थानीय पुलिस को अग्रिम सूचना दिए सीधे हरिओम ज्वेलर्स पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान दुकान में मौजूद तीन लोगों को पकड़ लिया गया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार पुलिस ने सोना भी जब्त किया है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**

**(गुमशुदा सतवंती कुमारी उम्र–करीब 16 वर्ष)**



डंडई थाना कांड सं0–75/2025, दिनांक–06.08.2025, धारा–137(2), 87 बी0एन0एस0 में गुमशुदा सतवंती कुमारी, उम्र–करीब 16 वर्ष, पिता–रामअवतार सिंह, सा0–बौलिया, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। गुमशुदा सतवंती कुमारी दिनांक–02.08.2025 को बिना किसी को बताये कहीं चली गयी है। उक्त गुमशुदा सतवंती कुमारी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त गुमशुदा लड़की सतवंती कुमारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.362638 Police(25-26):D

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालयः–प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,गढ़वा, कचहरी रोड,फॉरेस्ट कैम्पस गढ़वा**

**(झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0)**

E-mail: dmgarhwa29@gmail.com Contact Number : 06561-222269

**आम नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, जलावन डीपू संचालको, प्रकाष्ठ/जलावन आदि के विक्रेताओं – क्रेताओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार इस प्रमण्डल के वनागारों में प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा द्वारा प्रकाष्ठ, जलावन आदि की बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि विभिन्न वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट सूची प्रमण्डलीय कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा के कार्यालय में कार्यावधि काल में संपर्क कर सकते है। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000/– रू0 (पाँच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना होगा।

| क्र0 | नीलामी स्थल / वनागार का नाम | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | प्रकाष्ठ आदि की किस्में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेतना वनागार | 25.09.2025 | पूर्वाहन् 11:30 बजे से 1:30 बजे अपराहन् तक। | विविध वन पदार्थ एवं जलावन आदि। |

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबंधक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा

PR 362642 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

संपादकीय

# भारतीयों की मुश्किलें बढ़ेंगी

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा वहां काम करने वाले एच-1बी वीज़ा धारकों के लिए जारी नए कार्यकारी आदेश के बाद मचे बवाल के उपरांत व्हाइट हाउस ने स्पष्टीकरण जारी किया है। बावजूद इसके एच 1 बी वीजा की फीस सौ गुना बढ़ाने से अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों की मुश्किलें बढ़ने ही वाली हैं। हालांकि भारत सरकार ने ट्रंप प्रशासन के ताजा आदेश पर संयत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इसका अध्ययन कर रहे हैं। लेकिन इसको लेकर अमेरिका में रहने और वहां काम के लिए जाने के इच्छुक लोगों में भारी अफरातफरी का माहौल है। कई कंपनियों ने अपने भारतीय कर्मचारियों को तुरंत अमेरिका लौटने को कहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जारी आदेश के तहत अब हर नए एच-1बी वीज़ा आवेदक को अमेरिकी सरकार को सालाना 1 लाख डॉलर (क़रीब 88 लाख रुपये) फ़ीस देनी होगी। यह नियम 21 सितंबर 2025 से लागू हो गया है। व्हाइट हाउस ने सफाई दी है कि बढ़ी हुई फीस सालाना नहीं है, बल्कि सिर्फ एक बार ली जाने वाली फ़ीस है। साथ ही यह फ़ीस पहली बार अगले एच-1बी वीज़ा लॉटरी साइकिल में लागू होगी। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि यह नियम केवल नए आवेदनों पर लागू होगा। यह भी बताया गया है कि जिनके पास पहले से एच-1बी वीज़ा है और जो इस समय अमेरिका से बाहर हैं, उनसे देश में दोबारा आने पर एक लाख डॉलर नहीं लिया जाएगा। अमेरिका का यह फ़ैसला उन लाखों भारतीय पेशेवरों को सीधे प्रभावित करेगा जो अमेरिका में काम करने का सपना देखते हैं। दूसरे, इतनी तगड़ी फीस आयद करने का सीधा मतलब भारतीय प्रतिभाओं को अमेरिका आने से रोकना है। इस भारत ने गहरी चिंता जताई है। अभी तक यह फीस कुल मिलाकर लगभग 1500 डॉलर (करीब 1.32 लाख रुपये) थी। जिसे कंपनियां ही चुकाकर भारतीयों को अपने यहां नौकरी पर रख लेती थीं। इसका सर्वाधिक फायदा भारतीयों को मिलता था। यूएस सिटीज़नशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज़ (यूएससीआईसी) के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में मंज़ूर किए गए कुल एच-1बी वीज़ा में 71 प्रतिशत लाभार्थी भारत से थे, जबकि चीन 11.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर था। यानी इस नए नियम का सबसे ज़्यादा असर भारतीयों पर पड़ सकता है। क्योंकि दुनिया भर में भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, डेटा साइंटिस्ट और तकनीकी विशेषज्ञ दुनिया भर में अपनी काबिलियत के लिए पहचाने जाते हैं। एच-1बी वीज़ा लंबे समय से उनके लिए अमेरिका में काम करने का सबसे अहम ज़रिया रहा है। आंकड़े बताते हैं कि भारत से गए पेशेवर अमेरिका की इनोवेशन और स्टार्टअप इकोसिस्टम की रीढ़ रहे हैं। लेकिन नए आदेश के बाद अमेरिकी कंपनियों पर दबाव बनेगा कि वो बाहर से लोगों को लाने की बजाए स्थानीय अमेरिकियों को नौकरी दें। इस संदर्भ में भारतीय विशेषज्ञों का मानना है कि हमारे लोग अमेरिका सिर्फ मौज-मस्ती करने नहीं जाते, बल्कि वहां की तकनीक और प्रणाली को आगे बढ़ाते हैं। बेशक इससे नुकसान भारत को भी होगा, लेकिन सबसे बड़ा नुकसान अमेरिका को होगा। और थोड़े समय बाद अमेरिका को यह समझ आ जाएगा। वैसे भी अमेरिकी आईटी कंपनियां 50 फीसदी नौकरियां स्थानीय लोगों को ही देती हैं। नए आदेश से इसमें खास बढ़ोतरी होने की संभावना नहीं है। लेकिन ट्रंप के ताजा आदेश का असर कुछ समय बाद अमेरिकी भारतीयों द्वारा भारत भेजे जाने वाले पैसे पर भी पड़ेगा। भारतीय वहां से हर साल 10 लाख करोड़ रू. भेजते हैं। ये रकम घटने से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी प्रभावित होगा। कुल मिलाकर ट्रंप प्रशासन किसी भी कीमत पर भारत को झुकाकर अपना पिछलग्गू बनाना चाहता है। लेकिन उसे सफलता नहीं मिलेगी।

# नेपाल में हलचल : भारत को सावधानी की जरूरत

**पिछले कुछ दिनों पहले नेपाल में जो घटनाक्रम शुरू हुआ है वह समूची दुनिया में चर्चा का विषय रहा है और अलग-अलग विचारधाराओं के लो- अपने अपने नजरिये से इसका विश्लेषण प्रस्तुत कर रहे हैं। यह आमतौर पर मानवीय गुण भी है कि किसी घटना होने के बाद अमूमन लो- भविष्य वक्ता, महाविश्लेषक बन जाते हैं परंतु घटना होने के पहले उसके बारे में कोई आशंका या संभावना शायद ही ऐसे किसी मित्र ने व्यक्त की हो। कुछ दिनों पूर्व नेपाल के नौजवान आंदोलनरत थे, किसी के मत के अनुसार ये बेरोजगारी से पीड़ित थे, किसी के मत के अनुसार यह सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफथे। हमारे वामपंथी बुद्धिजीवी मित्र दबे स्वर में यह स्वीकार कर रहे हैं कि राजशाही के खात्मे के बाद वहाँ जो मार्क्सवादियों या वामपंथियों की सरकारें आई उन्होंने भी भ्रष्टाचार किया है परंतु वे इतनी नातेदारी अवश्य निभा रहे हैं कि उन्होंने उन्हें कम भ्रष्टाचार का दोषी माना। मैं समझता हूँ कि यह घटनाक्रम प्रत्यक्ष तौर पर तो अल्प समय में ही प्रकट हुआ परंतु कहीं न कहीं इसकी जड़ें लंबे समय की तैयारी में रही है, और ऐसे प्रयोग दुनिया के कई देशों में पहले भी हो चुके हैं।**

**रघु ठाकुर**

वर्ष 2009-10 के आसपास मिस्र में जेस्मीन रिवोलूशन के नाम से सत्ता परिवर्तन हुआ था। एक अज्ञात लड़की के संदेश पर हजारों लोग तेहरान के चौक पर पहुंच गये। राष्ट्रपति की जान को बचाने के लिये सेना आ गई और सेना ने राष्ट्रपति की सुरक्षा के नाम पर राष्ट्रपति भवन को घेर लिया तथा एक दो दिन बाद राष्ट्रपति का इस्तीफा हो गया। मुस्लिम कट्टरपंथी मोहम्मद मुर्सी राष्ट्रपति बनाये गये और चुनाव के बाद वह भी लापता हो गये। आज उस लड़की और मुरसी का कोई पता नहीं है, बस एक सरकार है जो किसी वैश्विक ताकत के इशारे पर चल रही है। ऐसी ही घटनायें पिछले दिनों इंडोनेशिया, बंगलादेश, श्रीलंका में और कई देशों में हुई हैं। बं-लादेश में भी घोषित अघोषित प्रयास जारी है। बंगलादेश में भी छात्रों के दो समूहों में विवाद हुआ था। एक तो मुक्तिवाहनी के परिजनों को आरक्षण चाहते, व दूसरे उस आरक्षण के खिलाफथे और यह छात्रों के दो समूह का विवाद अचानक समूचे बंगलादेश में फैल गया, सुप्रीम कोर्ट के जजों को भागना पड़ा। कुछ भागते हुये पकड़े गये। एक घंटे के अल्टीमेटम से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा और फिर श्रीमती हसीना के शासनकाल में निर्वासन काट रहे मो. युनूस को सेना ने बंगलादेश में बुलाकर सत्तासीन करा दिया। क्या यह सब आकस्मिक या अचानक शुरू हुए विद्रोह के चलते, जिसमें नौजवानों ने प्रधानमंत्री के घर में घुसकर कब्जा कर लिया था, सभी संवैधानिक संस्थाओं को प्रभावहीन कर दिया गया था और राष्ट्रपति को भागना पड़ा था। अब इसी प्रकार का बदलाव नेपाल में हुआ है। नेपाल की भोगौलिक स्थिति चीन की सीमा से सटी हुई है।

नेपाल के साथ भारत के आजादी के आंदोलन का और समाजवादी नेताओं का गहरा संबंध रहा है। नेपाली कांग्रेस के मुखिया श्री कोइराला जो उस समय शिक्षा के लिये बनारस आये थे, तभी से नेपाली कांग्रेस के नेताओं व समाजवादियों के संबंध रहे हैं। नेपाल में



राजशाही को समाप्त कर, लोकतांत्रिक प्रणाली को स्थापित करने में नेपाली कांग्रेस की आरंभिक भूमिका थी तथा समाजवादी नेताओं का उसमें व्यापक योगदान था। चूंकि नेपाल की बड़ी सीमा भारत से सटी हुई है इसलिये भारत के आजादी आंदोलन का भी संबंध नेपाल से रहा है। जब आजादी के आंदोलन के दिनों में डॉ राममनोहर लोहिया और स्व. जयप्रकाश नारायण अंग्रेज पुलिस की गिरफ्तारी से बचकर आंदोलन चला रहे थे, बाद में अंग्रेजों के दबाव में नेपाल की राजशाही के आदेश पर इन्हें गिरफ्तार कर ब्रिटिश पुलिस को सौंपा गया था। फिर बाद में आजादी के सेनानियों ने पुलिस दस्ते पर हमला कर उन्हें छुड़ा लिया था। इसे याद करने का तात्पर्य यह है कि नेपाल की जनता व नेपाली कांग्रेस के नेता भारत की आजादी के साथ रही है और भारत के समाजवादी नेता नेपाल में राजशाही समाप्त कर लोकतंत्र की स्थापना के लिये सक्रिय सहयोगी रहे हैं। डॉ लोहिया को तो नेपाल के दिल्ली स्थित दूतावास के समक्ष प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तार किया भी गया था, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उन्हें लंबे समय तक तिहाड़ जेल में रखा और समूची दुनिया में इसकी आलोचना के बाद लोहिया व उसके साथियों को रिहा किया गया था। बाद में मार्क्सवादी विचारों के लोग इसमें प्रवेश किये थे। राजशाही समाप्त होने के बाद आरंभिक दिनों में नेपाली कांग्रेस के हाथ सत्ता आई थी परंतु नेपाली कांग्रेस परिवारवाद से उसी प्रकार ग्रसित रही, जिस प्रकार भारत में कांग्रेस नेहरू परिवार से। इसका लाभ मार्क्सवादियों को मिला। राजा महेन्द्र अंदर से तो अनुदार थे परंतु प्रकट में उदारता का नकाब पहने रहते थे। उन्होंने राजशाही को कायम रखने के लिये नेपाल में पंचायती प्रणाली लागू की थी। नीचे पंचायतें और ऊपर राजा थे। वे चतुराई के साथ किसी भी निर्वासित सरकार को स्थाई नहीं होने देते थे। चीन के साथ भी संबंध व समझ बनाकर रखते थे। उनकी परिवार सहित सामूहिक हत्या उनके राज निवास में हुई जिसके योजनाकारों का खुलासा आज तक नहीं हो सका। यह विचित्र है कि अनेकों शासकों की हत्या के पीछे की साजिशकर्ता संस्थाओं व उनके उद्देश्यों का खुलासा नहीं हो पाता। राजा ज्ञानेंद्र के प्रति आम लोगों में कोई विश्वास नहीं था। और अंततः राजशाही का अंत हुआ। नेपाली कांग्रेस के बाद सीधे सीधे मार्क्सवादी लोग निर्वाचित होकर प्रधानमंत्री बने। प्रचंड, देवुबा और अब ओली। परंतु सत्ता और संपत्ति के लालच ने मार्क्सवादियों की एकजुटता तोड़ दी और आपस में इतने मतभेद हुए कि एक सत्रावधि में तीन-तीन प्रधानमंत्री बदले गये और धीरे-धीरे मार्क्सवादी अपनी साख खो बैठे। यह स्वभाविक था कि दुनिया की दूसरी वैश्विक ताकतें जो अपने-अपने वर्चस्व के लिये प्रकट व अप्रकट भूमिका बढ़ा रही है जो रातोंरात सरकारों को बदलवा देती है। मेरी यह समझ है कि मिस्र, इंडोनेशिया, बंगलादेश, नेपाल, अफगानिस्तान और पाकिस्तान इन सभी के पीछे उन वैश्विक ताकतों की भूमिका है और सेना के माध्यम से ये छिपे तौर पर कूप कराये जा रहे हैं, जिन्हें प्रचार व दिखावे के लिये जन विद्रोह बता दिया जाता है। मेरा यह कहना नहीं है कि नेपाल या अन्य देशों में कोई अच्छी ईमानदार या लोकतांत्रिक सरकारें थी। परंतु इनके बदलाव में मुख्य भूमिका वैश्विक ताकतों की प्रायोजित है। यह मत है कि चीन की नाराजगी से नेपाल व बंगलादेश में सरकार बदली गई, यह तर्कसंगत नहीं लगता। क्योंकि सत्ता परिवर्तन के कुछ दिन पूर्व ही श्री ओली व श्रीमती हसीना चीन से सलाह कर लौटे थे। बल्कि इन घटनाओं से लगता है कि चीन की दोस्ती का दंड भी इन सरकारों के खिलाफ विद्रोह करा कर दिया गया। यह निर्विवाद स्त्य है कि जिन-जिन देशों में यह सरकारें बदली वहाँ की संवैधानिक संस्थायें और नेतृत्व अपने-अपने देश में साख खो चुके थे। इसलिये इन सरकारों व संस्थाओं के लिये कोई रोने वाला नहीं है। नेपाल में विदेश नीति के तौर पर भारत की भूमिका का सदैव त्रुटिपूर्ण और वहाँ की जनता को भारत विरोधी बनाने वाली रही है। स्व. राजीव गांधी ने नेपाल पर प्रतिबंध लगाकर नेपाल की सरकार को झुकाना चाहा था, जिससे वहाँ की आम जनता, भारत विरोधी हो गई। नेपाल का आम आदमी का मानना है कि भारत नेपाल को दबाकर रखना चाहता है। 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बाद भी नेपाल को हिंदु राष्ट्र बनाने के लिये दबाव बनाने के आरोप भारत पर लगे थे। नेपाल का पशुपतिनाथ का मंदिर हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। नेपाल के संवैधानिक और संस्थागत चरित्र को बदलने के लिये भारत की कोशिशें नितांत अनुचित ही मानी जायेगी तथा मार्क्सवादियों ने भारत विरोधी वातावरण बनाने में आग में और घी डालने का काम किया। इसके प्रभाव भी हाल के जेन जी (जेनरेशन जी) कहे जाने वाले विद्रोह में दिखे जहां भारतीय उद्यमियों व इलाकों में, भारी आगजनी व विध्वंश किया गया। श्रीमती सुशीला कार्मी नेपाली सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रही हैं, उनको प्रधानमंत्री की शपथ दिलाई गई, परंतु उन पर भी भारत समर्थक होने के आरोप लगे है। क्योंकि उनकी पढ़ाई बनारस में हुई तथा उनके पति श्री दुर्गा सुवेदी जो दिल्ली में हमारे मित्र रहे हैं वह भी काफी समय भारत में रहे।

अध्यात्म

## ऋण तो चुकाना ही होगा

एक सेठ जी बहुत ही दयालु थे। धर्म-कर्म में यकीन करते थे। उनके पास जो भी व्यक्ति उधार मांगने आता, वे उसे मना नहीं करते थे। सेठ जी मुनीम को बुलाते और जो उधार मांगने वाला व्यक्ति होता उससे पूछते कि भाई! तुम उधार कब लौटाओगे? इस जन्म में या फिर अगले जन्म में? जो लोग ईमानदार होते वो कहते- सेठ जी! हम तो इसी जन्म में आपका कर्ज़ चुकता कर देंगे। और कुछ लोग जो ज्यादा चालक व बेईमान होते वे कहते- सेठ जी! हम आपका कर्ज़ अगले जन्म में उतारेंगे। और अपनी चालाकी पर वे मन ही मन खुश होते कि क्या मूर्ख सेठ है! अगले जन्म में उधार वापसी की उम्मीद लगाए बैठा है। ऐसे लोग मुनीम से पहले ही कह देते कि वो अपना कर्ज़ अगले जन्म में लौटाएंगे और मुनीम भी कभी किसी से कुछ पूछता नहीं था। जो जैसा कह देता मुनीम वैसा ही बही में लिख लेता। एक दिन एक चोर भी सेठ जी के पास उधार मांगने पहुँचा। उसे मालूम था कि सेठ अगले जन्म तक के लिए रकम उधार दे देता है। हालांकि उसका मकसद उधार लेने से अधिक सेठ की तिजोरी को देखना था। चोर ने सेठ से कुछ रुपये उधार मांगे, सेठ ने मुनीम को बुलाकर उधार देने को कहा। मुनीम ने चोर से पूछा- भाई! इस जन्म में लौटाओगे या अगले जन्म में? चोर ने कहा- मुनीम जी! मैं यह रकम अगले जन्म में लौटाऊँगा। मुनीम ने तिजोरी खोलकर पैसे उसे दे दिए। चोर ने भी तिजोरी देख ली और तय कर लिया कि इस मूर्ख सेठ की तिजोरी आज रात में उड़ा दूँगा। वो रात में ही सेठ के घर पहुँच गया और वहीं भैंसों के तबेले में छिपकर सेठ के सोने का इन्तजार करने लगा। अचानक चोर ने सुना कि भैंसे आपस में बातें कर रही हैं और वह चोर भैंसों की भाषा ठीक से समझ पा रहा है। एक भैंस ने दूसरी से पूछा- तुम तो आज ही आई हो न, बहन! उस भैंस ने जवाब दिया- हाँ, आज ही सेठ के तबेले में आई हूँ, सेठ जी का पिछले जन्म का कर्ज़ उतारना है और तुम कब से यहाँ हो? उस भैंस ने पलटकर पूछा तो पहले वाली भैंस ने बताया- मुझे तो तीन साल हो गए हैं, बहन! मैंने सेठ जी से कर्ज़ लिया था यह कहकर कि अगले जन्म में लौटाऊँगी। सेठ से उधार लेने के बाद जब मेरी मृत्यु हो गई तो मैं भैंस बन गई और सेठ के तबेले में चली आयी। अब दूध देकर उसका कर्ज़ उतार रही हूँ। जब तक कर्ज़ की रकम पूरी नहीं हो जाती तब तक यहीं रहना होगा। चोर ने जब उन भैंसों की बातें सुनी तो होश उड़ गए और वहाँ बंधी भैंसों की ओर देखने लगा। वो समझ गया कि उधार चुकाना ही पड़ता है, चाहे इस जन्म में या फिर अगले जन्म में उसे चुकाना ही होगा। वह उल्टे पाँव सेठ के घर की ओर भागा और जो कर्ज़ उसने लिया था उसे फटाफट मुनीम को लौटाकर रजिस्टर से अपना नाम कटवा लिया। हम सब इस दुनिया में इसलिए आते हैं, क्योंकि हमें किसी से लेना होता है तो किसी का देना होता है। इस तरह से प्रत्येक को कुछ न कुछ लेने देने के हिसाब चुकाने होते हैं। इस कर्ज़ का हिसाब चुकता करने के लिए इस दुनिया में कोई बेटा बनकर आता है तो कोई बेटी बनकर आती है, कोई पिता बनकर आता है तो कोई माँ बनकर आती है, कोई पति बनकर आता है तो कोई पत्नी बनकर आती है, कोई प्रेमी बनकर आता है तो कोई प्रेमिका बनकर आती है, कोई मित्र बनकर आता है तो कोई शत्रु बनकर आता है, कोई पढ़ोसी बनकर आता है तो कोई रिस्तेदार बनकर आता है। चाहे दु:ख हो या सुख हिसाब तो सबको देने ही होते हैं।

# पाकिस्तान की 'सऊदी अरब' से रक्षा संधि और भारत की चिंताएं

**17 सितम्बर 2025 को रियाद में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच एक ''रणनीतिक द्विपक्षीय रक्षा समझौता'' हुआ। यह स्वतंत्र पाकिस्तान के इतिहास की पहली औपचारिक रक्षा संधि है। यद्यपि चीन और अमेरिका जैसे देशों से पाकिस्तान को लंबे समय से सैन्य सहयोग मिलता रहा है, परन्तु 'कुएँ में कबूतर का भरोसा' कहावत के अनुरूप पाकिस्तान ने ''औपचारिक'' सुरक्षा की गारंटी सऊदी अरब से पहली बार बन पाई है। भारत और सऊदी अरब के रिश्ते सदैव सौहार्दपूर्ण रहे हैं। यही सऊदी अरब है, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (2016) और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह (2010) को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुल अजीज साश' से अलंकृत किया था। जबकि पाकिस्तान का कोई भी शासक इस सम्मान से अब तक वंचित रहा है। ऐसे में यह रक्षा संधि भारत के लिए स्वाभाविक ही चिंताजनक और चौंकाने वाली है।**

**राजीव खण्डेलवाल**

संधि की शर्तों के अनुसार यदि किसी एक देश पर ''आक्रमण'' होने पर दोनों ''देशों पर हमला'' माना जाएगा, तब दोनों संयुक्त प्रतिरोध करेंगे-सैन्य शक्ति सहित (क्या इसमें परमाणु क्षमता भी निहित है?)। यह परमाणु बम की ''छत्र छाया'' एक तरफ सऊदी अरब के लिए इजराइल और दूसरी ओर पाकिस्तान के लिए भारत को इंगित करते हुए केंद्रित है? सऊदी अरब भली-भांति इस बात को जानता है कि विश्व में भारत का दुश्मन नंबर एक कोई है, तो वह पाकिस्तान ही है। लगभग पांच महीने पूर्व ही पहलगाम में इसी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष नागरिकों की महिलाओं के सामने नृशंस हत्या और 15 दिन बाद जवाबी कार्रवाई में भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' इस संदर्भ को और अधिक गंभीर बनाता है। बावजूद इस तथ्य के कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' प्रारंभ होने के तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को ''नाक रगड़कर'' भारत से सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील करनी पड़ी।

ऑपरेशन सिंदूर के समय केवल इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया। विपरीत इसके चीन, तुर्किये, अजरबैजान और मलेशिया पाकिस्तान के साथ खड़े रहे। तुर्की ने तो सैन्य साधन भी मुहैया कराए, जिसके विरोध में भारत में बहिष्कार तक की मुहिम चली। आश्चर्य यह कि विश्व के किसी भी देश ने पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम पहुंचने वाले पाकिस्तान को आतंकवाद-जनित भूमिका की आलोचना नहीं की। पाकिस्तान ने इसी दौर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा संस्थानों से ऋण लेकर अपनी जर्जर अर्थव्यवस्था को संभालने की कुछ सफल कोशिश की। 26/11 मुंबई हमले जैसी वैश्विक आतंकवादी घटना के कारण पाकिस्तान की एक आतंकवादी देश के रूप में ''पहचान'' बनने के बावजूद अमेरिका की मदद से वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष और अफगानिस्तान तालिबान पर प्रतिबंध समिति अध्यक्ष तक बन बैठा। दरअसल, पाकिस्तान की इस दोहरी नीति-'एक ओर आतंकवाद का पोषण, दूसरी ओर आतंकवाद-रोधी मंच पर भागीदारी'' के बावजूद यह कूटनीतिक उसके लिए कैसे लाभकारी सिद्ध होती आई है, भारत के लिए यह ''शोध'' का विषय होना चाहिए।

सऊदी अरब पाकिस्तान का सदैव करीबी सहयोगी रहा है। 1960 के दशक में ही सऊदी ने पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया था। यमन युद्ध के समय पाकिस्तान ने सऊदी सीमाओं की रक्षा की। 1979 में मक्का की ग्रैंड मस्जिद कब्जे के दौरान पाकिस्तानी बलों ने निर्णायक भूमिका निभाई। 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी सऊदी खुलकर पाकिस्तान के साथ खड़ा था।

हाल ही में इजराइल द्वारा कतर (दोहा) में हमास नेताओं पर हवाई हमलों के बाद खाड़ी देशों का अमेरिका पर भरोसा कम हुआ है। शायद इसी कारण सऊदी को पाकिस्तान से औपचारिक रक्षा संधि करनी पड़ी है। संधि का एक निहित संदेश




इजराइल के लिए है। यदि उसने सऊदी पर हमला किया, तो पाकिस्तान परमाणु शक्ति का प्रयोग कर सकता है। यही कारण है कि कुछ अतिवादी विश्लेषक इसे 'मुस्लिम देशों के सामूहिक सैन्य गठबंधन' की शुरुआत मान रहे हैं। यदि अरब खाड़ी देश पाकिस्तान से इस प्रकार के समझौते करते रहे तो क्या पाकिस्तान एक 'मुस्लिम बम' बनाने में सफल होगा? यह भारत के लिए निश्चित ही गंभीर सवाल है। सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। लगभग 25 लाख भारतीय नागरिक वहाँ निवासरत हैं। ऐसे में यह संधि भारत के लिए केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक दृष्टि के साथ भारतीय नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से भी संवेदनशील है। यद्यपि सऊदी सरकार ने आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया है कि यह समझौता भारत-सऊदी संबंधों को प्रभावित नहीं करेगा, परन्तु इसे ''मासूम झूठ'' ही कहा जाएगा। क्योंकि यदि भारत पाकिस्तान-प्रेरित आतंक पर पाकिस्तान के विरूद्ध सैन्य अभियान छेड़ेगा (जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमा में घुसकर मारा है यह दावा भारत ने लगातार किया गया था) सैन्य अभियान छेड़ेगा तो सऊदी का रुख संधि की शर्तों के अनुसार पाकिस्तान की ओर झुका हुआ हो सकता है, बशर्ते सऊदी भारत के साथ गरम जोशीले संबंधों को देखते हुए उक्त शर्त को मानने से इनकार कर पाकिस्तान के साथ ''विश्वासघात'' न कर दे? पर प्रश्न यह है कि क्या भविष्य में ऐसा हो पाएगा?

चिंताजनक तथ्य यह भी है कि भाजपा हो या कांग्रेस-भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस पर कोई सशक्त प्रतिक्रिया नहीं दी है। केवल कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने इसे 'भारत की कूटनीतिक असफलता' बताया है, और याद दिलाया कि पहलगाम हमले के समय प्रधानमंत्री मोदी स्वयं ''सऊदी अरब'' में मौजूद थे, जो अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर तुरंत वापिस भारत लौटे। इस तथ्य को सऊदी अरब के राजा सलमान बिन अब्दुल अजीज ने संधि करते समय ध्यान में अवश्य रखा होगा? समालोचक/आलोचकों को इस बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए भारत में इस संधि पर कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं हुई है? इसका एकमात्र कारण क्या यह नहीं हो सकता है कि यह संधि सिर्फ दोनों राष्ट्रों पर ''हमला होने'' पर ही लागू होगी, ''हमला करने'' पर नहीं। मतलब जब पाकिस्तान पर हमला होगा, तभी संधि लागू होगी। भारत की शुरू से ही यह नीति रही है कि उसने कभी भी पाकिस्तान पर हमला नहीं किया है, बल्कि पाकिस्तान द्वारा हमला करने पर या आतंकी कार्रवाई के प्रत्युत्तर में ही सैन्य कार्रवाई की है। पाकिस्तान के लिए यह सिद्ध करना मुश्किल होगा कि भारत ने आक्रमण किया है। इसलिए हमें निश्चिंत होकर सो जाना चाहिए? हां इस संधि से भारत को एक सीख जरूर लेनी चाहिए कि चीन की सैन्य ताकत और भारत के साथ लगातार चल रहे सीमावर्ती तनाव को देखते हुए भारत को भी विश्व में मित्र राष्ट्रों के साथ इसी तरह की रक्षा संधि करने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। सऊदी-पाक रक्षा संधि केवल एक द्विपक्षीय रक्षा करार नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन में बदलाव का संकेत भी है। भारत को यह समझना होगा कि पाकिस्तान धीरे-धीरे आतंकवादी छवि से बाहर निकलकर ''डिप्लोमेटिक खिलाड़ी'' बनता जा रहा है। अरब-खाड़ी देशों में बढ़ता पाक प्रभाव भारत की आर्थिक-सामरिक स्थिति के लिए चुनौती है। सबसे बड़ी चिंता यह कि भविष्य में यदि 'मुस्लिम सैन्य गठबंधन'' मूर्त रूप लेता है, तो भारत की रणनीतिक स्थिति जटिल हो जाएगी।

## आज का कार्टून

राहुल गांधी के समर्थन में आए संजय राउत, कहा- महाराष्ट्र में महायुति के 90 प्रतिशत विधायक वोट चोरी से जीते




## राशिफल

**मेष**
नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। आपको मौके पर लोगों की मदद नहीं मिल पायेगी। जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों के कारण हानि हो सकती है।

**वृषभ**
अपनी प्रतिभा का उचित लाभ नहीं उठा पायेंगे। वरिष्ठ व्यक्तियों की अवहेलना न करें। तनाव के कारणों को पहचानें और उनसे बचें।

**मिथुन**
समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।

**कर्क**
समय अनुसार आपके सभी काम बनते जायेंगे। बच्चों के साथ आपका समय अच्छे से बीतेगा। सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं।

**सिंह**
आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। बेरोजगार लोगों की नौकरी की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके सम्पर्क विकसित होंगे।

**कन्या**
दूसरों की सहायता करने से आत्मसन्तुष्टि की अनुभूति होगी। मन में बेचैनी का भाव आ सकता है। पूर्व में बनी हुयी योजनाओं पर ही काम करें।

**तुला**
आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। भाई-बहनों की उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होगी। मन का तनाव दूर होगा। व्यर्थ के कार्यों से स्वयं को दूर रखें।

**वृश्चिक**
आप रचनात्मक विचारों के कारण प्रशंसा के पात्र बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आप बहुत मेहनत करेंगे। परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिये दिन काफी अच्छा है।

**धनु**
धैर्य और संयम के कारण आपको सफलता मिलेगी। बड़ी व्यापारिक डील हो सकती है। विचारों को सकारात्मक बनाये रखें। प्रियजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**मकर**
विदेश में शिक्षा ले रहे छात्रों को अध्ययन में थोड़ी असुविधा महसूस होगी। मन में थोड़ी अशान्ति हो सकती है। यदि महँगी वस्तुओं को खरीद रहे हैं तो पहले उनकी थोड़ी जाँच-परख कर लें।

**कुंभ**
नयी तकनीक के अध्ययन के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। विरोधियों के ऊपर वर्चस्व स्थापित कर पायेंगे।

**मीन**
दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छा रहेगी। बदलते मौसम के कारण आपके शरीर में थकावट हो सकती है। राजनैतिक गतिविधियों में आपका मन लगेगा।

# दिनकर की रचनाओं में सबल भावनाओं का संचार : राज्यपाल

## पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** मेरी उतनी योग्यता तो नहीं है कि दिनकर जी की साहित्य की समीक्षा करूं। दिनकर एक नामवर साहित्यकारों में थे। ये बातें मंगलवार को आदर्श ग्राम सिमरिया के हाई स्कूल के प्रांगण में दिनकर जी के 117वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कही। राज्यपाल ने कहा दिनकर जी की रचनाओं में नया जोश, देश को बनाने सबल भावनाओं को संचार किया। यह वह धरती है जिसने दिनकर जैसे पुत्र को पैदा किया। भारतीय संस्कृति की समझ को पैदा करने के लिए उनकी पुस्तक मील का पत्थर पैदा किया है। आज भी पूरे भारत में उनकी कविताओं से प्रेरणा ली जाती है। जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के 117वीं जयंती के अवसर पर राजकीयकृत रामधारी सिंह दिनकर स्मारक उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मंगलवार को सिमरिया पहुंचे महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात राज्यपाल के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। मौके पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उपविकास आयुक्त, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा दिनकर जी के कविताओं से प्रेरणा लेने की बात कहीं गई, साथ ही उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सांसद-सह-केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, विधायक कुंदन कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केंद्र अररिया अपने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर फॉर्म आफ केवीके और एआईसीआरपी के बैनर तले गैर आईसीआर कवि के प्रति अन्याय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आज कृषि विज्ञान केंद्र अररिया में एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल किया, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के सभी कर्मचारी ने अपना प्रमुख मांग आर एस बड़ौदा समिति की सिफारिश को लागू किया जाए एवं रिपोर्ट के अनुरूप एक कवि के एक नीति का क्रियान्वयन हो, अवसर और समानता सुनिश्चित की जाए, केवीके का होस्ट संगठन कोई भी हो सभी श्रेणी के लिए कर्मचारियों के लिए वेतन सामान्य लाई जाए, तथा सभी स्वीकृत भक्तों को शामिल किया जाए, सभी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति लाभों को समान रूप से लागू किया जाए, कृषि विज्ञान केंद्र को योजना से गैर योजना में परिवर्तित किया जाए, बड़ौदा समिति की सिफारिश के अनुसार वैज्ञानिकों की नियुक्ति में सामान्य लागत लाकर यूजीसी वेतनमान सुनिश्चित किया जाए।

## एक नजर

### पीएचसी में चार अधिकारी नियुक्त

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी नावकोठी में चार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने योगदान किया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि योगदान करने वाले सीएचओ सुमानी कुमारी, प्रियदर्शनी कुमारी, राजा कुमार तथा जुली कुमारी है। सुहानी को स्वास्थ्य उपकेंद्र चक्का, प्रियदर्शनी कुमारी को नवसृजित स्वास्थ्य उपकेंद्र पहसारा, जुली कुमारी को स्वास्थ्य उपकेंद्र पहसारा तथा राजा कुमार को स्वास्थ्य उपकेंद्र रजाकपुर आवंटित किया गया है। इन सीएचओ की तैनाती से उपकेंद्र द्वारा संचालित विभागीय कार्यों के संपादन में गति मिलेगी।

### तीन दिवसीय गैर आवासीय ट्रेनिंग

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाईट सभागार में समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय गैर आवासीय ट्रेनिंग की शुरुआत की गई। ट्रेनर कमल कुमार मौर्य व विश्वनाथ प्रसाद ने चिह्नित शिक्षकों को प्रत्येक स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की पहचान करने के तौर तरीके को बताया। पहचान किये गए दिव्यांग बच्चों का स्क्रीनिंग करने, यू डायस पोर्टल पर इनरोलमेंट करने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने में सहयोग करने, इस प्रमाण पत्र से मिलने वाली सहायता, सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, सामान्य बच्चों के साथ समावेशित कर बेहतर शिक्षण हेतु शिक्षण उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर नोडल शिक्षक संतोष कुमार, ऋतु राज, रेणु कुमारी, अजीत कुमार, सुमन कुमार, विनय कुमार, पूनम कुमारी, इंदु कुमारी, रजनीश कुमार, प्रीति कुमारी,साधना चौधरी, ऋतु राज, संजीव कुमार, बिमल कुमार, सहित अन्य मौजूद थे।

### बाल श्रमिक को कराया विमुक्त

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धावा दल की टीम ने एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर और श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर और स्थानीय पुलिस के सहयोग से गजराजगंज बाजार के पास से 1 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति को प्रस्तुत किया गया। टीम ने नियोजक जितेंद्र कुमार साह पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिक को मुक्त कराने के लिए आरा सदर प्रखंड के विभिन्न बाजारों पर धावा दल की टीम ने जगह जगह पर छापेमारी किया। इस दौरान प्रिंस फास्टफूड, केक पैलेस, गजराजगंज काली मंदिर के बगल से एक बालश्रमिकों को विमुक्त कराया गया। इस धावा दल की टीम की अगुवाई करते हुए अखिलेश कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, गड़हनी प्रभार उदवंतनगर, हेमंत कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आरा सदर, सुगीता कुमारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कोईलवर, और संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर से बीरेंद्र सिंह, संजीत कुमार सिंह एवं स्थानीय पुलिस शामिल थे।

# राष्ट्रकवि की 117वीं जयंती पर श्रद्धासुमन

## रिफाइनरी प्रमुख ने किया माल्यार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** मंगलवार को पद्मभूषण राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 117वीं जयंती पर जीरो माईल स्थित उनकी प्रतिमा पर रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश बरौनी रिफाइनरी ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। 1908 को जन्मे रामधारी सिंह दिनकर एक भारतीय हिंदी कवि, निबंधकार और देशभक्त थे। जिन्हें सबसे महत्वपूर्ण आधुनिक हिंदी कवियों में से एक माना जाता है। उनकी कविता ने वीर रस का विस्तार किया, और उनकी प्रेरक देशभक्ति रचनाओं के कारण उन्हें राष्ट्रकवि (राष्ट्रीय कवि) के रूप में प्रतिष्ठित किया गया। श्री दिनकर की प्रसिद्ध रचनाओं में शामिल कुरूक्षेत्र, रश्मिरथी, संस्कृती के चार अध्याय और उर्वशी है। उन्हें उर्वशी के लिए भारती ज्ञानपीठ पुरस्कार एवं संस्कृति के चार अध्याय के लिए साहित्य अकादमी से सम्मानित

# बीएड कॉलेज में स्टूडेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## नवप्रशिक्षुओं के लिए छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## नामांकन समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन विक्रमपुर में महाविद्यालय के नामांकन समिति के तत्वाधान में नव प्रशिक्षुओं के लिए छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के सचिव राज किशोर सिंह, प्रबंधन समिति के सदस्य अगम कुमार, प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह एवं सभी प्राध्यापकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही स्व. तारा देवी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के सचिव राज किशोर सिंह ने कहा कि आप सभी नव नामांकित छात्र-छात्राएं देश के भविष्य निर्माता है। समाज का उत्थान और पतन शिक्षकों के हाथों में ही है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अगम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय परिवार आप सभी को शिक्षण के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही आप सभी से भी सहयोग की अपेक्षा रखती है। जिस तरह हम अपने परिवार में एक दूसरे का सहयोग करते हैं। बिल्कुल उसी भावना के साथ हमें महाविद्यालय को भी लेकर चलना है ताकि आप और हम अनुकूल वातावरण का निर्माण कर सकें। पूरे ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान सभी नव प्रशिक्षुओं ने एक दूसरे को अपना परिचय दिया और साथ ही महाविद्यालय के नियमों एवं तौर तरीकों के बारे में जाना।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एमसी–16–5–एमसीसी–एएसएन–2025–28, दिनांक 19.09.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए आसनसोल कोचिंग डिपो की यंत्रचालित कोच सफाई, यार्ड की सफाई, पिट की सफाई, सेवा भवन । **निविदा मूल्य :** रु. 6,16,84,192.69 **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.10,000/–, **बयाना राशि :** रु. 4,58,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** कार्य शुरू होने से 03 वर्ष। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 13.10.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-190/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# दिनकर के काव्य में आध्यात्म, ओज, वीरता का समावेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग एवं दिनकर चेयर के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रकवि दिनकर के साहित्य की प्रासंगिकता' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का उद्घाटन मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. मंजू राय, दिनकर चेयर अध्यक्ष प्रो. प्रभाकर पाठक, विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मध्य प्रदेश के प्राचार्य प्रो. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित और राष्ट्रकवि को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रो. पाठक ने कहा कि दिनकर जानिशार हैं। उनके काव्य में अध्यात्म, श्रृंगार और वीरता तीनों का स्वर मिलता है। दिनकर इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि वह बहु स्वरीय हैं। उन्होंने केवल एक स्वर पकड़ कर नहीं रखा। दिनकर मानते थे कि हिन्दू और मुसलमान की एकता से ही भारतीय समाज उन्नति कर सकेगा। विशिष्ट अतिथि वक्ता प्रो. रोहिताश्व शर्मा ने कहा कि आज के दौर में संस्कृति के सही अर्थो को समझना और भी आवश्यक है। इस मौके पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. मंजू राय ने कहा कि अपने देश की कला, संस्कृति और साहित्य का सम्मान किस रूप में करना चाहिए, यह हमें दिनकर से सीखना चाहिए। विषय प्रवेश करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार ने कहा कि दिनकर के साहित्य की प्रासंगिकता वर्तमान समय में पहले से भी अधिक बढ़ चुकी है। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सुमन ने तथा दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो. विजय कुमार ने की। दोनों सत्रों का संचालन डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र प्रसाद, राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव, डॉ. मुकुल बिहारी वर्मा, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमरीश कुमार झा, डॉ.विनीता कुमारी, अरविंद महिला कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका डॉ. प्रिया कुमारी, डॉ. मधु प्रभा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. कुमारी सुषमा आदि ने भी अपनी बातें रखीं। तीसरे सत्र में शोधार्थी मलय नीरव, जय प्रकाश, कंचन रजक, अपर्णा, शिवानी, अंशु, बबीता, रोहित पटेल, बेबी कुमारी, शोध आलेखों का पाठ किया। इस सत्र का संचालन शोधार्थी समीर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुभद्रा ने किया।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मना

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय आयुर्वेदिक औषधालय में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मंगलवार को मनाया गया। डा. अश्विनी कुमार ने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में निदान हमेशा रोगी का समग्र रूप से किया जाता है। चिकित्सक रोगी की आंतरिक शारीरिक विशेषताओं और मानसिक प्रवृत्ति पर ध्यान देता है। वह प्रभावित शारीरिक ऊतकों, द्रव्यों, रोग के स्थान, रोगी की प्रतिरोधक क्षमता और जीवन शक्ति, उसकी दिनचर्या, आहार संबंधी आदतों, नैदानिक स्थितियों की गंभीरता, पाचन की स्थिति और रोगी की व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति जैसे अन्य कारकों का भी अध्ययन करता है। ड ललित कुमार ने कहा कि आयुर्वेद के प्रमुख उद्देश्यों में स्वास्थ्य का रखरखाव और संवर्धन, रोग की रोकथाम और बीमारी का इलाज शामिल है।रोग के उपचार में शरीर के मैट्रिक्स या उसके किसी भी घटक भाग के असंतुलन के लिए जिम्मेदार कारकों से बचना शामिल है। जिसके लिए पंचकर्म प्रक्रियाओं, दवाओं, उपयुक्त आहार, गतिविधि और दिनचर्या का उपयोग किया जाता है। ताकि संतुलन बहाल किया जा सके और शरीर के तंत्र को मजबूत किया जा सके, ताकि भविष्य में रोग की घटना को रोका जा सके या न्यूनतम किया जा सके। डा. एस एन पोद्दार, डा. हेमचन्द महतो, डा. कुन्दन कुमार आदि ने वर्तमान समय में चिकित्सा के क्षेत्र में आयुर्वेद को अपनाने की सलाह दी।

### पल्स पोलियो अभियान की बैठक

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान के सफल क्रियांवयन हेतु प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में आयोजित की गई। अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम संपादन हेतु 42 हाउस टू हाउस टीम, 8 ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है।

# दीपिका चन्द्रा को मिला मैसाम युवा सम्मान-2025

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** मैथिली की युवा रचनाकार दीपिका चन्द्रा को उनकी लिखी कविता संग्रह 'चौकठिसँ चान दिस' के उत्कृष्ट सृजन के लिए वर्ष 2025 का 'मैसाम युवा सम्मान' दिया गया। मैथिली साहित्य महासभा (मैसाम) के तत्वावधान में दिल्ली में रविवार की देर शाम आयोजित भव्य समारोह में साहित्य अकादमी के पूर्व मैथिली प्रतिनिधि अशोक अविचल, सेवानिवृत्त आईपीएस सह पूर्व डीजी संजय कुमार झा, मैसाम अध्यक्ष राहुल झा व महासचिव सोनी चौधरी ने प्रशस्ति पत्र के साथ 25 हजार रुपये का चेक उन्हें प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर 'मैथिली कविता आलोचनात्मक विकास एवं वर्तमान परिदृश्य' विषय पर मैसाम के 11वें एकल व्याख्यानमाला का आयोजन भी किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अशोक अविचल ने कहा कि मैथिली कविता के आलोचनात्मक विकास के निहितार्थ अत्यंत व्यापक रहे हैं। यह आरंभिक दौर से ही काफी समृद्ध रहा है। इसका विकास विद्यापति जैसे कवियों से शुरू हुआ, जिन्होंने जनता की भाषा में रचनाएं कर मौखिक परंपराओं, लोक साहित्य और आधुनिक विषयों यथा, सामाजिक पतन, राजनीतिक अराजकता और पर्यावरण आदि विषयों को अपनाकर समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि कवि कोकिल विद्यापति ने जनता की भाषा में कविताएं लिखकर मैथिली साहित्य को खूब लोकप्रिय बनाया, जिससे यह संस्कृत के प्रभुत्व वाले कालखंड में भी जीवंत बने रहने में सक्षम हो सकी। अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईपीएस सह पूर्व डीजी संजय कुमार झा ने की। अतिथियों का स्वागत करते हुए राहुल झा ने मैसाम की स्थापना के उद्देश्य, इसकी विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी कार्य योजना की विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर मैसाम की अर्धवार्षिक मुख पत्रिका 'अपूर्वा' के छठे अंक के साथ कवि राजकिशोर झा की पुस्तक 'चाणक्य' का लोकार्पण किया गया। अखिलेश कुमार मिश्र के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन मैसाम महासचिव सोनी चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मैसाम कार्यकारिणी के सदस्यों तपन झा, सुबोध झा, हेमंत झा, संजीव सिन्हा, आशीष नीरज, उज्ज्वल कुमार झा, चंदन झा, प्रेम चौधरी, मनोज झा, निवेदिता झा, राहुल झा वत्स, अरुण कुमार मिश्र, सूर्य नारायण यादव, सुधा ठाकुर, पंकज झा, आनंद दास, पवन ठाकुर, रीता ठाकुर, राज किशोर मिश्र, बबली झा, अभय नाथ मिश्र, रितेश झा, पंकज भास्कर, संजय झा, कविता झा, सरोज झा, रूपेश राजन, सुजीत कुमार आदि सहित मिथिला के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला शाखा ने मंगलवार को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों झंडा बैनर के साथ शहर में जुलूस भी निकाला। समाहरणालय गेट पर जुलुस सभा में तब्दील हो गई। उपाध्यक्ष शंकर मोची ने सभा की अध्यक्षता की। राज्य कर्मियों के बढ़ते दबाव के कारण 16 जनवरी को आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। जिसकी अभी तक बिधिवत गठन नहीं की गई है। जबकि इसे जनवरी 2026 से लागू किया जाना है। सरकार जानबूझकर कर इस मामले को लटका रही है। जिससे करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ये बातें प्रर्दशन सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशि कांत राय ने कही। जिला मंत्री मोहन मुरारी ने कहा सरकार द्वारा कर्मचारी एवं मजदूर हित में कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया जाना सरकार के कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी नीति को दर्शाता है। स्थानीय स्तर पर जिला पदाधिकारी से सभी संवर्ग के कर्मियों की वरीयता सूची का प्रकाशन, सेवा संपुष्टि, एसीपी एमएसीपी का लाभ यथाशीघ्र देने, ससमय वेतन मानदेय का भुगतान, वर्षों से लंबित विभागीय कारवाई का यथाशीघ्र निष्पादन, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति का लाभ सहित अन्य बिन्दुओं के समाधान की मांग जिलाधिकारी से की। सभा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय, जिला मंत्री मोहन मुरारी के अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष शंकर मोची, अनिल कुमार गुप्ता, रामानंद सागर, सुनील कुमार, सिकंदर कुमार, जितेन्द्र कुमार,जितेन्द्र राय, अजय कुमार, कमल कुमार, गौतम कुमार, प्रीति कुमारी, सुधा कुमारी, रेणु कुमारी, पूजा, अनुप्रिया, राहुल, अमित सहित दर्जनों कर्मियों ने किया। अंत में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात प्रर्दशन सभा की कार्रवाई समाप्त की गई।

# पानी की किल्लत को लेकर सड़क जाम

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के डुमरा मोहन पंचायत के डुमरा गांव में पिछले दस-पंद्रह दिनों से जारी पानी की गंभीर समस्या को लेकर सोमवार की सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सुबह करीब आठ बजे से ही डुमरा गांव से होकर गुजरने वाले रोसड़ाऽबहेरी मुख्य सड़क मार्ग सहित गांव के चौराहे पर बांस-बल्ला लगाकर यातायात पूरी तरह ठप कर दिया। अचानक हुए इस जाम से सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में बने पानी टंकी से पिछले 10 दिनों से सप्लाई पूरी तरह बंद है। मोटर में गड़बड़ी होने की बात कहकर विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी केवल आश्वासन देते आ रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप हर परिवार को पीने का पानी जुटाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। कई लोग पड़ोसी गांवों से पानी ढोकर किसी तरह अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पानी टंकी से डुमरा पंचायत ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों को भी पानी की आपूर्ति होती थी। लेकिन मोटर खराब होने से पिछले कई वार्डों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। पंचायत प्रतिनिधियों और शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय को लिखित आवेदन देकर शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।


बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह

**सूचना**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2025–26 दिनांक–10.09.2025 जिसका PR-014493 (WRD) 2025-26 एवं प्रकाशित तिथि–12.09.2025 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

(ई० राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता,
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह।

PR- 015629 ( W R D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/58, दिनांक: 22.09.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 21251441,** एकत्रित अवस्था में बैक प्लेट और पैकिंग पीस के साथ डोरवे क्रॉस बार प्रेसिंग आदि, रु. 1,94,770/- **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(2) 08251529,** मेन एवं अर्थ कनेक्शन केबलों का सेट, रु.1,31,850/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(3) 20252196,** एक्सल बेयरिंग (प्लेन स्लीव बेयरिंग), रु. 5,30,530/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 23.10.2025, **समय :** 13.30 बजे,**(4) 20251017ए,** ए/बॉक्स गाइड के लिए हेलिकल स्प्रिंग, रु.1,54,280/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(5) 06251284ए,** प्रथम एसी कोचों के लिए अग्निरोधी कर्टेन फैब्रिक क्लॉथ का क्रय आदि, रु.1,39,050/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(6) 20251924ए,** ए/बॉक्स गाइड के लिए हेलिकल स्प्रिंग, रु. 3,60,060/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(7) 11251657,** एक्सल बॉक्स हाउसिंग फिनिश मशीन्ड आदि का क्रय, रु.5,38,480 /-, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.10.2025, **समय :** 13.30 बजे,**(8) 01251428,** 'वी' बेल्ट आदि के मैच्ड सेट का क्रय, रु.1,17,130/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(9) 16251007,** 42 केवी, 10 केए, मेटल ऑक्साइड गैपलेस टाइप लाइटनिंग अरेस्टर, रु. 1,48,420/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(10) 15245096बी,** मैग्नेटिक पार्टिकल इंस्पेक्शन इक्विपमेंट, रु. 1,91,160/- **(11) 22251255ए,** इंज. ह्यूमन एल्ब्यूमिन 20%, 100 मिली., रु.1,01,760/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.10.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 10 और 11 हेतु]. **(12) 04255014,** संलग्न अनेक्सर–ए के अनुसार 25 टन (यूनिवर्सल) जमालपुर जैक के मेटलिक किट बॉक्स (6 आइटमों से संलग्न 1 किट) के साथ 25 टन (यूनिवर्सल) जमालपुर जैक के इलेक्ट्रिकल आइटमों की आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण एवं आरंभ करना और स्पेयर्स की आपूर्ति, रु. 15,87,270/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(13) 08251484,** 1100 एएच वीआरएलए बैटरी के लिए बैटरी बॉक्स कम्प्लीट, रु. 2,40,980/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(14) 20252138,** ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू मोटर कोच, सीजीएल, प्रस्तुतकारक एचएचपी टीआर. मोटर, टाइप–सी1005 पीई बेयरिंग एंड शील्ड एवं स्पेयर्स, 11 आइटमों के संलग्न, रु.1,73,060/-, **(15) 20252144,** ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू मोटर कोच, सीजीएल, प्रस्तुतकारक एचएचपी टीआर. मोटर, टाइप–सी1005, रु.1,20,250/- **निविदा खुलने की तिथि:** 09.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 14 और 15 हेतु], **(16) 21251059,** मार्क–50 के लिए पीओएच किट नं. 1 आदि, रु. 5,20,500/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(17) 20251123,** ईएमयू कोचों का सीट कम बैक रेस्ट प्रेसिंग, रु. 3,79,530/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(18) 21251128,** कंट्रोल रिजर्वायर के साथ पाइप ब्रैकेट आदि, रु.3,69,670/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(19) 16251159,** पोर्सिलेन ब्रैकेट इंसुलेटर, रु.1,40,410/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(20) 11251007,** लोअर स्प्रिंग बीम का क्रय आदि, रु. 4,64,150/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(21) 21251333,** आरएफ–361 हाई कैपासिटी ड्राफ्ट का किट नं. 1 आदि, रु. 2,11,190/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(22) 08251071,** 2.5 केवीए, 110 वी डीसी/230 वी एसी नैचुरल कूल्ड अंडरस्लंग इंवर्टर, रु.1,22,540/-. **(23) 19255039ए,** आईपी आधारित वीडियो सर्विलेंस सिस्टम का क्रय आदि, रु.10,96,830/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं.22 और 23 हेतु], **(24) 20255024ए,** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025, वर्शन 3.1 या नवीनतम के अनुसार पूर्व रेलवे के ईएमयू, एमईएमयू और डीईएमयू में आईपी आधारित वीडियो सर्विलेंस सिस्टम (वीएसएस) की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं आरंभ करना, रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(25) 12254007,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–3706 के तहत एचवीएन इंसुलेटिंग लाइनर 66 के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:**22.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(26) 22255229बी,** इंज. पेम्ब्रोलिजुमैब 100 मिग्रा., आइटम कोड एम261946, एआई 25–26, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.10.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(27) 22251625,** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 मिग्रा., (आइटम कोड एम251024) एआई 25–26, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.11.2025, **समय :** 13.30 बजे, **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 27 हेतु]।

**(ख) क्रम सं.1, निविदा सं. : 52256224ए, संक्षिप्त विवरण:** पोर्टेबल लेजर स्प्रेक्टोमीटर, **निविदा की अंतिम तिथि** : 21.10.2025, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.**58,52,804/-**

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-36/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद राधा मोहन सिंह ने मदर डेयरी के आउटलेट का किया उद्घाटन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के कचहरी चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप मदर डेयरी के आउटलेट का उद्घाटन सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। उक्त अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि मदर डेयरी अपने उत्पादों को शुद्धता के लिए प्रसिद्ध है। इसके आउटलेट से मदर डेयरी के दूध, दही, छाछ, राबड़ी, कुल्फी, घी, पनीर, आइसक्रीम आदि जीएसटी नेक्स्ट जेन के तहत निर्धारित रेट पर उपलब्ध रहेंगे। मदर डेयरी का स्लोगन है "माँ जैसी" और इसके उत्पादों पर आप ऐसा ही विश्वास कर सकते हैं। पिछले दिनों चरखा पार्क के निकट इसके आउटलेट का उद्घटान हुआ। मोतिहारी शहर में ऐसे दस आउटलेट शीघ्र उद्घाटित होंगे। उक्त अवसर पर अखिलेश सिंह, मनोज पासवान, गुलरेज शहजाद, सुधांशु रंजन, सुदीप कुमार सहित मदर डेयरी के पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल सीमा सडक पर नगरदेही गांव के समिप दो बाइक की आमने सामने की जबरदस्त टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए मैनाटांड अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेतिया रेफर कर दिया। वही बेतिया ले जाने के क्रम में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान इनरवा निवासी स्व भगवान पटेल का पुत्र मंटू कुमार (19) बताया जाता है।

### शराब व बाइक जब्त, एक धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने सड़कीया भंगहा से 45 लीटर शराब और एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि नगरदेही गांव के राहूल साह को जेल भेजा गया है।

### आपसी विवाद में सात पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपुर थाना क्षेत्र के डामरापूर भीरभीरीया गांव में आपसी विवाद में केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने बताया कि सुमंत कुमार के आवेदन पर भारत यादव मलख यादव संजय यादव मुकेश यादव भूसन यादव चंदा देवी ललिता देवी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### बाघ के हमले से मृत महिला के पति को 10 लाख का मुआवजा

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा प्रखंड के सोनवर्षा सेमरवा टोला निवासी खेलावन महतो को उनकी पत्नी उमछी देवी की बाघ के हमले में मृत्यु के बाद वन विभाग ने 10 लाख रुपये का मुआवजा चेक सौंपा। गोवर्धना रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी के कारण मुआवजा देने में विलंब हुआ। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल में अकेले न जाने और जंगली जानवरों की सूचना तुरंत वन विभाग को देने की अपील की। डेढ़ सप्ताह पहले वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के गोवर्धना वन क्षेत्र में उमछी देवी पर बाघ ने हमला कर दिया था। चेक वितरण के दौरान मुखिया शहर चौधरी, सरपंच रामचंद्र महतो, और अन्य ग्रामीण व वन कर्मी मौजूद रहे।

### सीओ ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक भवन में चल रहे अंचल कार्यालय का मंगलवार को सीओ सुधांशु शेखर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ श्री शेखर ने नोटिस पंजी, आवेदन पंजी, विभागीय अभिलेख, परिमार्जन, दाखिल खारिज, वाद पंजी व जनता दरबार समेत विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जांच किया। इस दौरान सीओ ने लिपिक प्रमोद पटेल से कई बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए कार्य मे तेजी लाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। सीओ ने प्रधान सहायक बख्तुल्लाह देवराजी को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय अभिलेखों के संधारण में किसी भी प्रकार से कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। सभी कर्मी ससमय कार्यालय अवधि पहुचे। और विभागीय कार्यो का ससमय निष्पादन करे। निरीक्षण के दौरान राजस्व कर्मचारीयो के अलावा मुन्ना कुमार, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 40 लीटर शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने नगर के पोखरा चौक पर छापेमारी कर 40 लीटर चुलाई शराब की बरामदगी की है।हालांकि इस कार्रवाई में शराब कारोबारी पकड़ में नही आ सके। इंस्पेक्टर मिथलेश कुमार ने बताया कि पोखरा चौक पर शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस गाड़ी देख कारोबारी भाग निकले। हालांकि उनकी पहचान कर ली गयी है।उन्होने बताया कि मामले में भागने वाले पोखरा चौक के शराब कारोबारी छोटू कुमार व मिट्ठू कुमार के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्जकर दोनो की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ ने किया सेवा कार्य

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय प्रकोष्ठ की ओर से प्रदेश संयोजक राहुल कुमार के नेतृत्व में नगर के बरवत सेना स्थित वृद्ध आश्रम में सेवा कार्य आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पूरे देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया तथा उनके स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। प्रदेश संयोजक राहुल कुमार ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा को ही सर्वोच्च आस्था का मार्ग बताया है। सेवा पखवाड़ा इसी संकल्प का प्रतीक है। मौके पर निगम पार्षद शत्रुध्न महतो,रमेश सिंह,अमित मिश्र,अनूप श्रीवास्तव,राजकुमार महतो,राहुल पासवान,प्रशांत मिश्र,रामू कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# विकसित भारत में डिजिटल भारत बनाना एक क्रांतिकारी कदम : अखिलेश सिंह

## पूर्व की सरकारे एक खास तबके की चिंता करती थी, जबकि मोदी सरकार आम आदमी की करती है चिंता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुंशी सिंह महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं विधि प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत की उपलब्धियां और संभावना विषयक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल वर्मा वही संचालन शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ- अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोष्ठी के मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह ने कहा कि 2014 के पूर्व की सरकारों के क्रियाकलाप की चर्चा किया । उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों का लक्ष्य हाशिये पर खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर को सुधारने की नहीं थी बल्कि एक खास तबके की चिंता थी। श्री सिंह ने कहा कि विकसित भारत में डिजिटल भारत बनाना एक क्रांतिकारी कदम है। इसके साथ हाशिये पर खड़े आम आदमी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी के सशक्त बनाये बिना विकसित भारत की परिकल्पना बेबुनियाद है। केंद्र की मोदी की सरकार ने आम आदमी की चिंता की। हर सिर पर छत, घर-घर में शौचालय, घर-घर बिजली, हर घर गैस कनेक्शन, हर खेत को पानी, इंटीग्रेटेड फार्मिंग के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मोदी सरकार ने जो काम किये वो ऐतिहासिक हैं।

उन्होंने कहा कि भारत आज हथियारों और रक्षा उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर हुआ है। भारत सिर्फ आत्मरक्षार्थ हथियारों और रक्षा उपकरणों का निर्माण नहीं कर रहा है बल्कि उनका निर्यात भी कर रहा है। आज सड़क निर्माण की दिशा में भी भारत ने कृतिमान स्थापित किया है। रेल नेटवर्क और नये रेल परिचालन में भारत ने नए युग की शुरूआत की है। आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह अनायास नहीं हुआ बल्कि दूरद्रष्टा नेतृत्व में कठिन यात्रा में कड़े निर्णय के कारण संभव हो पाया है। अनिल वर्मा ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि 2047 में हम विकसित भारत के साथ अपनी आँखें खोलेंगे और एक नया सवेरा हमारा स्वागत करेगा। हम सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राजनीतिक, शैक्षिक रूप से समृद्ध हैं। हमारा अनुसरण दूसरे लोग भी करते हैं। हमारा दायित्व है कि इस विकास यात्रा के सकारात्मक सहयोगी बनें। इसके पहले चिकित्सा पर पोस्ट के संयोजक डॉक्टर अतुल कुमार ने स्वागत संबोधन किया। मौके पर वरीय शिक्षाविद अमित सेन, भाजपा उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सत्यम कुमार, संत कुमार, नीरू कुमारी सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं मौजूद थी।

### राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती पर परिसंवाद का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की हिन्दी साहित्य सभा द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रकवि दिनकर का संस्कृतिक अवदान' विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने की। डॉ. श्याम कुमार झा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दो प्रकार के कवि होते हैं - बिम्ब के कवि और वक्तव्य के कवि। प्रसाद, निराला और अज्ञेय आदि बिम्ब के कवि हैं। दिनकर वक्तव्य के सबसे बड़े कवि हैं। वे सांस्कृतिक गौरव और भारत बोध के समर्थ कवि हैं। सर्वप्रथम विद्यार्थी मनोज के मंगलाचरण से परिसंवाद का आरम्भ हुआ। हिन्दी साहित्य सभा के अध्यक्ष विकास कुमार ने अपने स्वागत वक्तव्य में दिनकर के जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थिति का स्वागत किया।

## डॉ. एसकेएस महाविद्यालय में दिनकर जयंती सह दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. श्री कृष्णा सिंहा महिला महाविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई दिनकर जयंती - सह दीक्षारम्भ समारोह। इस शुभ अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय - दिनकर की साहित्य साधना थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन के साथ किया गया।



महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने मिलकर दीप प्रज्वलन संपन्न किया दीपप्रज्वलन के साथ दीप मंत्र वातावरण मेंअलौकिक आभा का निर्माण कर रहा था।ऐसा लग रहा था कि आग और राग के कवि के लिए यह मंत्र और भी सुरभित हो गया हो ।विषय प्रवेश हिंदी विभाग की आचार्य डॉ अर्पणा ने करवाया उन्होंने दिनकर के समग्र साहित्य पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने दिनकर साहित्य के गद्य और पद्य दोनों ही साहित्य पर विस्तृत रूप से विषय प्रवेश करवाया। हिंदी विभाग आचार्य डॉङ्ग रंजना ने दिनकर के साहित्य पर व्याख्यान देते हुए बताया कि युद्ध की विभिषिका से कैसे प्रभावित होकर दिनकर ने अपने साहित्य में उसे स्थान दिया। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रोशनी विश्वकर्मा ने किया। दिनकर जयंती के साथ ही साथ नए सत्र 25 -29 के छात्राओं का दीक्षारम्भ भी आयोजन किया गया । इसमें छात्राओं के नए पाठ्यक्रम के बारे में बताया गया ।उन्हें उनके विभाग तथा विभाग के आचार्यों से परिचित कराया गया ।और नए पाठ्यक्रम को किस तरीके से पढ़ना है इसे समझाया गया। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित रही।

### सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक बाजार में नो एंट्री

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा दीपावली एवं छठ पर्व मदनजर शहर में लगने वाले भीड़-भाड़ एवं जाम की समस्याओ से निजात के लिए चार चक्का एवं मालवाहक वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाया गया है। इसको लेकर अंचलाधिकारी आंनद कुमार ने ज्ञापंक 607 जारी कर इसकी जानकारी दी है। पत्र में बताया गया है कि दुगार्पूजा से लेकर छठ पर्व यह आदेश जारी रहेगा। नियम के विरुद्ध कार्य करने वाले पर कड़ी करवाई की जाएगी। साथ दुकान के बाहर बोर्ड होडिंग या दुकान के समान बाहर रखने वाले दुकानदारो को चिन्हित करने की बात कही गयी है। ग्राहकों के वाहनों को सड़क पर खड़ा नही कर किनारे खड़ा करने की बात बतायी गयी है। पिछले दिनों प्रखंड कार्यलय के सभागर में चैम्बर ऑफ कमर्स के साथ अंचलाधिकारी थानाध्यक्ष एवं एसएसबी के अधिकारियों के साथ शहर के विधि व्यवस्था को लेकर बैठक हुई थी।

## जीएसटी में राहत से पूजा में रौनक बढ़ी : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि नए उल्लास से मनेगा दशहरा, छठ-दिवाली, जीएसटी में राहत से पूजा की थाली सजेगी । श्री सिंह ने कहा कि अब त्योहारों में मिठाईयों से खुशियाँ बढ़ेगी। जेब पर बोझ नहीं ! सोचिए यही कांग्रेस है। जिसके समय मिठाई पर भी 21% टैक्स लिया जाता था। आज मोदी सरकार में इसे केवल 5% टैक्स पर ला दिया है। यानि अब 100 रुपए की मिठाई की खरीद पर सीधा 16 रुपए का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस बार व्रती के लिए फलाहार या व्रत वाली थाली भी सस्ती होने वाली है। इन थालियों में आमतौर पर मक्खन, पनीर, खजूर, ड्राई फ्रूट्स, फल, घी का उपयोग किया जाता है। अब इन सभी चीजों पर लगने वाला टैक्स या तो हटा दिया गया है या काफी कम कर दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि पूजा में उपयोग होने वाले सामान जैसे वनस्पति तेल, घी, चीनी, मिठाई, छेना-पनीर इन सभी चीजों पर मात्र 5% जीएसटी कर दिया गया है। हम बिहारवासियों के लिए त्योहार का उल्लास डबल होने वाला है। इसका सीधा सा गणित है कि जहाँ प्रहले पूजा से जुड़ी थाली तैयार करने में पहले 200 रुपए का खर्च आता था। वहीं जीएसटी में बदलाव से 200 की जगह लगभग 160 से 170 रूपया ही खर्च होगा। इस बार दुगार्पूजा-दिवाली में पूजा की थाली भरी होगी, छठ महापर्व पर छठ का डाला पहले से ज्यादा भरा-भरा होगा, मन भी पहले से ज्यादा खुश होगा और जेब भी भरी होगी।



## नगर निगम डीजल घोटाले ने तूल पकड़ा

### अब सांसद एवं महापौर आमने सामने

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय नगर निगम में कथित डीजल चोरी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बीजेपी सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने फेसबुक पोस्ट के जरिए बेतिया नगर निगम की मेयर गरिमा देवी सिकारिया को डीजल घोटाले का मास्टरमाइंड बताया। उन्होंने दावा किया कि 19 सितंबर को डीजल घोटाले के दस्तावेज पेश करने की मांग के बावजूद 20 सितंबर की नगर निगम बैठक में इस मुद्दे को एजेंडे में शामिल नहीं किया गया। जायसवाल ने आरोप लगाया कि निगम की गाड़ियां डीजल भरने के बाद वार्ड पार्षद रोहित सिकारिया के गोदाम में जाती थीं, जहां से डीजल निकालकर बेचा जाता था। उन्होंने निगम कर्मचारी जुलम साह और तबरेज पर भी डीजल कूपन के दुरुपयोग का आरोप लगाया, जिन्हें हटाने की सिफारिश के बावजूद निगम में बनाए रखा गया। जायसवाल ने इस मामले में शहरी विकास मंत्री जीवेश कुमार से मिलकर एसआईटी जांच और पिछले दो वर्षों के सशक्त समिति के कार्यों की वीडियोग्राफी के साथ जांच की मांग की जायेगी। वहीं दूसरी ओर सांसद डॉ. संजय जायसवाल द्वारा फेसबुक पोस्ट में नगर निगम के कथित डीजल घोटाले का सूत्रधार महापौर गरिमा देवी सिकारिया और उनके पति, नगर पार्षद रोहित कुमार सिकारिया को ठहराए जाने के आरोपों को महापौर ने बचकाना और निराधार बताया है। गरिमा ने कहा कि सांसद के स्तरहीन आरोपों को वापस न लेने पर वे मानहानि का मुकदमा दर्ज करेंगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि उनकी अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड ने पेट्रोल पंप को संदिग्ध पाकर बदलने का प्रस्ताव पांच बार पारित किया, लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त शंभू कुमार ने इसकी अवमानना की। गरिमा ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी और विभागीय प्रधान सचिव को पत्र लिखकर की थी। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि वे और उनके पति घोटाले को रोकने के पक्ष में थे। गरिमा ने सांसद की एसआईटी जांच की मांग का स्वागत किया, लेकिन आशंका जताया कि जांच को रोका जा सकता है।

# चिरैया विधायक ने 12,8 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का किया शिलान्यास

**चिरैया(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के खड़तरी पश्चिमी पंचायत के पटजिलवा गांव में मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर झंझार नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच पथ का चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि यह पुल शिकारगंज को सीधे मोतिहारी से जोड़ेगा। वही पटजिलवा गांव के लोगों को बाढ़ के दिनों में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिल जायेगी। इसके निर्माण से करीब 50 हजार आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि मैं जनता का मजदूर हूं। पूरी लगन से मजदूरी करता हूं। उसी मजदूरी का परिणाम है कि अब यह पुल बनने जा रहा है। मैं विधायक नही मजदूर हूं। आपसे मजदूरी मांगने आया हूं। उन्होंने कहा कि मैं काम में विश्वास रखता हूं। काम ही मेरी पहचान है। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री व स्थानीय जयराम प्रसाद निषाद ने कहा कि उक्त पुल के निर्माण के लिए मैने हर मंच पर आवाज उठाई और आज इसका परिणाम दिख रहा है। इस संबंध में निर्माण कार्य एजेंसी



एस.जी. पाईलिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के डायरेक्टर राजेश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना से बूढ़ी गंडक नदी के चैनल पर पटजिलवा गांव में बनने वाली उक्त पुल के निर्माण पर 12 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि पुल में पांच पाया होगे व इसकी लंबाई 93 मीटर व चौड़ाई 7.5 मीटर होगी। वही पुल के दोनों ओर 100 मीटर का पहुंच पथ का निर्माण कराया जाएगा। पुल सितम्बर 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मौके पर भाजपा संगठन जिला ढाका के महामंत्री राकेश यादव, चिरैया पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता, विधान सभा प्रभारी राजा ठाकुर, संजय प्रसाद, जयराम प्रसाद निषाद, अजय साह, सूर्यनारायण प्रसाद, चंदन पटेल, राकेश कुशवाहा, बिगु साह, प्रेम केसरी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## संविधान बचाने को लेकर क्रांति का प्रतीक बनेगी रैली

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** यह रैली संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए एक बड़ी क्रांति का प्रतीक बनेगी उक्त बातें पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अतिथि सदन में कहीं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पूर्ण रूप से बिहार में स्थापित किया जाएगा यह रैली संविधान बचाने के लिए 2025 से 20 29 तक चलेगा ,यादव ने प्रियंका को इंदिरा गांधी का उत्तराधिकारी बताते हुए कहा कि जब तक दुनिया रहेगी तब तक इंदिरा तेरा नाम रहेगा, बीजेपी सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा की आजादी के बाद ऐसे कमजोर प्रधानमंत्री कभी नहीं हुए जिनके हाथों में देश की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में है चाहे सीजफायर हो या पुलवामा हमला, नोटबंदी रोजगार की समस्या, बेरोजगारो का पलायन, शेयर मार्केट का डगमगाना, बच्चों का भविष्य, रुपए की गिरावट, हर मोड़ पर मोदी असफल हो रहे हैं यह आंदोलन चंपारण की धरती से शुरू होगा और पूरे बिहार में चलेगी, वोटर अधिकार यात्रा पर कहां की राहुल जी देश के जनता के अधिकारों को बचाने निकले हैं जो अधिकार दिलाकर छोड़ेंगे।

## संभावित कांग्रेस प्रत्याशी होने की होड़ में जदयू से पूर्व राज्य मंत्री का इस्तीफा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनावी चहल कदमी के बीच पूर्व राज्य मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद जनता दल यूनाइटेड के प्राथमिक सदस्यता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद से पदमुक्त होने के लिए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप दिए, सूत्रों से मिली खबर है कि जदयू छोड़कर कांग्रेस की दामन थामेंगे,कयी दिनों से रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के आदापुर, रक्सौल,भेलाही में चर्चा का विषय बना हुआ था जो आज दिखने लगा, लोगों में काफी खुशी की लहर है, रक्सौल के मतदाताओं का मानना है कि पूर्व राज्य मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद को कांग्रेस से टिकट मिलने पर चुनाव दिलचस्प होगा, जब कि भाजपा के नेताओं का मानना है कि इनके आने से भाजपा और मजबूत होगी, क्योंकि माई समीकरण का खेल बिगाड़ने के लिए चुनाव में राम बाबू यादव, सुरेश यादव चुनौती बने रहेंगे, वैसे तो अभी रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में इण्डिया गठबंधन सीट बंटवारे में आगे पीछे कर रही है, जबकि कांग्रेस के वर्षों झोला ढोने वाले नेता प्रोफेसर अखिलेश दयाल भी कांग्रेस की उम्मीदवारी के लिए तैयार हैं, कांग्रेस दामन थामने के लिए सदाकत आश्रम पटना के कांग्रेस कार्यालय में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अनवारूल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ली।



## अवैध रूप से भारत में रहा रहा सूडानी नागरिक गिरफ्तार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत-नेपाल सीमा पर रक्सौल इमिग्रेशन विभाग ने फिर एक बार विदेशी सूडानी नागरिक को पकड़ा है। पकड़ा गया सूडानी, छात्र विजा पर वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक भारत आया था लेकिन वर्ष 2022 से अवैध रूप से भारत में निवास कर रहा था। बीती रात इमिग्रेशन की टीम ने उसे अपने कब्जे में लेकर स्थानीय हरैया थाना को सुपुर्द कर दिया। पकड़ा गया नागरिक सूडान देश निवासी मूर्तदा कमल हामिद मोहम्मद है, जो इमिग्रेशन कार्यालय में भारत से नेपाल जाने के लिए डिपार्चर क्लियरेंस के लिए आया, परंतु जब जांच की गई तो उसके पास न तो भारत का कोई वैध बीजा पाया गया और और ना ही भारत आगमन का कोई इमिग्रेशन स्टाम्प लगा हुआ था। आगे कागजात की जांच एवं पूछताछ में पता चला कि उक्त सूडानी नागरिक वर्ष 2018 से भारत में रह रहा था, वह भारत में स्टारेक्स यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम से बीसीए की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट बीजा लेकर 20 दिसंबर 2022 तक वैध रूप से था, उसके बाद 21 दिसंबर 2022 से अब तक किसी वैध भारतीय बीजा के गैर कानूनी रूप से भारत में रह रहा है। जिसके बाद उसे हरैया थाना में थानाध्यक्ष किशन पासवान को सुपुर्द कर दिया गया।

### राज्य की उन्नति के लिए उप महापौर ने भेजा मुख्यमंत्री को आग्रह पत्र

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य की उन्नति व विकसित करने के उद्देश्य से नगर निगम मोतिहारी के उप महापौर लाल बाबू प्रसाद ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार को एक आग्रह पत्र देकर बताया है कि आर्थिक रूप से राज्य को विकसित करने व मजबूत बनाने के लिए सभी पुलिस स्टेशनों, अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों में सड गल रहे दो पहिया,चार पहिया वाहन से करोड़ों की राजस्व प्राप्त होगी, उन्होंने बताया कि राज्य में पचास थाना एवं सैकड़ों सरकारी कार्यालयों के प्रत्येक थानों में सौ डेढ़ सौ की संख्या में वाहन पड़े हुए हैं, जिससे जिले में अरबों रुपए की सम्पत्ति नष्ट हो रही है इन्होंने सुझाव साझा किया कि एक विभाग मंत्रालय या बोड बनाया जाए जिसके तहत एक दो महीने के अन्दर सामानों की निलामी हो, जिसका रकम सरकारी खाता में जामा हो, कोर्ट या सक्षम विभाग के रिलीज आडर के बाद जितने वस्तु की निलामी हुआ हो उतनी राशि उस व्यक्ति को मिल जाए, जिसका सामान हो,निलाम राशि का ब्याज सरकार के पास जमा रहे जो वस्तु रिलीज नहीं होगा वह राशि सरकार के खाता में जामा रहेगा इससे सरकार को भारी आर्थिक लाभ मिलेगा,जिस वस्तु का निलामी न हो अर्थात स्कैप या कचरा जाए उसको सड़क निर्माण में या अन्य कार्य में लगाया जाय, जिससे थाना या कार्यालय साफ सुथरा हो।

## लेडीज विंग-पंजाबी बिरादरी, पटना ने माता की चौकी एवं डांडिया का किया भव्य आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लेडीज विंग -पंजाबी बिरादरी, पटना की ओर से चेयरपर्सन श्रीमती उमा सिंह के नेतृत्व में माता की चौकी एवं डांडिया का भव्य आयोजन लाला लाजपत राय भवन, चाजू बाग, पटना में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माता की चौकी से हुई, जहाँ भक्तों ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से गूंज उठा। चौकी के बाद कार्यक्रम में रंगारंग डांडिया रास का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजे लोगों ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन सामुदायिक एकता, संस्कृति और उत्सव का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी, पटना के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यक्ष दिलजीत खन्ना, सचिव जनरल बी.पी. धवन, कोषाध्यक्ष सरदार इंदरपाल सिंह लवली, पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह, पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती वीणा गुप्ता, श्रीमती सविता जैन, श्रीमती सीमा पॉल, श्रीमती रौशनी सिंह, जनरल कन्वीनर श्रीमती बबी भल्ला एवं वित्त नियंत्रक श्रीमती ईशा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने चेयरपर्सन श्रीमती उमा सिंह को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। चेयरपर्सन श्रीमती उमा सिंह ने सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं मीडिया का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सामुदायिक संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। कार्यक्रम में भारी संख्या में बिरादरी के सदस्य शामिल हुए और उत्सव ने पटना की पंजाबी बिरादरी की सांस्कृतिक जीवंतता को दर्शाया।

# जहानाबाद में युवक की हत्या, सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। मंगलवार की शाम अस्पताल मोड़ के पास लोगों ने हत्या की घटना से आक्रोशित होकर जमकर हंगामा किया और सड़क जाम कर दिया। अचानक हुए इस विरोध प्रदर्शन से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात व्यवस्था कुछ समय के लिए पूरी तरह ठप हो गई। हालात को काबू करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक एवं टाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। मामला जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र का है, जहां गया जिले के डेल्हा निवासी युवक देवेंद्र कुमार उर्फ बॉबी का शव खेत से बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि देवेंद्र स्कूल में बेंच-डेस्क सप्लाई का काम करते थे और इन दिनों जहानाबाद में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है, हालांकि वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनकी हत्या सुनियोजित तरीके से की गई है। उन्होंने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन से मुआवजा देने की भी गुहार लगाई है, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

# प्रत्येक माह आर्थिक सहायता मिलने पर अधिवक्ताओं ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने वकीलों को बड़ी सौगात दी है। इसको लेकर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वकीलों को 5000 रुपया स्टाइपेंड दिया जाएगा। 1 जनवरी 2024 से नामांकित सभी नये अधिवक्ताओं को तीन वर्षों तक प्रतिमाह पांच हजार रुपये स्टाइपेंड दिए जाने वाले प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह बिहार प्रदेश जेडीयू विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता आनंद कुमार के अधिवक्ता कल्याण के लिए सक्रियता और मेहनत का प्रतिफल है। अधिवक्ता संघों को ई-लाईब्रेरी के लिए पांच लाख रूपये की सहायता मिलेगी। कम आय वाले अधिवक्ताओं को चिकित्सा लाभ मिलेगा तथा महिला शौचालय निर्माण में भी सहयोग मिलेगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि अभी अधिवक्ताओं के कई मांग अधूरे हैं जिसमें अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम, अधिवक्ता ऋण योजना एवं अधिवक्ता पेंशन योजना शामिल है। अधिवक्ता समाज भविष्य में इन मांगों की पूर्ति की मांग करता है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेन्द्र सिंह, अमित कुमार, शिवलाल मेहता, रामनरेश प्रसाद, सतीश कुमार स्नेही, नीरज कुमार मंटू, अनील आशुतोष, अनुराग कुमार, चंद्रकांता कुमारी, आदित्य राज, मनीष कुमार, भास्कर कुमार मिश्रा, मनीष पाठक प्रिंस, राहुल मिश्रा, रामकुमार, राहुल कुमार, सुनील कुमार सिंह ने मांग पूर्ति होने पर सरकार की सराहना की है।



# बाइक के चकमे से ऑटो पलटा तीन यात्री गंभीर रूप से घायल

**गोह (औरंगाबाद)**। मंगलवार की शाम गोह थाना क्षेत्र के बाजार बर्मा गांव के पास एक ऑटो बाइक की चकमा से पलट गया। हादसे में तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र के चातर घाट निवासी पिंकी देवी (27 वर्ष), चंदौती थाना क्षेत्र के बलना गांव निवासी पुनिया देवी (60 वर्ष) और पंचानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी रामध्यान पासवान (55 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों यात्री ऑटो से हसपुरा स्थित अमझर शरीफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आए अज्ञात बाइक सवार ने अचानक चकमा दे दिया। इससे ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलटकर सड़क पर जा गिरा। सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**डीडीयू डिविजन में इंजीनियरिंग ट्रैक नवीनीकरण कार्य के सम्बन्ध में बॉन्ड लगाने का कार्य**

खुली ई–निविदा सूचना सं.– टीआरडी–ओ.टी.–05–ईएनजीजी–बॉन्ड–25–26

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

**क्र.सं. : 1, कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में इंजीनियरिंग ट्रैक नवीनीकरण कार्य के सम्बन्ध में बॉन्ड लगाने का कार्य ।, **क्र.सं. : 2, अनुमानित रकम :** ₹ 46,48,315.00, **क्र.सं. : 3, बयाना राशि :** ₹ 93000.00, **क्र.सं. : 4, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 14.10.2025 को 15:00 बजे तक ।, **क्र.सं. : 5, वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि.,
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/1004/डीडीयू/टीआरडी/टी/25–26/32


# जहानाबाद समाहरणालय में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**68 विद्यालय सहायक एवं 11 विद्यालय परिचारी को दिया गया नियुक्ति पत्र**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार एवं जहानाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन समाहरणालय स्थित ग्राम प्लस भवन में किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्य हेतु 68 विद्यालय सहायक एवं 11 विद्यालय परिचारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, अलंकृता पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष, अजय देव उपस्थित रहे। साथ ही अनुकंपा चयन समिति के सदस्यगण जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ जिला पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी ने नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सभी से विभागीय नियमों के अनुरूप कार्य करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने नियुक्त सभी कर्मियों को उनके नए दायित्व हेतु शुभकामनाएं भी दीं।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि सभी नियुक्त कर्मियों को नियमों के अनुसार आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकें। समिति के उपाध्यक्ष अजय देव ने भी नियुक्त सभी विद्यालय सहायकों एवं परिचारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए प्रेरित किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देकर विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में सहयोग करें।

# श्रम अधिकार दिवस : श्रमिकों को दी गई कल्याणकारी योजना की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार राज्य श्रम संसाधन विभाग, बिहार के तत्वावधान में 23 सितम्बर, 2025 को संयुक्त श्रम भवन, जहानाबाद के सभागार में "श्रम अधिकार दिवस" का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में जिले के प्रत्येक पंचायत से आए श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम अधीक्षक, जहानाबाद मृत्युंजय कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने श्रम संसाधन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं श्रम कानूनों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक सप्ताह चयनित पंचायतों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही श्रमिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं उन्हें समयोचित सहायता उपलब्ध कराने की बात भी कही। मोदनगंज प्रखण्ड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामबाबु कुमार ने बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना पर विस्तृत जानकारी दी।

# जहानाबाद : एस एस कॉलेज में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्थानीय एस.एस. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के उत्साही स्वयंसेवकों ने परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० अंशु कुमार मल्लिक ने किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को गति देने के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और राष्ट्रीय सेवा योजना इस उद्देश्य को साकार करने में सेतु का कार्य कर रही है। वहीं, दूसरी ओर स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के तत्वावधान में स्वच्छता शपथ का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें काफी संख्या में उपस्थित रहे छात्र-छात्राओं ने अपने विभागाध्यक्ष डॉ० स्नेहा स्वरूप एवं प्राध्यापिका डॉ० सीमा कुमारी के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०(डॉ०) दीपक कुमार ने भी इस पहल की सराहना की और छात्रों से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत तत्व है और हमें अपने परिवेश को सुंदर बनाये रखने के लिए हरसंभव कोशिश करनी चाहिए।

# युवाओं और नए मतदाताओं से समर्थन की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (हसपुरा)**। भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल दक्षिणी की ओर से मंगलवार को बनकट कैथी, निरखपुर, धुसरी, भतन बिगहा और महुआड गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का पत्रक ग्रामीणों के बीच वितरित किया और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत समर्थन देने की अपील की। मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा और महामंत्री ज्योति नारायण सिंह के नेतृत्व में चले इस अभियान में दिलीप शर्मा, मनोज शर्मा, बूथ अध्यक्ष सुजीत कुमार, बबलू शर्मा, नारायण मेहता, कमलेश राम, अनिल चौधरी, सूरज साव, धनंजय कुमार, ऋषिकेश शर्मा, सूर्यकांत मिश्रा, अमित कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जहानाबाद के दिव्यांग खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 12**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने बिपार्ड परिसर गयाजी में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक जीते हैं, जिनमें 10 स्वर्ण और 2 रजत पदक शामिल हैं। यह प्रतियोगिता 22 सितंबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें जहानाबाद जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्वर्ण पदक विजेताओं में गजेंद्र कुमार (100 मीटर दौड़ और गोला फेंक), अजय कुमार (800 तथा 100 मीटर दौड़ जूनियर), अनीता कुमारी (100 मीटर), कल्याणी कुमारी (100 मीटर जूनियर)अमन कुमार (100 मीटर), मंटू कुमार सिंह (800मीटर,), अमन कुमार (100 मीटर),शशांक राज (100 मीटर दौड़ तथा बैडमिंटन)और श्याम जी पांडेय (गोला फेंक) शामिल हैं। रजत पदक प्रमोद कुमार (100 मीटर दौड़) और राम निवास कुमार (100 मीटर दौड़) को प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, पारस कुमार को बैडमिंटन के लिए सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रक्तवीर योद्धाओं ने कैंसर पीड़ित को दिया जीवनदान, समाज में बनी मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय रक्तबीर योद्धा जिला स्तरीय कमिटी के संकल्प अब साकार होते दिख रहे हैं। क्षेत्र में जागरूकता बढ़ने से जहां पहले लोग रक्तदान से कतराते थे, वहीं अब स्वेच्छा से दूसरों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। हसपुरा बाजार निवासी समाजसेवी घनश्याम चौरसिया गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनका इलाज वाराणसी स्थित होमो भाभा कैंसर हॉस्पिटल में चल रहा है। इलाज के दौरान उनके शरीर में हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स की कमी हो गई। स्थिति नाजुक होने पर परिजनों ने हसपुरा की रक्तबीर योद्धा कमिटी से संपर्क किया। समिति के जांबाज सदस्य राणा यादव, पप्पू यादव और रजत कुमार उर्फ बिट्टू तत्काल वाराणसी पहुंचे और जीवन रक्षक सहयोग किया। इस दौरान राणा यादव ने अपना सातवां रक्तदान किया, जबकि पप्पू यादव और रजत बिट्टू ने प्लेटलेट्स डोनेट कर घनश्याम चौरसिया की मदद की। योद्धाओं ने कहा कि जब तक जीवन है, वे निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा करते रहेंगे। घनश्याम चौरसिया के परिजनों ने इन युवाओं के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंसानियत आज भी जिंदा है और इनका यह उपकार वे जीवनभर नहीं भूल पाएंगे। हसपुरा क्षेत्र के लोग भी इन रक्तवीरों की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष राजू भारती और सचिव अनीश केशरी ने इन योद्धाओं को साधुवाद देते हुए कहा कि इनके प्रयास से समाज में मानवता और सेवा की नई मिसाल कायम हो रही है।



# अतिथि सम्मान समारोह आयोजित शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित हमीद नगर मोड़ के समीप चल रहे शिवशक्ति एवं हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान सोमवार की शाम भव्य अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास, उपकारा अधीक्षक अमित कुमार राय, गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय एवं भाजपा पंचायती राज जिला संयोजक सत्यपाल उर्फ भोला यादव उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य आयोजक रंजन यादव ने की, जबकि संचालन टीसीपी एजुकेशन हब के निदेशक अरविंद कुमार ने किया। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मूल आधार बताया। कार्यक्रम के समापन पर कथा व्यास गौतम ने भक्तों को माया की कथा सुनाकर आध्यात्मिक वातावरण को और भी गहन कर दिया। इस अवसर पर राजेंद्र यादव, भीम कुमार रजक, रामावतार सिंह, रंजन कुमार, संटू कुमार, सौरभ कुमार, सुनील यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के मंचन से किसानों को मिली सरकारी योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा**। प्रखंड के फेसर–औरंगाबाद पथ स्थित बेल मोड़ पर रविवार को एक अनोखे अंदाज़ में किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से पैक्स से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं/योजनाओं का संदेश किसानों तक पहुंचाया। शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर बीसीओ रामयतन और बेल पैक्स अध्यक्ष सुबोध कुमार उर्फ बोस ने संयुक्त रूप से की। उद्घाटन अवसर पर बीसीओ रामयतन ने कहा कि यह पहल सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने और किसानों को जागरूक करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस जनजागरण अभियान का उद्देश्य है कि किसान योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाएं। पैक्स अध्यक्ष सुबोध कुमार उर्फ बोस ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल बेल पैक्स तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि अन्य पैक्सों में भी इस तरह के आयोजन कर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने इसे विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने किसानों के बीच गीत-संगीत और एकांकी नाटक प्रस्तुत किए। विशेष रूप से "खेतवा में बन बई किसनवा हो, हम कर बई कटनिया" जैसे लोकगीतों की प्रस्तुति ने किसानों को आकर्षित किया और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का संदेश दिया। कलाकारों ने इसी तरह अन्य योजनाओं की भी जानकारी रोचक अंदाज में दी। इस मौके पर संतराज कुमार, किसान पिंटू कुमार, देवीलाल यादव, जेपी कुमार, कईल प्रजापति, प्रवीण कुमार, तौकीर आलम समेत बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।



# एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में बारिश में भी डटे रहे पुलिसकर्मी

**नबिटा संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान बारिश के बीच भी पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में डटे रहे। आयोजन स्थल पर भीगते हुए भी थानाध्यक्ष शंभू कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, एसआई आकाश कुमार सहित स्थानीय व जिला पुलिस बल के जवान लगातार सक्रिय रहे। जैसे ही वर्षा तेज हुई, पुलिसकर्मी मंच और पंडाल के पास मुस्तैदी से तैनात हो गए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनहोनी को रोका जा सके। स्थल का मैदान बारिश के कारण कीचड़युक्त हो गया था, जिससे स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी रही। इसके बावजूद पुलिसकर्मियों ने संयम और सतर्कता के साथ सुरक्षा घेरा मजबूत बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष और सर्किल इंस्पेक्टर लगातार भीड़ पर नजर रखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की हिदायत देते नजर आए। बारिश और कठिन परिस्थिति के बावजूद पुलिसकर्मियों की तत्परता से सम्मेलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



# जहानाबाद जिले में मनाई गई स्वच्छता प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत जहानाबाद जिले के काको प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, काको में निबंध, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में निदेशक, डीआरडीए डॉ. रोहित कुमार मिश्र एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन के माध्यम से स्वच्छता क्यों जरूरी है विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में स्वच्छ वातावरण और जल संरक्षण की थीम पर सुंदर चित्रांकन किया गया तथा रंगोली प्रतियोगिता में कचरे के पृथक्करण की आवश्यकता एवं विधि पर आधारित आकर्षक रंगोलियाँ बनाई गई। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको सहित स्वच्छ बिहार अभियान/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रखंड एवं जिला स्तरीय टीम भी उपस्थित रही। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता के महत्व का सशक्त संदेश समाज तक पहुंचाया।




# धुमधाम से मनाई गई महराजा अग्रसेन की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी बैंक्वेट हॉल में सोमवार की देर शाम अग्रवाल समाज ने परम प्रतापी महापुरुष महाराजा अग्रसेन की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाई। समारोह की अध्यक्षता संजीव कुमार ने की जबकि संचालन का दायित्व मनोज कुमार उर्फ पप्पू अग्रवाल ने निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की आरती और पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके बाद आयोजकों ने समाज के वरिष्ठ सदस्यों को महाराजा अग्रसेन की तस्वीर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल से थे और भगवान राम के पुत्र कुश के वंशज थे। वे वंशावली में 34वीं पीढ़ी के शासक थे और प्रताप नगर पर शासन करते थे। कहा गया कि महाराजा अग्रसेन का जन्म लगभग 5000 वर्ष पूर्व द्वापर युग के अंतिम चरण और कलयुग के प्रारंभिक काल में हुआ था। उन्होंने अग्रवाल समाज के लिए अग्रोहा धाम की स्थापना की थी और समाज को संगठन, समानता और परोपकार की शिक्षा दी। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर अमित कुमार, प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, अशोक प्रसाद अग्रवाल, उपेन्द्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनिल प्रसाद अग्रवाल, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, मुखिया सीमा अग्रवाल, विवेक कुमार अग्रवाल, विश्वनाथ प्रसाद अग्रवाल, सतीश प्रसाद अग्रवाल, सत्येंद्र अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, संजय कुमार अग्रवाल, मदन प्रसाद अग्रवाल, गया प्रसाद अग्रवाल, चुनचुन अग्रवाल, संतन प्रसाद अग्रवाल, अमूल कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार अग्रवाल, गोपाल प्रसाद अग्रवाल, ध्रुव प्रसाद अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजीव कुमार अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल और राहुल कुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. – सोनपुर 2025–26 (130–148, 145 को छोड़कर) एवं 115**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 13.10.2025 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

**कार्य का नाम :** 130. नयागाँव, शीतलपुर एवं दिघवारा में प्रतिस्थापन खाते पर वसेइ/कार्य/हाजीपुर के अधीन 14 यूनिट टाइप–।।। कर्मचारी आवास का निर्माण।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 3,75,44,365.58, **बयाने की राशि (रू. में) :** 3,37,700.00

**कार्य का नाम :** 131. सोनपुर मंडल : सोनपुर मंडल में माल डिपो गड़हरा एवं नरायणपुर अनंत के परीक्षण लाइन में वेल्डिंग कार्य के लिए अर्थिंग स्ट्रिप का प्रावधान। (सिविल कार्य के लिए निविदा), **अनुमानित लागत (रू. में) :** 9,28,482.44, **बयाने की राशि (रू. में) :** 18,600.00

**कार्य का नाम :** 132. बरौनी जंक्शन : बरौनी स्टेशन पर लाइन सं. 12 में पाथवे का निर्माण।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 24,67,510.21, **बयाने की राशि (रू. में) :** 49,400.00

**कार्य का नाम :** 133. बरौनी–समस्तीपुर (छोड़) – मुजफ्फरपुर –हाजीपुर (छोड़) अनुभाग के बीच वसेइ/।।।/सोनपुर के अधीन टिंबल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करते हुए टैपिंग से पूर्व और बाद में ट्रैक माप सर्वेक्षण।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 94,55,256.00, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,89,100.00

**कार्य का नाम :** 134. हाजीपुर में रामाशीष चौक रेलवे कॉलोनी में पॉलीक्लिनिक का उन्नयन।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 70,45,948.96, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,40,900.00

**कार्य का नाम :** 135. (क) हाजीपुर में जीएम कार्यालय में अग्निशमन नियंत्रण कक्ष का प्रावधान। (ख) हाजीपुर में महाप्रबंधक कार्यालय में महिला शौचालय का नवीकरण।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 67,93,492.11, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,35,900.00

**कार्य का नाम :** 136. समपार सं. 17 से राजाजान हॉल्ट स्टेशन तक रेलवे सीमा के साथ पहुँच सड़क का निर्माण।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,40,99,933.19, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,20,500.00

**कार्य का नाम :** 137. मुजफ्फरपुर, बरौनी एवं बछवारा में आरपीएफ बैरक में सुधार का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,90,78,228.38, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,45,400.00

**कार्य का नाम :** 138. बेगूसराय एवं खगड़िया में आरपीएफ बैरक में सुधार का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,90,74,044.04, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,45,400.00

**कार्य का नाम :** 139. जनरल स्टोर डिपो/गड़हरा में आधुनिकीकरण एवं नवीकरण का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 97,47,726.72, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,95,000.00

**कार्य का नाम :** 140. हाजीपुर में महाप्रबंधक/पूर्व मध्य रेल कार्यालय हाजीपुर के परिसर स्थापित सभी फव्वारों का 36 माह तक संचालन एवं रखरखाव का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 49,85,389.13, **बयाने की राशि (रू. में) :** 99,700.00

**कार्य का नाम :** 141. सोनपुर में मंइ/मुख्या./सोनपुर के अधीन स्टेशन पर वर्तमान अधिकारी विश्राम गृह एवं वीआइपी प्रतीक्षालयों में सुधार।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 79,99,998.36, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,60,000.00

**कार्य का नाम :** 142. सोनपुर मंडल– टीटीआर 60 किग्रा. 1:12 (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) – 72 सेट एवं टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) – 09 सेट डब्ल्यूसीएमएस – 03 सेट टीटीआर (एफएस) – 02 सेट एवं ग्लूड ज्वाइंट – 75 अदद।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 2,52,79,921.89, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,76,400.00

**कार्य का नाम :** 143. वमंइ/तृतीय/सोनपुर के अधीन यार्डों एवं उसके पहुँच मार्गों पर निर्मुक्त पीवे सामाग्रियों की ट्रॉलींग एवं स्टैकिंग का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 54,99,927.48, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,10,000.00

**कार्य का नाम :** 144. वैशाली – देवरिया अनुभाग के बीच सेस मरम्मति का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,84,98,904.88, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,42,500.00

**कार्य का नाम :** 146. नवनिर्मित वैशाली–देवरिया अनुभाग खंड का शेष कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 2,54,98,564.49, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,77,500.00

**कार्य का नाम :** 147. पसराहा स्टेशन पर जीसीटी साइडिंग के लिए सामान्य उपयोगकर्ता यातायात सुविधा का विकास।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,38,43,347.05, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,19,200.00

**कार्य का नाम :** 148. सोनपुर में मंरेप्र कार्यालय के अधिकारी कक्ष एवं पार्किंग के साथ साथ परिसर की मरम्मति एवं नवीनीकरण का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 99,99,911.34, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,00,000.00

**कार्य का नाम :** 115. सोनपुर मंडल में वक्रता के कारण पीएसआर को हटाने के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 2,14,52,871.55, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,57,300.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार – किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.),
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/01003/एसईई/इंजी./टी/25–26/140

# बारिश के मौसम में वार्ड-15 बन जाता है झील

## जल जमाव के स्थायी निदान की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जब कभी भी धुआंधार बारिश होती है तो पूरा मोहल्ला झील में तब्दील हो जाता है। यह तस्वीर नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड नंबर 15 के अस्पताल रोड बढही टोला की है, जहां पर मंगलवार की शाम को आए तेज बारिश में पूरा मोहल्ला झील में तब्दील हो गया है, जिससे न केवल पैदल आवागमन करने वालों की परेशानी बढ़ जाती है, बल्कि वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी कई तरह के फजीहत का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों में भाजपा नेता पिंटू रजक, मुन्ना रजक, कृष्ण यादव, पवन यादव आदि ने मांग की है कि जल निकासी की स्थाई निदान होना चाहिए, क्योंकि जब भी बारिश होती है तो यह पूरा मोहल्ला एकदम तालाब बन जाता है और बारिश खत्म होने के बाद घंटों पानी निकालने में लग जाते हैं तब तक लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, घर से लोगों को निकलना मुश्किल हो जाता है। कई तरह की परेशानियों को सामना करना पड़ता है, स्थानीय लोगों ने बताया की सड़क से नीचे मोहल्ला बनी है और यह ढलान होने कारण पूरा झील में तब्दील हो जाता है।



# हत्यारोपित 46 लाख नगद और हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले की गौरीचक थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात वर्षों से फरार कुख्यात हत्यारोपी को 46 लाख नगद और हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लालबाबू गोप, पिता स्वर्गीय हैदर गोप, निवासी निजामपुर (दीदारगंज) के रूप में हुई है। गौरीचक थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक अमित के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी सहयोग से सोमवार-मंगलवार की रात करीब 2 बजे दीदारगंज थाना क्षेत्र के निजामपुर स्थित ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 46 लाख रुपये नगद, एक पिस्तौल, 35 जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद किया। लालबाबू गोप वर्ष 2018 में गौरीचक थाना क्षेत्र के अजीमचक में हुई एक जघन्य हत्या मामले का नामजद आरोपी है। वह तब से फरार चल रहा था और पटना पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। उस पर पटना के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य संभावित सहयोगियों की जानकारी जुटाने में लगी है। गौरीचक पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## नहर में डूबने से युवक की मौत

**पालीगंज।** भेड़हरिया इंग्लिश गांव के पास बड़ी नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भेड़हरिया इंग्लिश गांव निवासी रामदयाल दास के 30 वर्षीय पुत्र अमरनाथ दास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अमरनाथ नहर में बने चचरी पार करने के दौरान नहर में गिरने से डूब गया।

## एक नजर

### विदेशी शराब के साथ तीन सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर एक्साईज पुलिस इन दोनों एक्टिव मोड में आ चुकी है और लगातार चिन्हित शराब जोन से शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी की जा रही है। ऐसे में मंगलवार को झारखंड से ट्रेन के जरिए शराब ला रहे शराब सप्लायर को ट्रेन से उतरते ही उसे दबोच लिया है, जहां तीन सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है और 86 बोतल विदेशी शराब जप्त की गई है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों शराब सप्लायर में से प्रिंस कुमार पिता निवास सिंह रीता बीघा जहानाबाद जबकि दो शराब सप्लायर मसौढी के है जिसमें सतीश कुमार पिता राम प्रसाद गंगाचक मालिकाना और अजीत कुमार पिता कमलेश प्रसाद गंगाचक मालिकाना का है। इन तीनों शराब सप्लायर अपने पिट्ठू बैग में 86 बोतल विदेशी शराब को लेकर झारखंड से आ रहे थे और मसौढी में सप्लाई करना था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर इसे बरामद किया गया है।

### सिटी पूर्वी एसपी ने मसौढी थाने का किया निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी),परिचय कुमार एवं सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा द्वारा मसौढ़ी थाना का औचक निरीक्षण किया गया। जहाँ निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, CCTNS प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की। निरीक्षण में थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का बारीक अवलोकन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समयसीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता को त्वरित न्याय दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### योजना की दी गई जानकारी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आर्थिक हल युवाओं को बल योजना के तहत मसौढी के भैसवां में आयोजित इस शिविर में छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की जानकारी देते हुए बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को सरकार के द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में बताया गया। जिला मुख्यालय से आए डीआरसीसी कुंदन कुमार यदुवंशी ने सभी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए इसका लाभ प्राप्त करने के लिए उत्साहित किया गया। इस दौरान सभी को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नियम और शर्तों के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के लिए एक छात्र द्वारा और मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत तीन छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन दिया गया। इसके अलावा कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 202 आवेदन जमा किए गए।

### भाकपा माले का राज्यव्यापी विरोध मार्च

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत धनरूआ में भाकपा माले कार्यालय से एक विरोध मार्च निकाला गया जो बडीहा मोड़ पर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारीयों ने नवादा के संतोष मांझी कम्पाउंडर जिसका लोहे के रॉड से मार कर दोनों आंख फोड़ कर नृशंस तरीके से सामंती अपराधी निर्भय पान्डे ने हत्या कर दिया है।

## 1000 लीटर विदेशी शराब का हुआ विनिष्टिकरण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक्साईज विभाग की ओर से चलाया जा रहे अभियान के दौरान जप्त देसी विदेशी शराब को जिला प्रशासन के निर्देश पर दंडाधिकारी की उपस्थिति में शराब विनिष्करण किया गया है। दरअसल जब्त विदेशी शराब में 892 लीटर विदेशी शराब एवं 100 लीटर देसी शराब कुल 1000 लीटर देसी विदेशी शराब को नष्ट मध्य निषेध कार्यालय में किया गया है। जहां अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी और एक्साईज इंस्पेक्टर उपस्थित रहे। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि हाल के दिनों में एक पिकअप वैन पर लदा हुआ भारी मात्रा में विदेशी शराब को जप्त किया गया था।

# शारदीय नवरात्र का तीसरा दिन : बड़ी पटनदेवी मंदिर का पौराणिक महत्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शारदीय नवरात्रि का आज तीसरा दिन है। देवी चंद्रघंटा कि पूजा अर्चना के साथ ही बिहार के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिखाई दे रही है। इसी क्रम में पटना के प्रसिद्ध पटनदेवी मंदिर के बाहर भी भक्तों की लंबी कतार देखी जा रही है। मंदिर प्रबंधन के द्वारा भक्तों के मंदिर आने वाले रास्तों को भी सजाया गया है। गौरतलब है कि इस बार नवरात्र 10 दिन का होगा, पूरे 9 साल बाद इस वर्ष चतुर्थी तिथि के दो दिवसीय होने से 10 दिन तक देवी माता की उपासना होगी। इस बार गजकेसरी, बुधादित्य, शुक्ल, ब्रह्मयोग और भद्र राजयोग में माता दुर्गा का आगमन हाथी पर हुआ है। देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी मां का हाथी पर आगमन शुभ, समृद्धि आर्थिक उन्नति और विकास लाने वाला माना गया है।



**बड़ी पटन देवी मंदिर का पौराणिक इतिहास और महत्व**

पटना सिटी स्थित बड़ी पटन देवी मंदिर भारत के 51 शक्ति पीठों में से एक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार यहां देवी सती की दाहिनी जंघा गिरी थी। इस मंदिर में काले पत्थर से बनी महालक्ष्मी, मां सरस्वती और महाकाली की मूर्तियां स्थापित है। मान्यता है कि यह मूर्तियां सतयुग की बनी है। पटनदेवी मंदिर की हवन कुंड को लेकर मान्यता है कि यह हवन कुंड माता सती का पाताल लोक से सीधा संबंध स्थापित करता है और इस हवन कुंड में डाली गई सामग्री सीधे पाताल लोक में चली जाती है। साथ ही यह भी मान्यता है कि यह मंदिर पटना शहर की रक्षा करता है इसलिए इसे रक्षिका भगवती पटनेश्वरी के नाम से भी जाना जाता है। वर्ष 1912 में पटनदेवी के नाम पर ही बिहार की राजधानी का नाम पटना रखा गया था। शारदीय नवरात्र के दौरान यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। देश की 51 शक्तिपीठों में प्रमुख इस उपासना स्थल में मां तीनों स्वरूपों में विद्यमान है। नवरात्र के समय में खास कर सप्तमी को महानिशा पूजा, अष्टमी को महागौरी व नवमी को सिद्धिदात्री देवी के दर्शन पूजन और हवन के लिये भक्तों की भारी भीड़ होती है। दूर्गा पूजा के दौरान नगर रक्षिका मां दूर्गा भ्रमण करती है। इस क्रम में बड़ी पटनदेवी माता एवं छोटी पटनदेवी माता के साथ खोईछा बदलने की भी परंपरा है बता दें कि बड़ी पटनदेवी मंदिर में सैकड़ों साल पहले से वैदिक पूजा सार्वजनिक होती आ रही है। वहीं, तांत्रिक पूजा भी होती है। भगवती का पट नवरात्र के दौरान आठ से दस मिनट के लिए बंद रहता है। आधी रात के समय पूजा के बाद मंदिर का पट खुलते ही ढाई बजे आरती होती है और उसके बाद भक्तगण घंटों लाइन में लगकर दर्शन करते हैं।

# एनडीए के पांच घटक दल पंच शक्ति हैं, इसे कोई हरा नहीं सकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** राज्यसभा सांसद एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा डॉ धर्मशीला गुप्ता ने आज यहां कहा है कि एनडीए के पांच घटक दल एक पंच शक्ति है और इसे कोई हरा नहीं सकता है। प्रदेश में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी।



उन्होंने मंगलवार को यहां जिले के कहलगांव विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार की उपलब्धियो और कार्यकर्ताओं के जोश एवं मेहनत से बिहार की सभी सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत होगी। विपक्ष के लोग चारो चित हो जाएंगे। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए के कार्यकर्ताओं की टोली चुनाव की तैयारी में जुट गई है। डॉ गुप्ता ने कहा कि 2005 के बाद बिहार में एनडीए की सरकार आने के बाद काफी परिवर्तन हुआ है। हर क्षेत्रों में विकास का काम हुआ है। करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं के कार्यान्वयन से आमलोगों को काफी सहूलियत हुई है। खासकर प्रदेश में हुए महिला सशक्तिकरण का डंका पूरे देश में बज रहा है। जीविका की प्रशंसा काफी हो रही है। प्रदेश अध्यक्षा ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। विशेष कर महिलाओं के रोजगार के लिए दस हजार रुपए मुहैय्या कराने की योजना शुरु की गई है। जिसके तहत महिलाएं रोजगार की शुरुआत करेंगी और इसके बाद सरकार कुल दो लाख रुपए की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस और राजद गाली गलौज की यात्रा निकाल रही है। यहां तक कि दोनों ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री की मां को भी नहीं छोड़ा। जिसे बिहार के लोग सह नहीं सकते हैं। विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता कांग्रेस और राजद को सबक सिखाने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज बिहार विकसीत राज्य बनने की ओर अग्रसर है। जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहभागिता है। कहलगांव के विधायक पवन कुमार यादव ने कहा कि राज्य में चल रही डबल इंजन की सरकार से हर तबके के लोगों में खुशिहाली आई है।हर क्षेत्रों में विकास हुआ है। कहलगांव क्षेत्र में भी तेजी से विकास योजनाएं कार्यान्वित हुई है। सम्मेलन को जदयू के विधान पार्षद प्रमोद चन्द्रवंशी, जदयू के प्रदेश महासचिव शुभानंद मुकेश, सुल्तानगंज के विधायक प्रो ललित मोहन मंडल, प्रदेश भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिलीप मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार, जदयू के जिलाध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

## दो महीने में सभी योजनाओं को हर हाल में करें पूरा : नंदकिशोर यादव

**पटना सिटी (नवबिहार टाइम्स संवाददरता)।** आज बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड परियोजना अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत पटना नगर निगम के वार्ड संख्या -56 में सड़क, नाली, गली कि कुल पांच योजनाओं कि शुरुआत की गई। जिसकी लागत सात करोड़ एकतालिस लाख आठ सौ अनठानवे रुपए है। इस मौके पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी कुमारी, स्थानीय पार्षद किसमती देवी, समाजसेवी बलराम मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। विधायक श्री यादव ने उक्त योजनाओं के विषय में बताते हुए कहा कि संवेदकों को स्पष्ट निर्देश है कि आगामी दो महीने के अंदर सभी कार्यों को पूरा कर ले ताकि जनता को राहत मिल सके।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

बिहार सरकार

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025–26**

**Email- eenkcd1aurangabad@gmail.com**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :–दिनांक 22.09.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 07.10.2025 से 10.10.2025 (03:00 बजे अपराहृण) तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 11.10.2025को 3.00 बजे अपराहन तक।
5. तकनीकीबीड खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 11.10.2025 को 3.30 बजे अपराहन में।
6. प्राईस बीड खोलने की तिथि :–सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–(क) मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद।
   (ख)अधीक्षण अभियंता, उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद।
   (ग)कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
8. निविदा खोलने का स्थान :– क्रमांक –1 में उल्लेखित स्थानों पर।
9. कार्य की विवरणी:–

| ग्रुप स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) जो लौटायी नहीं जायेगी। | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | केसहर बांया नहर के बिंदू 0.50 कि0मी0 पर"नचमत चेंहम का मरम्मति कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |

1. निविदा से संबंधी विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र ब्रिक्री स्थल से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

(ई0 मो0 आरिफ अहमद)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।

PR- 015728 ( W R D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## ‘स्वच्छता ही सेवा’ कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 25 सिंतबर को प्रखंड के लखनीबिगहा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ विभेष आनंद के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बीडीओ ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रभातफ़ेरी, पेटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा किया जायेगा। बीडीओ ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में पंचायत में कचरा से संबंधित कार्यक्रम को सफल करने के लिये स्वच्छता कर्मी का सहयोग के साथ स्वच्छता पर्यवेक्षक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गांवों में सफाई करने का निदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हम सबों की पहली प्राथमिकता है। जिसे स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम है।

# वैश्य समाज का समागम सह संवाद कार्यक्रम आयोजित

## राजनीतिक भागीदारी के लिए वैश्य समाज को आना होगा आगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** मंगलवार को तकियापर स्थित मैरेज हॉल में वैश्य समाज का समागम सम्मान सह संवाद कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद व बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, केदारनाथ गुप्ता व छावनी परिषद के नामित सदस्य आशा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि वैश्य समुदाय को एकजुट होकर राजनीतिक में भागीदारी के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यहां पर व्यवसायी व व्यापार का बडा केंद्र रहा है और बडे-बडे व्यवसायियों यहां के है। उन्होंने कहा कि जितना दानापुर विकसित करना चाहिए था। उतना विकसित नही हो सकता है। श्री पटवारी ने वैश्य समुदाय से एकजुट होकर राजनीतिक में अपनी भागीदारी के लिए आगे आना होगा तभी वैश्य समाज का विकास किया जा सकता है। राज कुमार रश्मि ने कहा कि दानापुर विधानसभा क्षेत्र से वैश्य समुदाय को टिकट देने की मांग किया है। केदारनाथ गुप्ता ने वैश्य समुदाय को अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा। इनके अलावे संजय गुप्ता, विजय भोटी, नंदू, राजेश कुमार, अखिलेश कुमार समेत आदि ने अपने- अपने विचार व्यक्त किये है।

# 2015 में नीतीश कुमार ने राजद को दे दी थी मसौढ़ी सीट, क्या इस बार जदयू करेगा वापसी....

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने मे महज कुछ ही दिन शेष बचे है ऐसे में अब चुनावी माहौल बनने लगा है। सभी दावेदार अपनी-अपने इलाकों में सक्रिय हो गए हैं। जनता के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। विकास के लंबे चौड़े वादे होने लगे हैं, तो पब्लिक भी पूछ रही है कि पुराने वादों का क्या हुआ, चौक चौराहे पर चर्चा होने लगी है, बात कर रहे हैं मसौढी विधानसभा जो सुरक्षित सीट रही है, कई मायनों में महत्वपूर्ण सीट मानी जाती है, जो फिलहाल आरजेडी का गढ़ माना जाता है। मसौढ़ी विधानसभा पर एक समय जेडीयू का अधिकार हुआ करता था, लेकिन 2015 में नीतीश कुमार ने इस सीट को लालू यादव को गिफ्ट कर दिया था। तब से यहां राजद का कब्जा है। इस बार एनडीए इस सीट को फिर से हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। मसौढ़ी विधानसभा सीट, पाटलिपुत्रा लोकसभा क्षेत्र के अंदर आती है। यह विधानसभा क्षेत्र मसौढ़ी और धनरुआ प्रखंड से मिलकर बना है, जो दोनों मसौढ़ी अनुमंडल के अधीन आते हैं। 1957 में इस विधानसभा सीट का गठन हो गया था। शुरुआती दिनों में यह सीट दृए के लिए सुरक्षित थी, लेकिन फिर इसे सामान्य सीट बना दिया गया। 2010 तक ये सीट सामान्य सीट ही रही, लेकिन उसके बाद फिर इसे दोबारा SC सीट बना दिया गया। यादव बाहुल्य इस पर 80 के दशक तक कंग्रेस ने राज किया, लेकिन उसके बाद पिछले कई चुनावों में राजद और जेडीयू के बीच कंटे की टक्कर देखने को मिली है। फिलहाल 10 सालों से आरजेडी का यहां पर विधायक है। यह क्षेत्र पहले एक ‘स्विंग सीट’ माना जाता था, जहां विभिन्न विचारधाराओं वाली पार्टियां जीत हासिल करती थीं। लेकिन आरक्षण के बाद से यह राजद और जेडीयू के बीच सीधी टक्कर का केंद्र बन गया है। 2010 में जदयू ने इस सीट पर 5,032 मतों से जीत दर्ज की थी, जो उसकी लगातार तीसरी जीत थी। लेकिन जब 2015 में नीतीश कुमार ने लालू यादव से गठबंधन किया, तब इस सीट को राजद को सौंप दिया था। इसके बाद से यहां राजद का कब्जा है। इस समय यहां से राजद की रेखा देवी विधायक हैं। मसौढी से विधायक रही पूनम देवी ने बताया कि जब हम यहाँ से विधायक थे तो काफी काम किए थे, सभी जाति समुदाय के लोगों का सहयोग मिलता रहा,कई काम हुए थे, लेकिन अब जदयु में शिर्ष नेतृत्व की भारी कमी है, ऐसे में जदयू को उभर पाना काफी मुश्किल होगा, वहीं मसौढ़ी से वरिष्ठ पत्रकार रहे उमेश शर्मा ने बताया कि यह विधानसभा क्षेत्र स्विंग सीट है, कई दलो के विधायक यहाँ रहे है। अब जदयू के नेतृत्व की कमी के कारण यहां पर आरजेडी का दबदबा है। जदयू को यहाँ काफी काम करना होगा, वहीं विधायक रेखा देवी ने कहा कि जब हम यहां सरकार में आए थे तो हमने यहां काफी काम किया है, किसानों के पटवन के लिए बेराँ बराज, समेत कई वादे पर हमने अमल किया है, ऐसे में अगर अगले बार हम चुनाव जीतकर आते हैं तो यहां डिग्री कॉलेज, अस्पतालों में डॉक्टर की कमी पर काम करेंगे।

### जातिगत समीकरण

| | |
|---|---|
| यादव - | 90 हजार |
| कुर्मी- | 40-50 हजार |
| भूमिहार- | 25-30 हज़ार |
| राजपूत- | 15-20 हज़ार |
| पासवान- | 18 हज़ार |
| मुस्लिम- | 20-25 हज़ार |
| चंद्रवंशी- | 12 हज़ार |
| महादलित- | 50-60 हज़ार |


**योजना एवं विकास विभाग**

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11/2025–26
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम):– **नैगम सामाजिक दायित्व (CSR)**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | दाउदनगर टाउन हॉल के जीर्णोद्धार कार्य एवं चहारदीवारी निर्माण। | 49.484 | 99,000.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 3 माह |
| | कुल योग :– | 49.484 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 19.09.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 06.10.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 09.10.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.10.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 015565 (Planning) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# अमृत भारत Express

## तेज रफ्तार, किफायती किराया




अमृत भारत एक्सप्रेस भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। जो आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडिल क्लास और अंत्योदय के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं।

अमृत भारत एक्सप्रेस सुविधाजनक है। इसका लुक और डिज़ाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है। देश में आज कुल 11 अमृत भारत ट्रेनें संचालित हैं, जिसमें सबसे अधिक 10 ट्रेनें बिहार के हिस्से में आई हैं।

पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्जा की बचत और यात्रियों की सुविधा- ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान हैं। यह नॉन एसी ट्रेन देश के विकास की नई रफ्तार और बदलते भारत की झलक है।

### तकनीक से बढ़ी सुरक्षा

अमृत भारत एक्सप्रेस में सुरक्षा और तकनीकी दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और EP-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। हर कोच में टॉक बैक यूनिट तथा गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट से यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है।

### रफ्तार के सारथी 2 इंजन

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को विशेष रूप से भारतीय रेलवे की नई तकनीकी क्षमताओं का उदाहरण बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह एक एलएचबी पुश-पुल ट्रेन है, जिसका तात्पर्य यह है कि इसके दोनों सिरों पर शक्तिशाली इंजन लगे होते हैं। यह विशेष तकनीक न केवल ट्रेन को अधिक तेज़ी से गति पकड़ने में मदद करती है, बल्कि कठिन मार्गों और ढलानों पर भी बेहतर नियंत्रण बनाए रखने में सहायक होती है। दो इंजनों की उपस्थिति से ट्रेन को ब्रेक लगाने में कम दूरी की आवश्यकता होती है, जिससे सुरक्षा भी बेहतर होती है।

इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ऊर्जा की खपत को कम करती है। पारंपरिक ट्रेनों की तुलना में, पुश-पुल तकनीक वाली यह ट्रेन कम ईंधन का उपयोग करती है और इंजन पर लोड भी संतुलित रहता है। इससे न केवल परिचालन लागत में कमी आती है, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी ज़िम्मेदारी दिखाई देती है।

"अमृत भारत एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है जो एकदम लो कॉस्ट पर वर्ल्ड क्लास सर्विसेस प्रोवाइड करती है इसमें 11 जनरल क्लास कोच है 8 स्लीपर क्लास कोच है।"

**अश्विनी वैष्णव,**
रेल मंत्री



### एक नजर में

- गति अधिकतम 130 किमी/घंटा
- पूरी तरह सील गैंगवे
- अधिक गद्देदार बर्थ
- 22 कोच वाली ट्रेन
- मिडिल क्लास और अंत्योदय को तोहफा



### पहली बार

- LHB कोच में इमरजेंसी टॉकबैक सिस्टम
- भारतीय रेल में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर टाइप 10 हेड
- नॉन एसी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम
- भारतीय रेल में बाहरी इमरजेंसी लाइट्स
- नॉन एसी कोच में EP-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम

### यात्री सुविधाओं की सौगात

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह हर वर्ग के यात्री को एक सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करे। यह ट्रेन भारतीय रेलवे की उन्नत सोच और तकनीकी नवाचार का बेहतरीन उदाहरण है। इसके कोचों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई अत्याधुनिक बदलाव किए गए हैं। इसमें फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर, और फास्ट मोबाइल चार्जिंग पोर्ट जैसी व्यक्तिगत सुविधाएँ शामिल हैं। यात्री रात के समय में भी आसानी से रास्ता देख सकें, इसके लिए कोच में रेडियम इल्यूमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप्स लगाई गई हैं। बोगियों में 160KN एयर स्प्रिंग बोगी सिस्टम लगाया गया है, जो यात्रा को झटकों से मुक्त और अत्यधिक आरामदायक बनाता है। यह सिस्टम यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में थकान से बचाता है।

शौचालयों में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सोप डिस्पेंसर, और एरोसोल-आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएँ दी गई हैं, जो स्वच्छता व सुरक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाती हैं। इसके अलावा, दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय, पेन्ट्री कार की उपलब्धता, बेहतर व गद्देदार सीटें, और साफ-सुथरा वातावरण यह सुनिश्चित करते हैं कि हर यात्री को बिना किसी भेदभाव के एक समान, सम्मानजनक और संतुलित यात्रा का अनुभव प्राप्त हो।

यात्रियों की मानसिक और शारीरिक सुविधा का ध्यान रखते हुए ट्रेन के इंटीरियर को अत्यधिक उपयोगी और आकर्षक बनाया गया है। सीटों की डिज़ाइन इस प्रकार की गई है कि लंबे समय तक बैठने के बावजूद शरीर को थकावट महसूस न हो। पेंट्री कार में गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था की गई है जिससे यात्रियों को सफर के दौरान स्वादिष्ट और पौष्टिक खाना मिल सके। साथ ही, कोच में बेहतर रोशनी, वेंटिलेशन, और तापमान नियंत्रण की व्यवस्था की गई है ताकि हर मौसम में यात्रा आरामदायक बनी रहे।



### हर स्थिति में आरामदायक यात्रा

अमृत भारत ट्रेन के साथ भारतीय रेल में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है। इससे ट्रेन जुड़ते या अलग होते वक्त झटका नहीं लगता और ना ही आवाज आती है। इसमें लगा डिफॉर्मेशन ट्यूब किसी टक्कर की स्थिति में झटका कम कर देता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक न केवल स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि उच्चतम गति एवं बेहतर संचालन की क्षमता भी सुनिश्चित करता है।

### देश में संचालित अमृत भारत एक्सप्रेस

- दरभंगा-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
- सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस
- राजेन्द्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
- दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
- मालदा टाउन-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
- सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- जोगबनी-ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
- सहरसा-छेहरटा (अमृतसर)-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
- मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस

# औरंगाबाद में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन व राजनीतिक दलों की हलचल तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद जिले में प्रशासनिक तैयारी और राजनीतिक सरगर्मी दोनों ने रफ्तार पकड़ ली है। जिला प्रशासन लगातार बैठकों और स्थल निरीक्षण के जरिए चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने में जुटा है, वहीं राजनीतिक दल सम्मेलन और यात्राओं के जरिए मतदाताओं को साधने की कोशिश में लगे हैं। प्रशासन की कड़ी निगरानी और नेताओं की सक्रियता ने जिले का माहौल चुनावी रंग में रंग दिया है। इसी क्रम में मगध प्रमंडल की आयुक्त सफीना ए.एन. ने समाहरणालय सभा कक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह प्रतिदिन निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं की बिंदुवार समीक्षा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव से जुड़े सभी कोषांगों को स्पष्ट और व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में सीएपीएफ़ कोषांग, नियंत्रण कक्ष कोषांग और डीईएमपी /कम्यूनिकेशन कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा और समन्वय सुनिश्चित करना था। इसमें मतदान केंद्रों की सुरक्षा, सीएपीएफ़ बलों का आवंटन, नियंत्रण कक्ष और संचार प्रणाली की कार्यक्षमता, मतदाता सूची का अद्यतन, ईवीएम और वीवीपीएटी की जांच तथा संभावित आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। नोडल पदाधिकारियों ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। दूसरी ओर राजनीतिक मोर्चे पर भी हलचल तेज है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन किया, जिसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, सांसद देवेश चंद ठाकुर, कौशलेंद्र कुमार और लवली आनंद ने कार्यकर्ताओं को जीत के लिए पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। इन सम्मेलनों में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक रणविजय सिंह, सतीश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, गोपाल शरण सिंह और रेखा पासवान भी शामिल हुए हैं. वहीं, विपक्ष ने भी चुनावी मैदान में अपनी पकड़ मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। वोटर अधिकार यात्रा के तहत लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने औरंगाबाद, अंबा, देव और रफीगंज क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों से संवाद किया और चुनावी माहौल को गरमाया। जिले में प्रशासनिक तत्परता और राजनीतिक दलों की सक्रियता से स्पष्ट है कि विधानसभा चुनाव-2025 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ-साथ मतदाताओं के दिल जीतने की सघन कोशिशें जारी हैं।

## दुर्गा पूजा पर होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान जिलेवासियों को सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर बिजली विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। विभाग की ओर से पंडालों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। इस संबंध में औरंगाबाद विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि पूजा पंडालों के समीप स्थित बिजली लाइन, पोल और अन्य उपकरणों की सघन जांच की गयी है। जहां आवश्यकता पड़ी, वहां विशेष मेंटेनेंस कार्य कराया गया है। साथ ही सभी लोहे के पोल को इंसुलेटेड पेंट कर सुरक्षित बनाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने दुर्गा पूजा आयोजकों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पंडाल एवं समारोह स्थल को बिजली उपकरणों से पर्याप्त दूरी पर ही स्थापित करें।

# औरंगाबाद से गायब दोनों नाबालिग लड़कियां प्रयागराज से बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अंबा से पिछले सप्ताह गायब दोनों नाबालिग लड़कियों को प्रयागराज से पुलिस ने बरामद कर लिया है। मंगलवार को मेडिकल चेकअप और 164 के बयान के बाद दोनों नाबालिग लड़कियों को परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने जब दोनों नाबालिग लड़कियों से पूछताछ की तो बताया कि माता-पिता पढ़ाई के लिए ज्यादा दबाव बनाते थे और घरेलू काम करने का भी दबाव बनाते थे। उन्होंने बताया कि पढ़ाई नहीं करने और घरेलू काम से इनकार करने पर उनकी पिटाई भी होती थी। नाबालिग ने बताया कि घर में पिटाई के बाद हम दोनों ने एक दूसरे से ये बात शेयर की। फिर इसके बाद हम दोनों ने एक साथ घर से भागने का प्लान बनाया और एक सप्ताह पहले घर से निकल गईं। उधर, परिजन ने बताया था कि जब दोनों लड़कियां घर से गायब हो गईं थी तो उनकी काफी खोजबीन की गई थी लेकिन जब दोनों नाबालिगों का कुछ पता नहीं चला तो फिर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद अंबा पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज करते हुए मामले में कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अंबा बाजार की पांच नाबालिग लड़कियों ने एक साथ भागने की प्लानिंग की थी लेकिन तीन लड़कियों ने जाने से इनकार कर दिया। जब पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो नहीं जाने वाली तीन लड़कियों के पास पुलिस पहुंची और उनसे घर छोड़ने वाली लड़कियों से बातचीत करने को कहा गया। जब औरंगाबाद से लड़कियों ने घर छोड़ने वाली लड़कियों को कॉल किया और कहा कि मुझे भी तुम लोगों के पास आना है लोकेशन भेजो। इसके बाद दोनों लड़कियों ने अपना लोकेशन भेजा जो प्रयागराज का था। इससे पुलिस को दोनों लड़कियों की जानकारी मिल गई। लोकेशन मिलने के बाद औरंगाबाद पुलिस प्रयागराज पहुंची और दोनों नाबालिग लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि लड़कियां घर से क्यों भागी, भागने में उनकी मदद किसने की समेत अन्य बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल दोनों किशोरियों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## एक लाख 29 हजार का काटा गया चालान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद पुलिस के द्वारा जिले में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 सितम्बर को कुल 97 वाहनों की जांच की गई जिससे कुल 1 लाख 29 हजार का चालान काटा गया।

## हथियारों की खरीद-बिक्री करने का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नवीनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हथियारों की खरीद-बिक्री करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद किया गया है। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी सियाराम सिंह के पुत्र अंशु कुमार उर्फ अंशु सिंह है। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने 60 हजार में पिस्तौल खरीदा था। पुलिस के मुताबिक अक्सर वह पिस्तौल लेकर क्षेत्र में घूमता था और लोगों में हथियार का भय दिखता था जिसकी सूचना बीते कुछ दिनों से पुलिस को मिल रही थी। सूचना के आलोक में मंगलवार को छापेमारी की गई। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी भागने लगा। पुलिस ने योजना के तहत घेराबंदी करते हुए आरोपी को गांव के बाहर पीपल के पेड़ पास गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अवैध हथियारों का खरीद बिक्री करता है। सूचना यह भी है कि आरोपी अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूमता है और अपना बर्चस्व बनाता है। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। पूछ-ताछ में उसने अवैध हथियारों का खरीद बिक्री की बात स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार देगी नीतीश सरकार : वीरेन्द्र सिंह

**पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत कर रहे जन संवाद यात्रा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि नीतीश सरकार अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देगी। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। इससे पूर्व सात निश्चय-2 के तहत घोषित 20 (10+10) लाख नौकरी और रोजगार की जगह 50 लाख (12+38) लाख नौकरी और रोजगार दिया जा चुका है। वे मंगलवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के धनगाईं ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' कर रहे थे। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों से कहा कि नीतीश सरकार राज्य के युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर 'कौशल विकास विश्वविद्यालय' की स्थापना करेगी। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, प्रशिक्षित करने



और सशक्त बनाने के लिए युवा आयोग का गठन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 4,000, डिप्लोमा/आईटीआई करने वालों को 5,000 और ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट को 6,000 रूपये प्रति माह स्टाइपेंड मिलेगा। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत वरिष्ठ कलाकारों को प्रति माह 3,000 की पेंशन और मुख्यमंत्री टूल किट योजना के तहत 2 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद ने कतेया, रामपुर, तेलडीहा, बलीकरना, भुआपुर, बटुरा, शीशो बीघा, करहारा, परसिया, कल्याणपुर, आसखाप, हाथीखाप, टिकाधर बिगहा एवं धनगाई गांव में जन संवाद यात्रा किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत भी किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडे, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख धनिक लाल मंडल, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, धनगाई पंचायत मुखिया जोगिंदर चौधरी, अरविंद पांडे, नागेंद्र सिंह, कृष्णा राम, पवन कुमार यादव, सनी पटेल, वार्ड सदस्य विमलेश कुमार, राज कुमार, विजय पटेल, अंजनी कुमार सिंह, कन्हैया कुमार सिंह, रामजी शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, अभिषेक राज, मनीष कुमार, विवेक कुमार सिंह, शशि भूषण पासवान, तुलसी महतो, रमेश महतो, प्रमोद ठाकुर, आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की जन संवाद यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# चेन स्नेचिंग गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना पुलिस ने चेन स्नेचिंग की कई वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। यह औरंगाबाद, गया और जहानाबाद जिले के कई थानों में वांटेड है जिसका पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। पकड़ा गया मुख्य सरगना गया जिले के रामपुर का रहने वाला रिंकू पंडित उर्फ बकर चोरवा है। इसके पूर्व इसके तीन साथियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। विदित हो कि 25 अगस्त 2025 को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चेन स्नेचिंग की घटना घटित हुई थी जिसमें कांड की गंभीरता के आधार पर तकनीकी एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर पूर्व में गिरोह के तीन सदस्यों को जेल भेजा जा चुका है जबकि कांड का मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चेन स्नेचिंग गिरोह के मुख्य आरोपी को गया से गिरफ्तार किया गया है। यह अपने गिरोह के अन्य साथियों के साथ बाइक या कार से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देता था। इसके खिलाफ नगर थाना के अलावा गया जिले के चंदौती, कोतवाली, रामपुर, बोधगया एवं जहानाबाद जिले मखदुमपुर में कई आपराधिक कांड दर्ज है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपराध स्वीकार किया है। उसने बताया कि उसका गिरोह ज्यादातर महिलाओं को टार्गेट करते हैं और उनके गले से चेन झपटते हैं। चेन को औने-पौने दाम पर बेच कर सभी मौज मस्ती करते हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# दहेज हत्या सहित अन्य मामलों में 20 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दशहरा पूजा और चुनाव के मद्देनजर औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में विभिन्न मामलों में 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। इस क्रम में हत्या मामले में 1, दहेज हत्या में 1, हत्या के प्रयास में 1, आर्म्स एक्ट में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 990 वाहनों की जांच की गई जिसमें 79000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 224.20 लीटर देसी, 2.25 लीटर विदेशी, 1 पिस्टल बरामद किया गया है, साथ ही 300 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। वहीं 12 वारंटों का निष्पादन किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक की माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी। एसपी ने गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के साथ लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करने का निर्देश दिया है। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## मारपीट में दो जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** छत पर पत्तल फेंकने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें वृद्ध महिला और उसका देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर स्थित भोला साव मंदिर जनता अखाड़ा वार्ड नंबर-14 की है। जख्मी लोगों की पहचान उस मोहल्ला निवासी स्व. किशोर भगत की पत्नी सतवंती देवी एवं उसके देवर रामू भगत के रूप में की गई है। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को छुड़ाया। परिजन घायल देवर-भाभी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां दोनों का इलाज जारी है। मारपीट में वृद्ध महिला का एक हाथ टूट गया है। मारपीट में जख्मी रामू भगत ने बताया कि नया मकान बनाया है जिसे देखकर पड़ोसियों को जलन हो रही है। लगातार चार दिनों तक छत पर पड़ोसियों ने चावल फेंका लेकिन मैंने किसी से कोई पूछताछ नहीं की। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शाहपुर मोहल्ले में दो पक्षों के बीच मारपीट की जानकारी मिली है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आवेदन मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जी एजुकेशनल फाउंडेशन को मिली एम.फार्मा में नामांकन लेने की अनुमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के तहत 'जी एजुकेशनल फाउंडेशन फार्मेसी कॉलेज' को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की तरफ से एम. फार्मा पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति विगत दिनों आए परीक्षण टीम द्वारा प्रदान की गई। परिषद् के तीन सदस्यीय टीम ने पूर्व में महाविद्यालय का निरीक्षण कर यह आदेश निर्गत किया है। इस उपलब्धि पर ग्रुप के डायरेक्टर अंकित राज ने ख़ुशी जाहिर करते हुए अनुमति पत्र महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक निर्भय कुमार यादव को सौंपा और कहा कि फार्मेसी में परास्नातक पाठ्यक्रम के लिए छात्रों को पलायन की जरुरत नहीं होगी। डायरेक्टर अंकित राज ने कहा कि हम अभी प्रयास कर रहे हैं कि कुछ ऐसे भी पाठ्यक्रम संचालित किये जाए जिससे छात्र अपने इस शहर में ही रहकर सेल्फ डेपेंडेड कार्य कर सके। अनुमति मिलने के बाद



महाविद्यालय के सभी अध्यापकों और छात्रों में ख़ुशी हैं कि उन्हें भी अब उच्च शिक्षा में शोध कार्य के उपयुक्त अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर राजन ममता डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित मिश्रा ने सभी अध्यापकों को बधाई दी और कहा कि यह सभी के परिश्रम का परिणाम है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## दो गांजा तस्करों को सश्रम कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंदिता सिंह ने बारून थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को 12 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि 20 किवंटल 51 किलो गांजा के साथ दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें दोनों पक्षों को सुनने के बाद मंगलवार को न्यायधीश ने अभियुक्तों को 12 साल सश्रम कारावास और एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर छह महीने का अतिरिक्त कारावास होगी। काराधीन अभियुक्त भोजपुर जिले के बीबीगंज निवासी शिवकुमार महतो एवं भोजपुर जिले के ही गजराजगंज गांव निवासी मिथलेश कुमार पासवान को 18.09.25 को दोषी ठहराया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पुअनि धनंजय कुमार शर्मा ने 28 अगस्त 21 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि सूचना के सत्यापन में एनएच-19 पर सिरिस में 20 क्विंटल 51 किलो गांजा के साथ दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था।

## चोरों ने उड़ायी लाखों की संपत्ति

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर स्थित नरेंद्र सिनेमा हॉल के निकट चोरों ने एक घर से लाखों रुपए की चोरी कर ली है। इस संबंध में गृहस्वामी शशिधर सिंह ने नगर थाना में एक आवेदन देते हुए कहा है कि सोमवार की रात्रि लगभग 1:30 बजे मेरे घर में चोरों ने घुसकर आलमीरा में रखे मंगलसूत्र, चैन, अंगूठी, लॉकेट, नेकलेस के अलावा 2 लाख रुपए नगद की चोरी कर ली है। इस घटना से मुझे काफी क्षति हुई है। उन्होंने नगर थानाध्यक्ष से आग्रह किया है कि इस संबंध में कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरों की गिरफ्तारी की जाए।

